राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 274
लखनऊ, शनिवार 6 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





वन पर्यावरण मंत्री ने पौधरोपण कर लोगों को किया जागरूक 10

महापौर ने नगर आयुक्त के साथ लगाई झाड़ू विश्व पर्यावरण दिवस पर किया जागरूक 03


### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,55,880/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,42,900/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,16,950/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,75,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### जेईई एडवांस्ड डेटा लीक के दावे पूरी तरह गलत, आईआईटी रुड़की ने अफवाहों को किया खारिज

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-रुड़की ने शुक्रवार को कहा कि लाखों जेईई (एडवांस्ड) अभ्यर्थियों के डेटा सार्वजनिक होने और उनकी निजता का उल्लंघन होने संबंधी दावे भ्रामक और तथ्यात्मक रूप से गलत हैं। संस्थान ने कहा कि और क्लाउड स्टोरेज कॉन्फ़िगरेशन से जुड़ी समस्या अस्थायी थी और इसके कारण कोई संवेदनशील जानकारी लीक नहीं हुई। इस वर्ष नोडल निकाय के रूप में परीक्षा आयोजित करने वाले आईआईटी रुड़की ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही जानकारी वास्तव में जो हुआ, उसे सही ढंग से चित्रित नहीं करती और आरोप लगाया कि गलत सूचना फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) और देशभर के कई अन्य प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए दाखिले का प्रवेश द्वार है।

### कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन पर रोक की मांग वाली याचिका पर हाई कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से किया इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने उस याचिका पर तत्काल सुनवाई से शुक्रवार को इनकार कर दिया जिसमें कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के यहां जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन के कारण कानून-व्यवस्था संबंधी चिंताएं पैदा होने की आशंका जताई गई थी। सीजेपी ने परीक्षा संबंधी गड़बड़ियों के मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर छह जून को प्रदर्शन का आह्वान किया है। सेव इंडिया फ़ाउंडेशन के वकील ने न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष याचिका का उल्लेख तत्काल सुनवाई के लिए किया लेकिन पीठ ने मामले को सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने इस महीने की शुरुआत में अपने समर्थकों और विद्यार्थियों से दिल्ली में प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया था।

### लालू-राबड़ी की जेड सुरक्षा समाप्त, तेजप्रताप की वाई श्रेणी हटाई

**पटना।** बिहार सरकार ने राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को प्रदान की गई जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा वापस ले ली है। साथ ही, पूर्व विधायक तेजप्रताप यादव की वाई श्रेणी की सुरक्षा भी हटा दी गई है। हालांकि, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद मीसा भारती और तेजस्वी की पत्नी राजश्री यादव की मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था यथावत रखी गई है। राज्य के गृह विभाग ने इस संबंध में बृहस्पतिवार को आदेश जारी किया।

### पद्म पुरस्कारों के लिए 31 जुलाई तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से होंगे नामांकन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 2027 के पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें आमंत्रित की हैं। ऑनलाइन नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। गृह मंत्रालय के अनुसार गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रक्रिया 15 मार्च से शुरू हो चुकी है। नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार की जाएंगी। पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। वर्ष 1954 में शुरू किए गए ये पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान एवं अभियांत्रिकी, लोक सेवा, व्यापार एवं उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट और विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किए जाते हैं।

# पर्यावरण दिवस पर यूपी में लगे पांच करोड़ पौधे

- मुख्यमंत्री ने किया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारम्भ
- हर व्यक्ति मां के नाम पर अवश्य लगाए एक पौधा
- नौ वर्ष में प्रदेश में लगे 242 करोड़ से अधिक पौधे





**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आम का पौधा लगाकर सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुकरैल में पौधरोपण कर 'एक पेड़ मां के नाम' महाभियान का शुभारंभ किया। यहां पर मुख्यमंत्री ने महर्षि चरक औषधि वन की स्थापना की और कपूर का पौधा लगाया। यहां पर मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों के साथ सेल्फी भी ली और मिष्ठान वितरित किया। सभी ने मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई भी दी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि हर व्यक्ति के लिए मां सबसे प्यारी होती है, इसलिए दायित्वों का निर्वहन करते हुए हर व्यक्ति मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाकर इस अभियान को आगे बढ़ाए। शहर-गांव के फॉरेस्ट को विकसित करे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण बचेगा तो प्रकृति बचेगी, प्रकृति बचेगी तो जीव सृष्टि भी बचेगी, इसलिए हर नागरिक मातृभूमि के प्रति ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 में शासन संभालते ही डबल इंजन सरकार ने वन महोत्सव के अवसर पर पांच करोड़ पौधरोपण कार्यक्रम को अपने हाथों में लिया था। उस समय प्रदेश की नर्सरी में मात्र साढ़े पांच करोड़ पौधे ही उपलब्ध थे। आज प्रदेश की नर्सरी में 55 करोड़ से अधिक पौधे तैयार हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नौ वर्ष के अंदर प्रदेश में 242 करोड़ से अधिक पौधरोपण किया गया। इससे प्रदेश का फॉरेस्ट कवर भी बढ़ा। योगी ने बताया कि अब जुलाई माह में महाभियान चलाकर एक दिन में नागरिकों के साथ मिलकर 35 करोड़ पौधे लगाये जायेंगे। विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में पांच करोड़ पौधे लगाए गए। मुख्यमंत्री ने तालों के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि हमने गोरखपुर में 1400 एकड़ में फैले रामगढ़ताल व 400-500 एकड़ में फैले चिलुआताल को संरक्षित किया है। ये नेचुरल वाटर बॉडी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले हमारे प्रदेश में केवल एक रामसर साइट थी आज प्रदेश में 13 रामसर साइट हैं। बलिया स्थित सुरहा ताल देश का 100 वां व उत्तर प्रदेश का 13 वीं रामसर साइट है।ह्व

### सीएम ने दिलाये पर्यावरण संरक्षण के पंच संकल्प

मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'उत्तर प्रदेश में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समाधान' संगोष्ठी का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने यहां प्रदर्शनी का अवलोकन किया, बच्चों को चॉकलेट दीं और आमजन को कपड़े के झोले देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। बच्चों के साथ सेल्फी ली और वृक्ष कलश में जल भी अर्पित किया। योगी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेशवासियों को पांच संकल्प भी दिलाए। इसमें एक पेड़ मां के नाम लगाना, शरारती तत्वों व जीव-जंतुओं से पेड़ों की सुरक्षा, जल संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करना और प्रकृति के अनुरूप जीवन शैली अपनाना शामिल है। योगी ने कटाक्ष किया कोई टोंटी चोरी कर रहा है, कोई पानी बर्बाद कर रहा है, ऐसे लोगों को टोकें। जल संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाएं, कोशिश हो कि पानी व्यर्थ न हो।

# वैश्विक संकट के बीच भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत : मोदी

- दमन में 2,970 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का पीएम ने किया लोकार्पण-शिलान्यास



**एजेंसी, दमन।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दमन में 2,970 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट के इस कठिन दौर में भी 140 करोड़ देशवासियों के सामूहिक प्रयासों से भारत न केवल खुद को संभाल रहा है, बल्कि दुनिया में अग्रणी देशों में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025-26 में भारत ने 7.7 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल की है, जबकि 31 मार्च को समाप्त तिमाही में देश की विकास दर 7.8 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि यह आंकड़े भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव का प्रमाण हैं। उन्होंने देशवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि भारत रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मार्ग पर तेज गति से आगे बढ़ता रहेगा। मोदी ने कहा कि दमन अब मिनी इंडिया का जीवंत उदाहरण बन चुका है, जहां देश के विभिन्न हिस्सों के लोग निवास करते हैं और भारत की विविधता की सुंदर झलक दिखाई देती है।

# स्वदेशी संसाधनों से जुड़े ऐसे विकल्प गढ़ने होंगे जो संकट के समय हमारी अर्थव्यवस्था को गतिमान रखें : राजनाथ सिंह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लखनऊ में बायो युग की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमें अपनी ज़मीन, अपने किसान, अपने संसाधन और अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा से ही,ऐसे विकल्प गढ़ने होंगे,जो संकट के समय भी, हमारी अर्थव्यवस्था को गतिमान रखें।

रक्षामंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष,पहलगाम के कायराना हमले के बाद, हमारी तीनों सेनाओं ने मिलकर ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। हमने पाकिस्तान में स्थित आतंकी ढाँचे पर, सटीक प्रहार करके, उसे ध्वस्त कर दिया। हमने आतंकियों को और उनके सरपरस्तों को, दोनों को नेस्तनाबूत कर दिया। हम ऐसा इसलिए कर पाए,क्योंकि हमारा मनोबल ऊँचा था। हमारे पास स्वदेशी हथियार थे। हम दूसरे देशों पर निर्भर नहीं थे। यही सामर्थ्य हमें ऊर्जा, ईंधन और तकनीक के क्षेत्र में भी अर्जित करना है और हम यह करके रहेंगे, ऐसा मेरा विश्वास है।

उन्होंने कहा कि सारी चीज़ें केवल पर्यावरण बचाओ के नारे तक सीमित नहीं हैं। बल्कि ये आत्मनिर्भर भारत की वह मज़बूत आधारशिला हैं, जिस पर खड़े होकर हम किसी भी बाहरी दबाव का डटकर सामना कर सकते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि जब हम आत्मनिर्भरता की बात करते हैं, तो यहीं पर पर्यावरण की बात आती है, यहीं पर जैव ईंधन, जैव सामग्री और जैव अर्थव्यवस्था की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। जब हम अपने गन्ने, अपनी फसलों, अपने जैविक कचरे से, संसाधन बनाएँगे, तो हम अपने सुरक्षा कवच को भी मज़बूत करेंगे और अपने पर्यावरण को भी बचाएँगे। यानी पर्यावरण के प्रति अपने दायित्वों को निभाते हुए, हम आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकते हैं।

### बाहुबली युग से आगे बढ़कर, आज बायोयुग' की हो रही बात

रक्षामंत्री उन्होंने कहा पर्यावरण से संबंधित पहल, सिर्फ स्वच्छता से ही संबंधित नहीं हैं। बल्कि इस तरह के काम जो हैं, वह हमारी सेनाओं का भी मनोबल बढ़ाते हैं। जब हमारी छावनी क्षेत्र स्वच्छ होते हैं, वहां बीमारियां कम होती हैं, तो वहां समृद्धि आती है और हमारे सैनिकों का मनोबल बढ़ता है। यही आत्मनिर्भरता,हमें राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर मज़बूत बनाए रखती है। हम यह समझते हैं, कि, 'जो देश अपने खेतों से ऊर्जा पैदा करता है, उसे दुनिया की ताकतें कभी झुका नहीं सकती हैं'। यह परिवर्तन डबल इंजन सरकार, यानि हमारे प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मजबूत नेतृत्व का परिणाम है। आज उत्तर प्रदेश बदल चुका है। गन्ने के मूल्य में अच्छी बढ़ोतरी की गई है और जैव अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है। 'बाहुबली युग' से आगे बढ़कर, आज 'बायोयुग' की बात हो रही है। हमें अपने ऊर्जा स्रोत को विविधता करना होगा। अपनी घरेलू क्षमता का निर्माण करना होगा। ऐसी आपूर्ति श्रृंखला खड़ी करनी होगी,जो स्वदेशी संसाधनों से जुड़ी हो।

# वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बिखराव, इस समय का सबसे बड़ा जोखिम : आरबीआई गवर्नर

**एजेंसी, मुंबई।**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि अर्थव्यवस्था के सामने इस समय सबसे बड़ा जोखिम वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों के चलते वैश्विक आपूर्ति की श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधान है क्योंकि इसका अवसर मुद्रास्फीति पर पड़ता है।

श्री मल्होत्रा आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्वैमासिक समीक्षा बैठक के बाद परंपरागत संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। आरबीआई की द्वैमासिक समीक्षा रिपोर्ट में जगह-जगह जोखिमों के उल्लेख के बारे में पूछे गये स्पष्टीकरण पर उन्होंने कहा कि ऐसी कई बातें हैं जो मुद्रास्फीति और अर्थिक वृद्धि के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं... इनमें भू-राजनीतिक संघर्ष और मानसून की कमी के अनुमान जैसे जोखिम शमिल हैं। उन्होंने कहा, देखना है कि आगे स्थिति कैसी बनती है, पश्चिम एशिया में संघर्ष कब खत्म होता है और आपूर्ति श्रृंखलाओं की बहाली में कितना समय लगता है। इसी संदर्भ में आरबीआई गवर्नर ने कहा, इन सब बातों को देखते हुए हमारी सबसे बड़ी चिंता आपूर्ति श्रृंखलाओं को लेकर है।

मुद्रास्फीति के बारे में पूछे गये सवाल पर श्री मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई मुद्रास्फीति की प्रत्याशाओं पर निगाह बनाए रखेगा। इसके लिए आरबीआई परिवारों के बीच अपनी सर्वे रिपोर्ट के साथ दूसरे स्त्रोतों से मिलने वाली सूचनाओं (डाटा) पर भी ध्यान देता है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पिछली समीक्षा के बाद वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें नरम हुई है जो मुद्रा स्फीति पर आरबीआइ के ताजा अनुमानों में झलकता है। आरबीआइ का ताजा अनुमान इस मान्यता पर आधारित है कि कच्चे तेल का भाव फिल हाल 95 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर रहेगा। उल्लेखनीय है कि आरबीआई-एमपीसी ने नीतिगत ब्याज दर (रेपो रेट) 5.25 प्रतिशत के पिछले स्तर पर तथा बैंकों के लिए उधार की सीमांत सुवधा (एमएसएफ) और बैंक दरों को 5.0-5.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है। समीक्षा रिपोर्ट में 2026-27 के लिए स्थिर कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.6 प्रतिशत वृद्धि रहने का अनुमान है। बैंक ने 2026-27 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है जो बैंक के लक्षित दायरे के अंदर ही है। आरबीआई खुदरा मुद्रास्फीति को 4 प्रतिशत या हद से हद उससे दो प्रतिशत ऊपर या नीचे के दायरे में रखना चाहता है।

# साहित्यकार राबीलाल टुडू का निधन

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



संथाली भाषा के लेखक एवं नाटककार राबीलाल टुडू का गुरुवार को पश्चिम बंगाल के बारासात के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 76 साल के थे। उनके निधन पर साहित्य अकादमी ने गहरा दुख जताया।

साहित्य अकादमी ने राबीलाल टुडू के शोक-संतप्त परिवार के सदस्यों, मित्रों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। साहित्य अकादमी के मुताबिक संताली भाषा तथा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार के प्रति राबीलाल टुडू का आजीवन समर्पण अद्वितीय रहा है। उनकी साहित्यिक यात्रा और महान योगदान को देश ने आधिकारिक तौर पर सम्मानित किया। उन्हें 2015 में उनके नाटक पारसी खातिर के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार और बाद में वर्ष 2022 में पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से बंग भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था तथा 2026 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# नया डेमोग्राफिक चेंज मंजूर नहीं हर खामी होगी दूर : अमित शाह

- बॉर्डर सुरक्षा पर गृह मंत्री का बड़ा बयान

**एजेंसी, अगरतला।**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि सरकार पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और बिहार में जनसांख्यिकीय बदलाव को बर्दाश्त नहीं करेगी और केंद्र सरकार देश की सीमाओं की सुरक्षा में मौजूद खामियों को दूर करने के लिए कदम उठा रही है।

शाह ने त्रिपुरा में लंकामुरा सीमा चौकी पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि सरकार की स्मार्ट बॉर्डर परियोजना अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और बिहार में जनसांख्यिकीय बदलाव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा... अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की निगरानी और सुरक्षा में मौजूद कमियों को दूर करने के लिए केंद्र हरसंभव प्रयास कर रहा है। गृह मंत्री ने कहा, स्मार्ट बॉर्डर की अवधारणा को प्रायोगिक परियोजना के रूप में देश के सात से आठ स्थानों पर लागू किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नयी सीमा सुरक्षा व्यवस्था में अत्याधुनिक तकनीक, स्थानीय प्रशासन और सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों की संयुक्त भागीदारी शामिल होगी।

# इस वर्ष अमेरिका ने 1076 भारतीय नागरिकों को किया निर्वासित

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



भारत और अमेरिका प्रवासन तथा लोगों की आवाजाही से जुड़े मुद्दों पर लगातार संवाद कर रहे हैं। इसी बीच अमेरिका ने इस वर्ष अब तक 1,076 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया है। पिछले साल यह संख्या 3,567 थी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में बताया कि भारत-अमेरिकी की प्रवासन एवं गतिशीलता पर हो रही चर्चा का मुख्य उद्देश्य अवैध प्रवासन पर अंकुश लगाना है। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर भी जोर है कि कानूनी प्रवासन और वैध रूप से यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

मालवीय नगर में हुए अग्निकांड के बारे में उन्होंने जानकारी दी कि इस घटना में 13 विदेशी नागरिकों की मौत हुई थी। उन्होंने बताया कि मरने वालों में नाइजीरिया से चार, किर्गिस्तान से तीन, मोज़ाम्बीक, लाइबेरिया, उज़्बेकिस्तान, बांग्लादेश, कांगो और इराक से एक-एक नागरिक हैं।

# नैनीताल की सड़क पर जादू दिखाने वाले साहिल से प्रभावित हुए आनंद महिंद्रा, शिक्षा व प्रशिक्षण में करेंगे सहयोग

**एजेंसी, नैनीताल।**







नैनीताल की सड़कों पर जादू दिखाकर जीविकोपार्जन करने वाले साहिल नाम के एक बालक की प्रतिभा ने देश के प्रमुख उद्योगपति और महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा का ध्यान आकर्षित किया है। सामाजिक माध्यमों पर साहिल का वीडियो व्यापक रूप से प्रसारित होने के बाद आनंद महिंद्रा ने उसकी कला की सराहना करते हुए उसके भविष्य को संवारने के लिए सहयोग की इच्छा व्यक्त की है।

आनंद महिंद्रा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी अपने संदेश में साहिल को अत्यंत प्रतिभाशाली बताते हुए पूछा कि क्या वह अभी भी नैनीताल की सड़कों पर जादू दिखाता है। उन्होंने कहा कि वह न केवल उसकी शिक्षा में सहायता करना चाहते हैं बल्कि जादू की कला के प्रति उसकी रुचि को भी प्रोत्साहित करना चाहते हैं ताकि वह भविष्य में विश्व के श्रेष्ठ जादूगरों में स्थान बना सके। इसके लिए उन्होंने लोगों से साहिल और उसके परिजनों से संपर्क स्थापित कराने में सहयोग की अपील भी की है। सामाजिक माध्यमों पर आनंद महिंद्रा की इस पहल की सराहना की जा रही है और इसे प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**कार्रवाई** | **चर्चित शिक्षक व कोचिंग संचालक की बढ़ी मुश्किलें**

# खान सर के खिलाफ हत्या की कोशिश व आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज

**एजेंसी, पटना।** राजधानी पटना में चर्चित शिक्षक और कोचिंग संचालक खान सर की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। कदमकुआं थाना में उनके खिलाफ हत्या की कोशिश और शस्त्र अधिनियम (आर्म्स एक्ट) से संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा दर्ज मामले के बाद पूरे घटनाक्रम ने नया मोड़ ले लिया है और जांच एजेंसियां मामले की विस्तृत पड़ताल में जुट गई हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह मामला खान सर के सुरक्षा गार्डों के बयान के आधार पर दर्ज किया गया है। गार्डों ने कथित रूप से पुलिस को बताया कि उन्हें गोली चलाने के लिए कहा गया था और आश्वस्त किया गया था कि आगे की स्थिति संभाल ली जाएगी। इसी बयान के आधार पर पुलिस ने खान सर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109 सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच के दौरान एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें खान सर की कोचिंग के बाहर सुरक्षा कर्मियों द्वारा हवाई फायरिंग किए जाने के संकेत मिले हैं। वीडियो और अन्य साक्ष्यों के सत्यापन के बाद पुलिस ने दोनों गार्डों की भूमिका की भी जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में हवाई फायरिंग की पुष्टि होने के बाद कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है।

इस बीच कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर पुलिस मुख्यालय और महानिरीक्षक (आईजी) कार्यालय स्तर पर उच्चस्तरीय बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में पूरे मामले की समीक्षा की गई तथा स्थिति पर लगातार नजर रखने का निर्णय लिया गया। पुलिस ने छात्रों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद खान सर की ओर से कानूनी तैयारी भी तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार, उनके अधिवक्ता कोचिंग संस्थान पहुंचे और मामले के दस्तावेजों का अध्ययन किया। हालांकि, इस मामले में खान सर या उनके प्रतिनिधियों की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। उल्लेखनीय है कि 2 जून को खान सर ने स्वयं कोचिंग संस्थान के बाहर फायरिंग होने का आरोप लगाया था। हालांकि बाद में उन्होंने अपने बयान में संशोधन करते हुए कहा था कि कोचिंग के बाहर कुछ लोगों ने बैनर-पोस्टर फाड़े और मारपीट की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ज्ञानबिंदु कोचिंग के निदेशक रौशन आनंद समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि उपलब्ध साक्ष्यों, वीडियो फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य तकनीकी प्रमाणों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों का गहन परीक्षण कर रही है।



# 54 के हुए सीएम योगी, जन्मदिन पर दिग्गजों ने दी बधाइयां

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी समेत कई प्रमुख नेताओं ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 54वें जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी। रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में कहा कि उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय एवं कर्मठ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनायें। सिंह ने पोस्ट में कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने सुशासन, सुरक्षा, विकास एवं जनकल्याण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। उनके दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम के परिणामस्वरूप आज उत्तर प्रदेश प्रगति और समृद्धि के पथ पर तेज गति से अग्रसर है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि वह उन्हें उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा जनसेवा के लिए निरंतर ऊर्जा और शक्ति प्रदान करें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने अपने आधिकारिक एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं। चौधरी ने कहा कि प्रभु श्री राम से आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और मंगलमय जीवन की कामना करता हूं।

बसपा प्रमुख और उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक्स पर कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य जीवन व दीर्घायु होने की भी शुभकामनायें।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने बधाई संदेश में एक्स पर कहा कि उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आपको जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं! मौर्य ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करता हूं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आपको जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना है।

### पीएम मोदी ने सीएम योगी को दी जन्मदिन की बधाई, यूपी के विकास में उनके योगदान को सराहा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और राज्य के विकास तथा प्रगति के लिए किए जा रहे उनके प्रयासों की सराहना की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बधाई देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। राज्य की प्रगति की दिशा में उनका काम बेहद सराहनीय है। उन्होंने हमेशा लोगों के जीवन स्तर को सुधारने और चौतरफा विकास सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया है। मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूँ। योगी आदित्यनाथ का मूल नाम अजय सिंह बिष्ट है और उनका जन्म 5 जून 1972 को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल के पंचूर गाँव में हुआ। सीएम योगी उत्तर प्रदेश जैसे राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण राज्य में लगातार दो पूर्ण कार्यकाल की सेवा करने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं। उन्हें हिंदुत्व विचारधारा को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है और 2017 से वे बीजेपी के चुनावी अभियानों में एक प्रमुख चेहरा रहे हैं। उनकी सरकार द्वारा कथित अवैध निर्माणों के खिलाफ़ की गई सख्त कानूनी कार्रवाइयों (जिसमें अक्सर बुलडोज़र का इस्तेमाल किया गया) के कारण उन्हें जनता के बीच बुलडोज़र बाबा का लोकप्रिय उपनाम मिला।

# अपर्णा यादव से मिले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह प्रतीक यादव के निधन पर व्यक्त किया शोक





**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**

केंद्रीय रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह शुक्रवार दोपहर अपर्णा यादव से मिलने उनके घर पहुंचे। यहां उन्होंने प्रतीक यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया। राजनाथ सिंह के साथ 5 गाड़ियों का काफिला था। वह आज से 3 दिन तक लखनऊ में ही रहेंगे। सुबह 11.30 बजे एयरपोर्ट पर उतरे। उन्हें डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और लखनऊ मेयर सुषमा खर्कवाल ने रिसीव किया।

इसके बाद रक्षामंत्री सीधे कृष्णानगर पहुंचे। वहां व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष दिवंगत अशोक मोतियानी के परिजनों से मुलाकात की थी। दोपहर 12.15 बजे राजनाथ सिंह कैंट स्थित कस्तूरबा पार्क में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इसके बाद वह उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के आवास पहुंचेंगे और फिर कालिदास मार्ग स्थित आवास पहुंचे। यहां करीब 30 मिनट तक वह आवास में ही रहे। इस दौरान उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और मेयर सुषमा खर्कवाल भी मौजूद रहीं। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया रक्षामंत्री कृष्णानगर के हिंद नगर में अशोक मोतियानी के परिजनों से मिले। इसके बाद दिवंगत कपड़ा व्यापारी दर्शन लाल कुर्ती के आवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त कर ढाढ़स बंधाया। शाम 4 बजे रक्षामंत्री दिलकुशा लॉन में आयोजित बायोयुग ग्रीन कमांड कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद शाम 5.25 बजे सीतापुर रोड स्थित सेवा अस्पताल परिसर में आयोजित रामकथा महोत्सव में शामिल होंगे, जहां जगदुरु रामभद्राचार्य की श्रीरामकथा सुनेंगे। 6 जून को राजनाथ सिंह गोमतीनगर और निराला नगर में विभिन्न परिवारों से मुलाकात करेंगे। शाम को हरदोई रोड स्थित मिलेनियम पैलेस में पश्चिम मंडल-2 के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, 7 जून को आलमबाग स्थित जीपी होटल एंड बैंक्वेट में कैंट मंडल-1 के प्रबुद्ध नागरिकों और गणमान्य लोगों से संवाद करने के बाद नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## खबरें एक नजर में

### आम तोड़ने चढ़ा युवक पेड़ से गिरा, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।** काकोरी इलाके में आम तोड़ने के दौरान पेड़ से गिरकर घायल हुए युवक की इलाज के दौरान ट्रॉमा सेंटर में मौत हो गई। मृतक दो दिन पहले ही जन्मदिन था, जिसे उसकी 11 वर्षीय बेटी ने बड़े उत्साह से साथ मनाया था। काकोरी ग्राम हलवापुर निवासी मुकेश गौतम (37) पुत्र हरीश चंद्र गौतम आम तोड़ने के लिए घर के पास ही लगे पेड़ पर चढ़े थे। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह मुंह के बल नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां से ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मुकेश आर्टिफिशियल ज्वेलरी का काम करते थे। उनकी मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों ने बताया कि करीब तीन साल पहले मुकेश का पत्नी से तलाक हो गया था। उनकी 11 वर्षीय बेटी पारी है, जिससे उन्हें बेहद लगाव था। परिवार के मुताबिक, दो दिन पहले ही मुकेश का जन्मदिन था। बेटी पारी ने पिता का जन्मदिन मनाया था और केक भी कटवाया था। परिवार जन्मदिन की खुशियों में ही था कि इस हादसे ने सबको गम में डुबो दिया। मुकेश के परिवार में मां सावित्री देवी, तीन भाई अशोक, अमित और आकाश, बहनें सीमा और कोमल हैं।

### सिक्योरिटी गार्ड की पिटाई से लोहिया संस्थान में महिला बेहोश, पुलिस जांच में जुटी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।** राजधानी लखनऊ में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में एक महिला के साथ मारपीट मामला सामने आया है। आरोप है कि संस्थान के सिक्योरिटी गार्ड्स ने महिला को इस कदर पीटा कि वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। मौके पर पहुंची पुलिस महिला सिपाहियों की मदद से महिला को धूप से छांव में ले गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, संस्थान परिसर में किसी बात को लेकर महिला और सुरक्षा कर्मियों के बीच विवाद हुआ। आरोप है कि विवाद के दौरान सुरक्षा गार्ड्स ने महिला के साथ मारपीट की। घटना के बाद महिला की हालत बिगड़ गई और वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गई। घटना के दौरान मौजूद कुछ लोगों ने महिला की हालत का वीडियो बनाने की कोशिश की। आरोप है कि सुरक्षा कर्मियों ने वीडियो रिकॉर्डिंग रोकने का प्रयास किया और लोगों को वहां से हटाने की कोशिश की। सूचना मिलने पर लोहिया चौकी इंचार्ज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बेहोश महिला की स्थिति की जानकारी ली गई। पुलिस महिला का बयान लेने की प्रक्रिया में जुटी है। मामले की जांच की जा रही है।

### घर के बरामदे में फांसी लगाकर मेडिकल असिस्टेंट के बेटे ने की हात्महत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सिसेंडी गांव स्थित हीरालालखेड़ा मजरा में हॉस्पिटल के मेडिकल असिस्टेंट के बेटे ने सुसाइड कर लिया। उसके पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। शुक्रवार सुबह हुई इस घटना के बाद गांव में पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के मुताबिक, हीरालालखेड़ा निवासी विकास यादव (19) पुत्र विनीत कुमार यादव ने अपने घर के बरामदे में सीलिंग फैन से गमछे के सहारे फांसी लगाई। वह इंटरमीडिएट पास करने के बाद इस समय बी. फार्मा में प्रवेश की तैयारी कर रहा था। सुबह करीब 9 बजे मृतक के पिता विनीत कुमार यादव ने मोहनलालगंज पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू की। परिजनों ने बताया कि पिता उजाला हॉस्पिटल में मेडिकल असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हैं। घटना के समय नाइट ड्यूटी पर थे। उसकी मां का पहले निधन हो चुका है। उसकी इकलौती बहन अपनी ननिहाल में रहती है। मोहनलालगंज के प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि युवक की आत्महत्या करने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट विस्तृत जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आईटीआई अलीगंज के जॉब फेयर में 415 अभ्यर्थी पहुंचे, हीरो मोटोकॉर्प व यूनिलीवर में भर्ती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के आईटीआई अलीगंज में शुक्रवार को रोजगार मेले में 415 अभ्यर्थी शामिल हुए। इस जॉब फेयर में हीरो मोटोकॉर्प, हरिद्वार और हिंदुस्तान यूनिलीवर, हमीरपुर भर्ती प्रक्रिया के लिए पहुंचीं। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि रोजगार मेले में करीब 415 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। इनमें लगभग 200 महिला अभ्यर्थी हिंदुस्तान यूनिलीवर की भर्ती प्रक्रिया में शामिल हुईं, जबकि करीब 100 अभ्यर्थी हीरो मोटोकॉर्प के लिए पहुंचे। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों का पंजीकरण करने के बाद लिखित परीक्षा और साक्षात्कार आयोजित किए। अभ्यर्थियों की तकनीकी दक्षता और योग्यता के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की जा रही है। हिंदुस्तान यूनिलीवर की ओर से 25 पदों पर महिला अभ्यर्थियों की भर्ती की जा रही है। चयनित उम्मीदवारों को सुमेरपुर (हमीरपुर) में तैनाती दी जाएगी। वहीं हीरो मोटोकॉर्प हरिद्वार प्लांट के लिए तकनीकी पदों पर भर्ती कर रही है। आईटीआई प्रशासन के अनुसार चयन प्रक्रिया देर शाम तक चलेगी। इसके बाद दोनों कंपनियों की ओर से चयनित अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। रोजगार मेले का उद्देश्य प्रशिक्षित युवाओं को उद्योगों से जोड़ना और उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

### नाले की सफाई के दौरान बिना सुरक्षा उपकरण के मैनहोल में उतरे कर्मचारी की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में आज नाले की सफाई के दौरान एक कर्मचारी की मौत हो गई। वह 3 साथियों के साथ चिनहट तिराहा फल मंडी के पास नाले की सफाई के लिए मैनहोल में उतारा। नाले में बने गैस की वजह से वह बेहोश हो गया। साथियों ने रस्सी की मदद से उसे बाहर निकाला और डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल ले गए। स्थिति गंभीर होने पर उसे चंदन अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, आज दोपहर में सूचना मिली कि चिनहट तिराहा फल मंडी के पास नाला सफाई कर रहे कर्मचारियों में से एक अंदर फंस गया है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची। पता चला कि ललित, लाला राम, आकाश कुमार और राजन ठेकेदार आकाश के कहने पर नाले की सफाई कर रहे थे। कर्मचारियों ने बताया कि सफाई के दौरान लालाराम नाले के अंदर फंस गए है। उन्हें हम लोगों ने स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। लालाराम के साथ काम कर रहे ललित ने बताया कि हम लोग नाले के चौंबर की सफाई करने आए थे। लालाराम जैसे ही चौंबर में उतरे, गैस बनने से वह नाले में गिर गए। उनके कंधे पर रस्सी बांधकर उनको नाले से निकाला गया। वह पूरी तरह से अचेत हो गए थे। हम लोग भी लगभग बेहोशी की हालत में पहुंच गए थे। मौके पर कोई सुरक्षा बेल्ट या रस्सी नहीं बांधी थी। सुरक्षा उपकरण के नाम पर सिर्फखिलवाड़ किया जा रहा है। घटना की जानकारी होने पर मेयर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार, चीफइंजीनियर सिविल महेश वर्मा, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी अस्पताल पहुंचे। लालाराम के साथ काम करने वाले कर्मचारियों से बातचीत की। घटनाक्रम जाना।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के अवसर पर हनुमान सेतु मंदिर पर अखिल भारतीय अखण्ड राष्ट्रवादी पार्टी, करणी सेना एवं अन्य क्षत्रिय संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं में फल वितरित किए गए तथा योगी जी की दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। *फोटो-समृद्धि न्यूज*

# अमेजन वेयरहाउस पर बीआईएस की छापेमारी बिना प्रमाणन वाले उत्पादों की बड़ी खेप जब्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की लखनऊ शाखा ने एक बड़े छापेमारी को अंजाम देते हुए ग्राम भौकापुर, बंथरा, लखनऊ स्थित अमेज़न वेयरहाउस पर छापेमारी की। इस दौरान बिना अनिवार्य प्रमाणन के ऑनलाइन बेचे जा रहे उत्पादों की एक बड़ी खेप जब्त की गई।

बीआईएस की छापेमारी में बिना प्रमाणन के खिलौने एवं सेनेटरी नैपकिंस के 789 उत्पामद शमिल थे। भारतीय मानक ब्यूरो के नियमों के अनुसार, यह उत्पाद अनिवार्य प्रमाणन (*Mandatory Certification*) की श्रेणी में आते हैं, लेकिन इन्हें बिना बी आई एस प्रमाणन के अमेज़न वेयर हाउस में भंडाकरण करके ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बेचा जा रहा था। यह गतिविधि स्पाष्ट रूप से गुणवत्तास नियंत्रण आदेश का उल्लंरघन है।

यह छापेमारी बीआईएस के वरिष्ठ निदेशक एव्र प्रमुख सुधीर बिश्नोई के दिशा निर्देशन में पीयूष एम वासेकर (निदेशक ) के नेतृत्व् में ऋत्विक आनंद (निदेशक ), शरद कुमार (सयुक्त निदेशक), जितेश कुमार (उपनिदेशक) एवं ब्यूपरो के कर्मचारियों की 9 सदस्यीकय टीम द्वारा अमेज़न वेयरहाउस में छानबीन और जब्ती की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। मौके पर बड़ी मात्रा में उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए जोखिम भरे बिना प्रमाणन वाले उत्पाद जब्त किये।

बीआईएस के वरिष्ठ निदेशक सुधीर बिश्नोई ने छापेमारी टीम की सराहना करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कार्रवाई थी।

बीआईएस की इस कार्रवाई से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बिना प्रमाणन बिक रहे उत्पादों के खिलाफ सख्त संदेश गया है। अधिकारीयों ने संकेत दिया कि भविष्य में भी ऐसे अभियानों को जारी रखा जाएगा ताकि बाजार में केवल प्रमाणित और सुरक्षित उत्पाद ही उपभोक्ताओं तक पहुंच सकें।

### लखनऊ मेट्रो ने महिलाओं के लिए शुरू की 'मायदीदी' सेवा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर लखनऊ मेट्रो ने महिलाओं को सुरक्षित और सुविधाजनक लास्ट माइल कनेक्टिविटी देने के लिए खास पहल की है। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने शुक्रवार से महिलाओं के लिए विशेष ईवी बाइक फीडर सेवा 'मायदीदी' की शुरुआत कर दी। इसकी सबसे खास बात यह है कि इस सेवा में बाइक चालक और यात्री दोनों महिलाएं ही होंगी। सेवा का शुभारंभ विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने किया। मेट्रो प्रशासन का कहना है कि यह पहल महिलाओं की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के साथ-साथ इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और महिला रोजगार सृजन में भी मदद करेगी। मेट्रो प्रशासन के अनुसार 5 जून से 13 जून तक सभी महिला यात्रियों के लिए यह सेवा पूरी तरह निशुल्क रहेगी।

# डाबर पुदीन हरा ने किया वंडर हर्ब पुदीने के महत्व को प्रतिष्ठित

**▸ पुदीना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि 3,000 साल पुरानी**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के लाभों का प्रचार करने के अपने मिशन में आगे बढ़ाते हुए भारत की सबसे बड़ी विज्ञान आधारित आयुर्वेद कंपनी, डाबर इंडिया लिमिटेड ने पुदीना को एक आश्चर्यजनक जड़ी बूटी के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए एक अभियान शुरू किया। आज यहां आयोजित एक कार्यक्रम में इस अभियान की शुरूआत की गयी। इस मौके पर डा. आशीष जायसवाल, डाबर इण्डिया लिमिटेड, कार्पोरेट कम्युनिकेशन के सीनियर मैनेजर दिनेश कुमार मौजूद थे।

इस मौके पर पुदीना की उपयोगिता को लेकर डा. आशीष जायसवाल ने बताया कि पुदीना एंटीऑक्सिडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स युक्त होता है जो मानव पेट के लिए खासकर तेज गर्मी के दौरान चमत्कार कर सकते हैं, गर्म-लहरों और बढ़ते पारा के स्तर की त्वरित आवृत्ति के साथ, गर्मियों के मौसम के दौरान स्वास्थ्य समस्याएं आम हो गई हैं। इस तीव्र मौसम में संभावित स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए, डाबर उन लोगों को पुदीना के उपयोग की सलाह देते हैं जो दिन में लंबे समय तक धूप में रहते हैं और आम गर्मी की बीमारियों के शिकार होते हैं।

डाबर इंडिया लिमिटेड, डायरेक्टर-मार्केटिंग, श्रीराम पद्मनाभन ने कहा कि जीवन शैली में विकसित रुझानों और उपभोक्ताओं के काम का पैटर्न देखने पर पता चलता है कि आज सभी बहु-मुखी कार्य कर रहे हैं और इसलिए उन्हें प्रभावी और प्राकृतिक समाधान की आवश्यकता होती है। डाबर, सबसे भरोसेमंद हेल्थकेयर कंपनी के रूप में, दैनिक स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए पारंपरिक आयुर्वेद को उपलब्ध कराने के अपने लक्ष्य को मजबूत करता है और पुदीन हरा कई गैस्ट्रिक विकारों के लिए एक निश्चित समाधान है। गर्मियों के मौसम के दौरान प्रचलित कई बीमारियों को ध्यान में रखते हुए, पुदीन हरा बदहजमी, गैस और एसिडिटी जैसे पेट की समस्याओं के समाधान में मदद करता है। डॉ. आशीष जायसवाल, आयुर्वेद फिजिशियन ने आगे कहा, आयुर्वेद की पांडुलिपियों में आधुनिक समय की बीमारियों का सबसे अच्छा प्रबंधन गहराई से छिपा हुआ है। पुदीना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि 3,000 साल पुरानी है और इसे वंडर हर्ब के रूप में नामित किया गया है।

### महापौर ने नगर आयुक्त के साथ लगाई झाड़ू विश्व पर्यावरण दिवस पर किया जागरूक



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर आज लखनऊ नगर निगम ने पूरे शहर में मेगा स्वच्छता अभियान शुरू किया। इस अभियान की शुरुआत हजरतगंज चौराहे पर गांधी प्रतिमा से हुई। यहां से महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ सड़क पर झाड़ू लगाकर विशेष सफाई अभियान को हरी झंडी दिखाई। अभियान के तहत लखनऊ के सभी 110 वार्डों में एक साथ विशेष सफाई अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। स्थानीय पार्षदों के नेतृत्व में सड़कों, नालियों, सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख चौराहों की पूरी तरह से साफ-सफाई की गई। महापौर ने हजरतगंज जीपीओ स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा की सफाई कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद उन्होंने त्रिलोकी नाथ मार्ग स्थित भाजपा मुख्यालय में विशेष सफाई अभियान की शुरुआत की और खुद श्रमदान किया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण और स्वच्छ शहर के लिए जनता की भागीदारी सबसे जरूरी है। पर्यावरण दिवस सिर्फ एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी की याद दिलाता है। इस मेगा अभियान के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जोनल अधिकारी जोन-1 ओपी सिंह सहित नगर निगम के तमाम अधिकारी और कर्मचारी जमीन पर मुस्तैद रहे। नगर निगम ने शहरवासियों से लखनऊ को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने में सक्रिय योगदान देने की अपील की है।

# लखनऊ की आंचलिक विज्ञान नगरी में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर, आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ ने 5 जून 2026 को छात्रों के बीच पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक खास जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में 200 छात्रों और आम लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और कई गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल हुए।

आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ के केंद्र प्रमुख श्री स्वरूप मंडल ने छात्रों से बातचीत की और विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व और आज की दुनिया में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। बातचीत के दौरान, उन्होंने छात्रों को इस मौके पर अपनी समझ साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया। एक छात्र ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस जागरूकता फैलाने और सभी के लिए एक स्वस्थ पर्यावरण बनाने की दिशा में काम करने का एक मौका है।

ग्रेसियस ग्लोरी इनोवेटिव एजुकेशन फाउंडेशन की फाउंडर और CEO शिखा राज ने विज्ञान पर एक लोकप्रिय व्याख्यान दिया। छात्रों से बातचीत करते हुए, उन्होंने उन्हें प्रकृति से जुड़ने और प्रकृति से प्यार करन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने एक दिलचस्प गतिविधि भी कराई जिसमें प्रतिभागियों से अपनी आँखें बंद करके खुद को जंगल में महसूस करने, ठंडी हवा का अनुभव करने और पक्षियों की आवाज़ सुनने के लिए कहा गया। सुश्री राज ने एक प्रतिज्ञा गतिविधि भी कराई, जिसमें छात्रों ने पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को स्टिकी नोट्स पर लिखा और उन्हें एक प्रतिज्ञा दीवार पर लगाया।

कई छात्रों ने नियमित रूप से पौधों को पानी देने, अपने जन्मदिन पर एक पेड़ लगाने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने और अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार आदतें अपनाने का संकल्प लिया।

इस उत्सव के हिस्से के रूप में, एक पोस्टर डिज़ाइन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विश्व पर्यावरण दिवस समारोह के तहत वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया। शिखा राज, स्वरूप मंडल, छात्रों और आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ के कर्मचारियों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और हरियाली बढ़ाने के लिए साइंस सिटी परिसर में बरगद, आंवला और आम के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें स्वरूप मंडल और शिखा राज ने पोस्टर डिज़ाइन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए। विजेताओं की रचनात्मकता और पर्यावरण जागरूकता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की गई।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। शिखा राज ने ऐसे सार्थक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ का आभार व्यक्त किया और छात्रों व आम जनता के बीच पर्यावरण जागरूकता फैलाने में संस्थान के प्रयासों की सराहना की।

### सीएम योगी के जन्मदिन पर राजधानी में पूजा-पाठ और भंडारे का हुआ आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर शुक्रवार को प्रदेशभर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दीं। कई स्थानों पर पूजा-पाठ, हवन, भंडारे और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राजधानी लखनऊ के दारुलशफा स्थित हनुमान मंदिर में मुख्यमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और प्रदेश की निरंतर प्रगति की कामना की गई। पूर्व विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह की पहल पर मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय लोग शामिल हुए। सभी ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की।

**आयोजन**

### मानसून से पहले बाढ़ से निपटने की तैयारी पर मंथन

# सेना और आपदा प्रबंधन एजेंसियों ने साझा किए अनुभव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं भारतीय सेना की मुख्यालय मध्य कमान लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में लखनऊ छावनी स्थित सूर्या ऑडिटोरियम में बाढ़ एवं बाढ़ से सम्बन्धित आपदाएंविषय पर राष्ट्रीय स्तर की नागरिक-सैन्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस बहु-हितधारक कार्यक्रम में आपदा प्रबन्धन से जुड़े विभिन्न प्रमुख संस्थानों, पूर्व चेतावनी एजेंसियों, रेस्पॉन्स फोर्सेज, राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरणों तथा वरिष्ठ नागरिक एवं सैन्य अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखण्ड एवं मध्य प्रदेश राज्यों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

आगामी मानसून सत्र को दृष्टिगत रखते हुए आयोजित यह संगोष्ठी बाढ़ जोखिम न्यूनीकरण, पूर्व चेतावनी प्रसारण, आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं पुनर्वास कार्यों से जुड़े विभिन्न हितधारकों के मध्य समन्वय एवं तैयारी को सुदृढ़ करने हेतु एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुई। संगोष्ठी के दौरान जलवायु परिवर्तन एवं जलवायु परिवर्तनशीलता से उत्पन्न चुनौतियों, जैसे अत्यधिक वर्षा, फ्लैश फ्लड, शहरी बाढ़, बादल फटना, भूस्खलन एवं आकाशीय बिजली जैसी घटनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। संगोष्ठी में सरकार और समाज के समग्र दृष्टिकोण को प्रभावी आपदा जोखिम प्रबन्धन हेतु आवश्यक बताया गया। प्रतिभागियों ने संस्थागत समन्वय, तकनीकी नवाचार एवं श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान को आपदा न्यूनीकरण को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, केन्द्रीय जल आयोग, राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र, भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, फ्लड मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन एंड सर्विलांस सेंटर एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रतिनिधियों द्वारा बाढ़ पूर्वानुमान, मौसम निगरानी, उपग्रह आधारित निगरानी, आकाशीय बिजली पूर्वानुमान, प्रभाव आधारित पूर्वानुमान, कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल एवं सचेत आधारित चेतावनी प्रसारण प्रणाली पर नवीनतम तकनीकी प्रगति से अवगत कराया गया।



भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल राज्य आपदा मोचन बल, उत्तर प्रदेश पुलिस/पीएसी (फ्लड), उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा तथा भारतीय रेल जैसी विभिन्न रेस्पॉन्स एजेंसियों द्वारा बाढ़ एवं बाढ़ सम्बन्धित आपदाओं के दौरान अपनाई गई कार्यप्रणालियों, तैयारी एवं अनुभवों को साझा किया गया।

उत्तराखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरणों द्वारा बाढ़ प्रबन्धन, पूर्व चेतावनी प्रसारण, सामुदायिक जागरूकता, आपदा न्यूनीकरण एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया से सम्बन्धित अपने अनुभव, श्रेष्ठ कार्यप्रणालियां एवं नवाचार प्रस्तुत किये गये। प्रस्तुतियों में राज्य-विशिष्ट बाढ़ प्रबन्धन रणनीतियों, सामुदायिक तैयारी, तकनीक आधारित हस्तक्षेपों एवं विभिन्न एजेंसियों के मध्य समन्वय तंत्र पर विशेष बल दिया गया।

संगोष्ठी ने विभिन्न आपदा प्रबन्धन एजेंसियों एवं हितधारकों की भूमिका एवं उत्तरदायित्वों को समझने तथा नवीन प्रवृत्तियों, तकनीकी प्रगति एवं श्रेष्ठ प्रथाओं के आदान-प्रदान हेतु एक प्रभावी मंच प्रदान किया। विचार-विमर्श के दौरान आपदा संवेदनशीलता, आपदा प्रबन्धन में तकनीक का उपयोग, प्राकृतिक आपदाओं की आर्थिक लागत, इन्सीडेन्ट रिस्पॉन्स सिस्टम तथा पूर्व आपदाओं से प्राप्त सीख पर विशेष चर्चा की गई।

# हरित भविष्य के संकल्प के साथ रोजा पावर में पर्यावरण दिवस का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई, जल संकट और जैव विविधता के नुकसान जैसी वैश्विक समस्याओं के बीच भी रोजा पॉवर पर्यावरण संरक्षण के सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रही है। इसी प्रतिबद्धता के साथ आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रोजा पॉवर के द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रोजा पॉवर के अधिकारियों, उनके परिवार जनों एवं स्थानीय समुदाय में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। रोजा पॉवर के अधिकारियों, महिलाओं एवं बच्चों की सक्रिय भागीदारी के साथ संयंत्र परिसर में वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संदेश दिया। इस सामूहिक प्रयास ने यह दर्शाया कि पर्यावरण संरक्षण केवल संस्थागत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता से ही संभव है। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक करते हुए पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में सभी उपस्थित जनों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और उन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान रोजा पॉवर के स्टेशन डायरेक्टर श्री हृदय सिंह तोमर ने विश्व पर्यावरण दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी से पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, ऊर्जा संरक्षण तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि रोजा पॉवर पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूर्णतरू समर्पित है तथा पर्यावरण संरक्षण को अपनी कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग मानती है। उन्होंने ई एच एस विभाग के प्रमुख श्री मनोहर कुमार एवं उनकी टीम द्वारा किए गए सफल आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान रोजा पॉवर टाउनशिप की महिलाओं एवं बच्चों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर रोजा पॉवर के उमेश यादव, सुरेंद्र सिंह, शुवेंदु डे, धर्मेंद्र बैस, जितेंद्र निगम, मनोज कुमार सिंह, अविनाश शुक्ला आदि कई अधिकारी उपस्थित रहे।



## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक ने किया पौधरोपण

**कांट, शाहजहांपुर।** प्रदेश सरकार के एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत अरविंद कुमार सिंह ने नगर पंचायत काँट स्थित कान्हा गौशाला पहुंचकर पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने संरक्षित गायो को चना गुड केला भी खिलाये वही दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। विधायक ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी नूरजहां, रामरहीस पाल, हरजीत सिंह, मुनीश भोजवाल, सतीराम पाल सहित नगर पंचायत के कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।



## विश्वविद्यालय परिसर में हुआ पौधरोपण

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस- प्री कैंपेन के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस तथा उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के 55वें जन्मदिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में पोस्ट ऑफिस एवं होम्योपैथिक चिकित्सालय के समक्ष पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह की प्रेरणा से आयोजित हुए इस कार्यक्रम में कुलसचिव श्री वीरेंद्र कुमार मौर्य सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगणों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारम्भ डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. कमलेश गौतम द्वारा पौधरोपण कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियां केवल एक दिवस मनाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिकाधिक पौधरोपण करने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया।

वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. आदर्श पाण्डेय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरुण कुमार यादव ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस दृ प्री-कैंपेन के अंतर्गत पर्यावरण जागरूकता, स्वच्छता तथा हरित जीवन शैली को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण का उद्देश्य केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि समाज में पर्यावरणीय चेतना का प्रसार करना तथा लोगों को प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना भी है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा अधिकाधिक पौधरोपण का संकल्प लिया। इस मौके पर डा. अवनीश मिश्रा, प्रो राकेश कुमार आजाद, प्रो आलोक मिश्रा, प्रो प्रभात शुक्ल, प्रो आदित्य कुमार सिंह, डॉ शिशिर शुक्ला, डा.कविता भटनागर, डा बलवीर शर्मा सहित समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ पौधारोपण

**खुटार, शाहजहांपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकास खंड खुटार परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक पौधे लगाकर हरित वातावरण के निर्माण का संदेश देना रहा। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी आशीष सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए और उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष न केवल शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता और संतुलित पर्यावरण बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पौधरोपण कार्यक्रम में निवर्तमान मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी, पत्रकार आयुष त्रिवेदी, मोहित शर्मा, उत्तम शुक्ला, अवनीश अवस्थी, मुनीश कुमार, एडीओ पंचायत धर्मेंद्र अवस्थी, ग्राम पंचायत अधिकारी जय प्रकाश मिश्रा, राजेश पॉल इंद्रजीत शर्मा, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन महानगर क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर किया गया, जिसमें सुभाषनगर स्मार्ट रोड पर आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में नगर आयुक्त महोदया सौम्या गुरुरानी, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य अन्य अधिकारी व पार्षदगण तथा अन्य जन-प्रतिनिधियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम पौधों को रोपित किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, हरित क्षेत्र बढ़ाने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प भी लिया। नगर निगम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम हरित एवं स्वच्छ शहर के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर प्राधिकरण परिसर में हुआ पौधरोपण

**शाहजहांपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय परिसर में सचिव अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आम, अमरूद व श्रीफल आदि के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास का संदेश दिया गया। सचिव अजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित बनाए रखते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए पौधरोपण किया तथा पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण द्वारा भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास को बढ़ावा देने हेतु ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।



# स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान

▸ विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम में विशेष बैठक आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी की उपस्थिति में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2026, स्रोत स्तर पर कूड़ा पृथक्करण, स्वच्छता जागरूकता तथा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य अन्य अधिकारी व पार्षद तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों, स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण एवं जनसहभागिता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने नागरिकों से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए स्वच्छ एवं हरित शाहजहाँपुर के निर्माण हेतु सामूहिक सहभागिता और जनजागरूकता बढ़ाने पर बल दिया।



# मजाक बनता विश्व पर्यावरण दिवस

**अंकित पांडेय**

**पुवायां, शाहजहांपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस है दुनिया भर में पर्यावरण को बचाने के लिए तमाम उपाय अपनाया जा रहे हैं। जिस प्रकार ओजोन परत के निरंतर हो रहे क्षरण से बढ़ता हुआ तापमान चिंता का विषय बना हुआ है। भयंकर गर्मी में वातानुकूलित कमरों में लगने वाले एसी के अनुचित उपयोग से कारण देश के विभिन्न शहरों में हो रही अग्नि दुर्घटनाएं भी आज हमारे सामने चुनौती बनकर खड़ी हुई है। साल भर भाँति भाँति प्रकार से पर्यावरण का चीर हरण करने वाले लोगों के चित्र आज सोशल मीडिया पर तैर रहे हैं, जो पर्यावरण के प्रति हमारी गंभीरता को प्रदर्शित कर रहे हैं। बालकनी के गमलों में सजावटी पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का अथक प्रयास करने वाले शायद यह भूल जाते हैं कि जामुन, गूलर , नीम ,आम , नीम, पीपल ,बरगद आदि के पौधे यदि नहीं होंगे तो हमारी सांसे भी संकीर्ण होकर रह जाएंगी। मानव सभ्यता के आरंभ से लेकर आज तक प्रकृति और पर्यावरण का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रहा है। प्राय यह देखने में आया है कि मनुष्य बिना भय या स्वार्थ के किसी को नहीं मानता है। वातावरण असंतुलन के चलते प्रकृति जब अपना विकराल धारण करती है तो पूरी सृष्टि ही त्राहिमाम करने लगती है। कोरोना संकट की घड़ी में प्राण वायु आपूर्ति को लेकर के खड़े हुए विकराल संकट से निपटने के लिए सभी मानव तैयारियां धरी की धरी रह गई थी। ऐसे तमाम धन कुबेर जो यह सोचते थे कि मेरे पास तो खजाने भरे हुए हैं वे जीवन जीने के लिए हर वस्तु को आसानी से खरीद सकते हैं, लेकिन जब प्रकृति ने अपना रौद्र रूप दिखाया तो ऑक्सीजन की भारी किल्लत में स्वयं को धन्ना सेठ खाने वाले परिवार भी इस प्राकृतिक आपदा से अछूते नहीं रह पाए। कहने का तात्पर्य यह है कि हमें पर्यावरण के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करके प्रकृति और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए स्वार्थ से ऊपर उठाना पड़ेगा। हमारा स्वार्थ इतना प्रबल हो गया है कि धन लोलुप लोग तमाम स्रोतों से पता चलता है कि आवास और कल कारखानों की स्थापना के लिए भूमाफिया द्वारा जंगल निरंतर ऊजड़ रहे हैं जिसमें तमाम स्थानों पर सरकारी तंत्र की भी भूमिका भी पाई गई है। तमाम शहरों के निकट हो रही अवैध प्लाटिंग की अनुमति देने वाले धन लोलुप अधिकारी और कर्मचारी धड़ल्ले से कृषि योग्य भूमि पर अवैध प्लाटिंग की अनुमति दे रहे हैं जिसमें तमाम सफेदपोशों की मूक सहमति भी देखी जा सकती है। ऐसे में सरकार के साथ-साथ ही पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए जन जागरण अभियान चलाकर तमाम स्वयंसेवी संगठन गिलहरी की भांति अपना प्रयास तो कर रहे हैं लेकिन जनमानस की उदासीनता के चलते उन्हें सफलता आंशिक रूप से ही प्राप्त हो रही है।क्योंकि अक्सर यह देखा जाता है कि पौधे लगाने के बाद अधिकांश पौधे पशुओं के द्वारा नष्ट कर दिए जाते हैं , कुछ पानी की कमी या देखभाल के अभाव अगले पर्यावरण दिवस पर कुछ दो-चार गिनती के ही पौधे सुरक्षित बच पाते हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हमारे देश में वहीं दूसरी ओर प्रतिवर्ष तमाम विद्यालयों में मात्र धन उगाही के लालच में पुस्तकों के एक आध चैप्टर में हेरा फेरी करके उन्हें अगले वर्ष के लिए काम न आने के योग्य करार देकर रद्दी की टोकरी में डालना पड़ता है। जिम्मेदार भले ही इस पर लाख पर्दा डालने की कोशिश करें यह बिंदु भी हरे भरे पेड़ों के वृहद कटान के लिए जिम्मेदार है। यदि समय रहते हम नहीं जागे तो आने वाली पीढियां को इसके भयंकर दुष्परिणाम भुगतने होंगे।

▸ हर वर्ष लाखों पेड़ लगाए जाते है पर सुरक्षित एक भी नही

## खबरें एक नजर में

### राजन का आर्मी टेक्निकल में चयन पर स्कूल प्रबंधक ने किया सम्मानित

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** एम ए पब्लिक स्कूल के छात्र रहे राजन मिश्रा का आर्मी टेक्निकल में चयन होने पर उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। स्कूल के प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने मिठाई खिलाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया कहा कि प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई प्रतिभा अवश्य छिपी होती है जरूरत है उस प्रतिभा को पहचान कर उसे सही दिशा देकर आगे निकालना वही काम एम ए पब्लिक स्कूल के शिक्षकों ने किया जिस तरह राजन मिश्रा ने कड़ी मेहनत और संघर्ष के बाद मई 2026 में घोषित हुए परिणाम में सफलता हासिल कर गांव एवं स्कूल का नाम रोशन किया, वह एक मिशाल है। जो बच्चे मेहनत कर अपने आप को तराशने का काम करते हैं वह जीवन में सफल एवं समृद्ध बन जाते हैं। इस मौके पर अब्दुल रहमान खान, कृष्ण पाल, रोहित कुमार, रोहित यादव, अर्पित यादव, ऋषभ पाल, जशनप्रीत कौर, पल्लवी राठौर, अनिल कुमार मिश्रा, इरम मंसूरी ने राजन मिश्रा को मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



### गढ़िया रंगीन में करोड़ों की सरकारी संपत्तियों पर कब्जे का आरोप, डीएम से उच्चस्तरीय जांच की मांग

**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** गढ़िया रंगीन ग्राम सभा में सरकारी संपत्तियों, तालाबों, बाजार भूमि, खेल मैदान और ग्राम पंचायत की आय से जुड़े कथित घोटालों को लेकर एक बार फिर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। गांव निवासी भगवान शरण शर्मा ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारियों और कुछ राजस्व कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि ग्राम सभा की करोड़ों रुपये मूल्य की भूमि पर वर्षों से अवैध कब्जे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय आंखें मूंदे बैठे हैं। आरोप है कि ग्राम सभा की आय का सबसे बड़ा स्रोत मानी जाने वाली गढ़िया रंगीन बाजार की तहबाजारी का ठेका पिछले कई वर्षों से नहीं कराया गया, जिससे ग्राम सभा को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि ग्राम सभा की दुकानों पर फर्जी मुख्तारनामा और कथित फर्जी बैनामों के जरिए कब्जा कराया गया। सर्राफा बाजार क्षेत्र में स्थित इन दुकानों की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि प्रभावशाली लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी संपत्ति को निजी संपत्ति में बदलने की कोशिश की गई। खेल मैदान की चारदीवारी से हजारों ईंटें गायब होने, ग्राम समाज की भूमि को निजी खेतों में मिलाने तथा तालाबों पर लगातार कब्जे होने के आरोप भी लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि पुराने अभिलेखों के आधार पर निष्पक्ष पैमाइश करा दी जाए तो बड़े पैमाने पर सरकारी भूमि पर कब्जों का खुलासा हो सकता है। सबसे गंभीर आरोप ग्राम सभा की वित्तीय व्यवस्थाओं को लेकर लगाए गए हैं। शिकायत में कहा गया है कि प्रधान के अधिकार सीज होने के बाद भी उसी परिवार से जुड़े लोगों को समिति में महत्वपूर्ण भूमिका देकर वित्तीय लेन-देन कराए गए, जिससे पूरी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए हैं। फिलहाल प्रशासनिक जांच की मांग के बाद पूरे मामले पर ग्रामीणों और स्थानीय लोगों की नजर बनी हुई है। जांच के बाद ही आरोपों की सत्यता और वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# बच्चों को पौध वितरित कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के मुड़िया मोड़ स्थित एम ए पब्लिक स्कूल ग्लोरियस पब्लिक स्कूल में बच्चों को पौधे वितरित कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि फूल सिंह शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रामकुमार यादव ने पर्यावरण संरक्षण पर संदेश देते हुए कहा कि प्रत्येक छात्र एवं नागरिक को साथ मिलकर पर्यावरण को संरक्षित करने का कार्य करना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ियां संसाधनों का प्रयोग सुचारू रूप से कर सकें कैंसर व अन्य बीमारियां प्रकृति में असंतुलन के कारण उत्पन्न हो रही हैं। प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण से विभिन्न प्रकार की बीमारियां समाज में पैर पसार रही हैं जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर अपने पर्यावरण को हरा-भरा बनाना चाहिए एम ए पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक सर्वेश सिंह चैहान ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार बढ़ते हुए जल प्रदूषण से हमारी नदियां प्रदूषित हो रही है जिससे जल में रहने वाले जीव प्रभावित हो रहे हैं वरिष्ठ अध्यापक कृष्ण पाल ने बताया कि बढ़ता प्रदूषण जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा दे रहा है जिससे वैश्विक स्तर पर पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है एवं महासागरों का जलस्तर भी बढ़ रहा है सभी बच्चों एवं देश के हर नागरिक को अपने-अपने स्तर से पर्यावरण एवं पृथ्वी का संरक्षण करना आवश्यक हो गया है। इस मौके पर वासुदेव सिंह चैहान ऋषभ पाल जशनप्रीत कौर ने भी बच्चों को संबोधित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया संरक्षक इरम मंसूरी ने सभी का आभार व्यक्त कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर अर्चिता सिंह, नेहा सक्सेना, अमन दीप कौर, रितिक मोहम्मद, अदीब मंसूरी, मोहम्मद अरीज मंसूरी रोहित कुमार, राजन मिश्रा, अर्पित यादव, पल्लवी राठौर, अमन पाल आदि मौजूद रहे।



# ठाकुर रोशन सिंह महाविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**खुदागंज,शाहजहांपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ठाकुर रोशन सिंह संघटक राजकीय महाविद्यालय, कटरा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं सहायक आचार्यों ने जामुन, पाकड़, नीम, मीठी नीम, आंवला आदि के पौधे लगाए। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुज सक्सेना के निर्देशन में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रेनू पाण्डेय द्वारा किया गया जिसमें कल्पना, सोनम, देवकी, ईशा आदि ने विशेष सहयोग किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुज सक्सेना ने कहा कि पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए पर्यावरणीय संतुलन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली अपनाएँ और अधिक से अधिक पौधारोपण करें। डॉ. रेनू पाण्डेय ने विद्यार्थियों से कहा कि वे समाज में पर्यावरण संरक्षण के वाहक बनें तथा इस ग्रामीण अंचल में पर्यावरणीय समस्याओं के निदान हेतु सार्थक पहल करें। कार्यक्रम में सहायक आचार्य डॉ. महिपाल सिंह, डॉ. अमित कुमार, डॉ. सुधा देवी, डॉ. सुरजीत सिंह शिक्षणेत्तर कर्मचारी दिलीप सिंह, राजेंद्र, मनोज सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# एसपी ने परेड का निरीक्षण कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

▸ विश्व पर्यावरण दिवस पर पुलिस लाइन में किया एसपी ने पौधारोपण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एसपी सौरभ दीक्षित ने रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अलावा विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण भी किया है। एसपी सौरभ दीक्षित द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ग्रहण कर परेड का गहन एवं सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में सम्मिलित अधिकारी एवं कर्मचारियों के टर्नआउट, वर्दी, अनुशासन, ड्रिल, शारीरिक दक्षता, शस्त्र संचालन एवं समस्त व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही पुलिस बल को उच्च स्तरीय अनुशासन, बेहतर कार्य निष्पादन एवं जनसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। परेड निरीक्षण उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के विभिन्न थानों एवं कार्यालयों में उत्कृष्ट, उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों का सम्मान संगठन में सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देता है तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी अधिक समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित करता है। इसी क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में पौधारोपण किया गया।



### प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार प्राप्त करने वाले अधिकारी, कर्मचारी

सिपाही रोहित कुमार, प्रवीन कुमार, एसआई गौरव सिंह, सिपाही विभार त्यागी, सुमित कुमार, हेड कांस्टेबिल महेशपाल सिंह, सिपाही रोहित सांगवान, रोहित कुमार नरेन्द्र कुमार को पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासित कार्यशैली एवं विभागीय दायित्वों के प्रति समर्पण की सराहना की गयी तथा उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते रहने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की सघन तलाशी सुनिश्चित की जाएः डीएम

**आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर लिखित परीक्षा को लेकर बैठक सम्पन्न**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के संबंध में केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा संबंधित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। बैठक जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में 8 जून, 9 जून, 10 जून को 13 परीक्षा केन्द्रो पर प्रत्येक दिवस दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक द्वितीय पाली अपरान्ह 03:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ड्यूटी पर तैनात सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की सघन तलाशी सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या प्रतिबंधित सामग्री को अंदर ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। सभी पुलिसकर्मी और केंद्र व्यवस्थापक निर्धारित समय से पूर्व अपने केंद्रों पर उपस्थिति दर्ज कराएं। परीक्षा केंद्रों के बाहर अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने दी जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा जाए। ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। उन्होंने सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा पल-पल की रिपोर्ट कंट्रोल रूम को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि परीक्षा ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जनपद पुलिस द्वारा अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे समय से अपने परीक्षा केंद्र पर पहुँचें तथा परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, विद्युत एवं शौचालय की साफ सफाई व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। एआरएम रोडवेज परीक्षार्थियों के आने जाने के लिए पर्याप्त बसों की व्यवस्था करें। एआरटीओ यह सुनिश्चित करें कि परीक्षा दौरान ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा आदि वाहनों के किराया निर्धारित से अधिक नहीं होना चाहिए। खाद्य सुरक्षा विभाग फूड सेफ्टी के सैंपल लेते रहें और खाने पीने की वस्तुएंओं पर ओवर रेटिंग नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने जनपद में आने वाले परीक्षार्थियों के लिए रोडवेज बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं बरेली मोड़ हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हथोड़ा चौराहा पर भी कंट्रोल रूम बनाया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत पांडे सहित सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

**जनपद में बनाएं गए परीक्षाकेंद्र**

- राजकीय इंटर कॉलेज, खिरनी बाग
- इस्लामिया इंटर कॉलेज
- राजकीय पॉलीटेक्निक कांट रोड
- देवी प्रसाद इंटर कॉलेज
- आर्य महिला पीजी कॉलेज
- आर्य महिला इंटर कॉलेज
- श्री हरकुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज
- जनता इंटर कॉलेज
- स्वामी सुकदेवानंद कॉलेज, ब्लॉक-बी
- स्वामी सुकदेवानंद कॉलेज, ब्लॉक-ए
- जीएफ कॉलेज, ब्लॉक-1
- जी एफ कॉलेज, ब्लॉक-2
- स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज

## करंट लगने से प्राइवेट लाइमैन की मौत



**कुरियां कलां, शाहजहांपुर।** लाइट सही करने के दौरान प्राइवेट लाइमैन की करंट लगने से मौत हो गयी। उसकी मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। युवक अपने परिवार को भरण पोषण करता था। उसके मरने के बाद परिवार के ऊपर आर्थिक संकट के बादल छा गए। गांव निकरा में राधेश्याम पुत्र बालक राम प्राइवेट लाइन में मजदूरी करता था। गांव के ही मुंशी घर से बुलाकर अपनी समर की लाइट सही कराने के लिए ले गए थे। खेत पर खंभे पर चढ़ने पर अचानक लाइट आने से मौके पर ही मृत्यु हो गई। गरीबी के चलते चार बच्चे मां-बाप बहन की परवरिश करने के खातिर वह यह कार्य करता था लेकिन आज दुनिया छोड़कर चले गए। छोटे दो लड़के दो लड़कियां अपने पीछे छोड़कर चला गया। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

## खबरें एक नजर में

### ग्राइंडर लगने से मिस्त्री गंभीर घायल, सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर शाहजहांपुर।** कम करते समय अचानक ग्राइंडर लग जाने से मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ काम करने वालों ने घायल को तत्काल सीएचसी पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के गांव ग्वार निवासी मिस्त्री जयवीर एक सरदार के झाले पर निर्माण कार्य कर रहे थे। शुक्रवार अपरान्ह करीब दो बजे काम करने के दौरान अचानक गिलेंडर लग जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे से अफरा-तफरी मच गई। जयवीर के एक साथी ने उन्हें तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी सीएचसी पहुंच गए।

### महिला कल्याण विभाग द्वारा किया गया पौधरोपण, बेटी बचाओ, पेड़ लगाओ का दिया गया संदेश



**शाहजहांपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज महिला कल्याण विभाग द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के निर्देशन में कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ महिलाओं की सहभागिता को बढ़ाना रहा। अमृता दीक्षित ने कहा कि पेड़ और बेटी दोनों का रिश्ता जीवन से है। जिस तरह बेटी परिवार को आगे बढ़ाती है, उसी तरह पेड़ धरती को। महिला कल्याण विभाग की हर महिला आज संकल्प ले कि वो साल में कम से कम 1 पेड़ जरूर लगाएगी और उसकी देखभाल करेगी। बेटी बचाओ, पेड़ लगाओ, हरियाली अपनाओ, प्रदूषण भगाओ नारे लगाए गए। महिलाओं को बताया गया कि पेड़ लगाने से ऑक्सीजन बढ़ती है और बेटियों का भविष्य सुरक्षित होता है। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, जेंडर स्पेशलिस्ट कीर्ति मिश्रा, रश्मि देवी आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### परौर क्षेत्र में एक और किशोर की रामगंगा में डूबकर मौत, परिवार में मचा कोहराम



**मिर्ज़ापुर (शाहजहांपुर)।** परौर थाना क्षेत्र के ग्राम हैदलपुर के समीप शुक्रवार को भी रामगंगा में एक किशोर की डूबकर मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परौर थाना प्रभारी जुगुल किशोर पाल और सीओ जलालाबाद ज्योति यादव के गांव गांव जाकर ग्रामीणों को लाख समझाने के बाद भी रामगंगा के तटवर्ती गांवों के लोग अपने बच्चों को रामगंगा में नहाने से रोक नहीं पा रहे हैं। जिससे युवाओं और किशोरों के रामगंगा में डूबने की घटनाएं लगातार हो रहीं हैं। हैदलपुर गांव निवासी प्रमोद कश्यप ने बताया कि शुक्रवार अपराह्न करीब तीन बजे उसका 17 वर्षीय पुत्र विजय कश्यप गांव के हमउम्र बच्चों के साथ रामगंगा नहाने गया था। नहाते समय विजय पैंटून पुल के समीप गहरे पानी में चला गया। उसे डूबते देख साथ नहा रहे बच्चों ने शोर मचाया,तब आसपास के ग्रामीणों ने विजय को रामगंगा से बाहर निकाला। परिजन डूबे हुए किशोर में जीवन की उम्मीद के साथ उसे लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान ले गए,जहां डाक्टर आर्येंद्र सिंह यादव ने किशोर का परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक किशोर की मां सुनीता ने रोते बिलखते हुए बताया कि उसके पांच बच्चे थे। इनमें बड़ा 17 वर्षीय मृतक विजय था। जबकि 15 वर्षीय संतोष,11 वर्षीय पुत्री विनीता व दो वर्षीय पुत्र आदित्य हैं।

### बात न मानने को लेकर था विवाद, परामर्श केंद्र से राजी खुशी विदा

**शाहजहांपुर।** एसपी सौरभ दीक्षित के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया। जिसमें 25 पत्रावली पर सुनवाई हुई तथा 1 दम्पति को विदा किया गया। थाना बंडा के एक दम्पती जिनकी शादी लगभग 4 साल पूर्व हुई थी। पीड़िता डेढ़ महीने से अपने मायके में रह रही थी और उसका पति अपनी चाची के कहने में ज्यादा चलता है, जिस कारण वह उसके साथ मारपीट करता था। पुलिस को बताया कि दोनों के मध्य एक दूसरे की बात न मानने को लेकर विवाद था, इसी बात पर दोनों के मध्य कहासुनी हो गयी थी। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया और दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया। जिसके बाद दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है। परामर्श उपरांत दोनों ने आपसी सहमति से सुलह समझौता कर लिया है । दोनों को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया। इस मौके पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र उपनिरीक्षक मधु यादव, महिला परामर्शदाता शशि प्रभा कौशल, महिला मुख्य आरक्षी चंद्रकांता शर्मा, मोनिका कुमारी, नेहा चौहान, निशा मिश्रा, रश्मि चौधरी, साकेत आदि मौजूद रहे।

# जन चौपाल में अधिकारियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**विभागीय अधिकारियों को दिए ससमय निस्तारण के निर्देश**

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम के निर्देश पर गुरुवार को विकासखंड कांट सहित जनपद की विभिन्न न्याय पंचायतों में जन चैपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीणों की समस्याओं को गांव स्तर पर सुनकर उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किए गए न्याय पंचायत रावतपुर में आयोजित जन चैपाल की अध्यक्षता एसडीएम सदर संजय पांडेय एवं जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह ने की। वहीं न्याय पंचायत कौढ़ा में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी तहसीलदार सदर प्रियंका चैधरी ने की। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए कार्यक्रम में विकास कार्यों, राजस्व संबंधी मामलों, पंचायत व्यवस्थाओं तथाजनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर एडीओ पंचायत अरविंद शर्मा, अजय भदौरिया, ग्राम सचिव संजीव भारद्वाज, आकांक्षा अग्निहोत्री, विनेश कुमार, अनिल कुमार वर्मा, पुष्पा बाजपेयी, निशा कुशवाहा, कानूनगो उमेश प्रताप सिंह, अवधेश प्रजापति सहित संबंधित लेखपाल एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जीएफ कालेज में धूमधाम से मनाया गया पर्यावरण दिवस

**शाहजहांपुर।** जी एफ कॉलेज में पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वस्थ पर्यावरण जरूरी है। आज तापमान में वृद्धि,वायु में प्रदूषण और जलीय जीव-जंतु विलुप्त हो रहे हैं, इसे नियंत्रित करने के लिए प्रधानमंत्री जी की अपील एक पेड़ मां के नाम का अनुसरण करते हुए कॉलेज में वृक्षारोपण किया जा रहा है। कॉलेज के लैंड एंड गार्डेन इंचार्ज सैयद अनीस अहमद ने कहा कि आने वाले कल के लिए पर्यावरण की रक्षा करना अनिवार्य है। जिस तरह से मेट्रो शहरों में वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण जानलेवा साबित हो रहे है इसके लिए औद्योगिक शहरों में बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियों को शहर से बाहर बसाया जाए और उन क्षेत्रों में जलवायु संतुलन बनाने के लिए वृक्षारोपण किया जाए। इस अवसर पर डॉ मोहम्मद शोएब ,सैयद औरंगजेब, हफीज अहमद आदि ने वृक्षारोपण किया। छात्र-छात्राओं में आरिश हुसैन, समीना खान, प्रिंस, कुमुद आदि ने भी पेड़ लगाए। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ रईस अहमद ने किया।



## आर्य महिला डिग्री कॉलेज की डॉ. सुरचना बनी प्राचार्य



**शाहजहांपुर।** आर्य महिला पीजी. कालेज में उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा चयनित प्राचार्य डा. सुरचना त्रिवेदी ने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। महाविद्यालय के सचिव,प्रबन्धक अमितेश अमित ने डॉ. सुरचना त्रिवेदी को प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ ने नव नियुक्त प्राचार्य डॉ. सुरचना त्रिवेदी को डॉ. दुर्गावती सिंह, डॉ. आशीष गोयल, डॉ. सरिका अग्रवाल, डॉ. श्वेता मल्होत्रा, डॉ. रानू दुबे, भावेश मिश्रा, नम्रतालता, प्रज्ञा वर्मा एवं रितु शर्मा पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं महिला शिक्षकों ने माला पहनाकर स्वागत किया। डॉ. एमपीएस. चौहान, डॉ. विजय गुप्ता, डा. मृतुल शुक्ला, डॉ. गुलशन रस्तोगी, डॉ. ज्योति गुप्ता, डॉ. निदा शाहिद, डॉ. उपासना श्रीवास्तव, डॉ. संध्या पाठक, रितु मिश्रा, अनुराधा, पारूल, शैली पाठक, अनिल कुमार, राधारमण मिश्रा, अरविन्द अवस्थी, अमितेश मिश्रा, धर्मपाल वर्मा, नरेन्द्र पाल सक्सेना, हिमान्शु सोनवानी, राकेश वर्मा, नीरज कश्यप, करोड़ी लाल, सुधीर कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# मानसिक रोग प्रबंधन योग शिविर का हुआ शुभारम्भ

**क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी ने किया उद्घाटन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



योग विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में मानसिक रोग प्रबन्धन के अन्तर्गत मानसिक स्वास्थ्य लाभ के लिए पाँच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आज शुभारंभ हो गया। आर्य महिला डिग्री कॉलेज में आयोजित किये जा रहे इस शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ सिराज अहमद अन्सारी, जिला प्रधान डॉ अवधेश मणि त्रिपाठी व उप प्रधान जीसी मिश्रा ने संयुक्त रूप से महर्षि पतंजलि एवं संस्थान के संस्थापक ऋषिराम शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण व समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ सिराज अहमद अन्सारी ने कहा कि नियमित योग के माध्यम से हम मानसिक रोगों से काफी हद तक मुक्ति पा सकते हैं। इस मौके पर उन्होंने 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में संस्थान से सहयोग की भी अपील की। तदोपरांत जिला महिला योग प्रमुख ज्योति गुप्ता, बिपिन रस्तोगी, सरोज कश्यप, राजेश दीक्षित, सौरभ गोयल, तेजवीर गुप्ता, डॉ सारिका अग्रवाल, संध्या गुप्ता, अनामिका अवस्थी, अर्चना दीक्षित, गीता पांडे , रचना चांदना ने साधकों को मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी आसनों का अभ्यास कराया। अतिथियों का स्वागत शिविर संयोजक राजेश दीक्षित द्वारा पटका ओढ़ाकर व बैज लगाकर किया गया। यह शिविर 9 जून तक प्रातः 5. 30 बजे से 6.45 बजे तक नियमित संचालित होगा। जिला मन्त्री कवि डॉ इन्दु अजनबी के संचालन में आयोजित हुए कार्यक्रम में ललित मोहन, राजवीर सिंह यादव, प्रवीण मिश्रा, डॉ महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ राजेन्द्र कुशवाहा, राकेश मिश्रा, सरोज गुप्ता, संजय सक्सेना, प्रमोद पांडेय, आशाराम गुप्ता, युगेश कृष्ण, कुसुम लता, गुंजन मिश्रा, अर्चना जौहरी, कौशल शुक्ला, रेनू सक्सेना, स्वतन्त्र रस्तोगी, रिशु त्रेहन, रेखा कुशवाहा, रेखा सक्सेना, नीलेश सक्सेना, अमन सक्सेना, पूनम कश्यप, संजय कश्यप, अभिनव दीक्षित आदि साधकों ने योगाभ्यास किया। अंत में आभार जिला महिला योग प्रमुख ज्योति गुप्ता द्वारा व्यक्त किया गया।

# पर्यावरण के बिना हमारे जीवन की परिकल्पना भी संभव नहींः त्यागी

**भारतीय युवा चेतना मंच की संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ**

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




विश्व पर्यावरण दिवस पर भारतीय युवा चेतना मंच शाहजहांपुर के द्वारा प्रबुद्ध जनों की एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए संस्थापक व अध्यक्ष नरेंद्र कुमार त्यागी ने कहा हमारे जीवन के लिए आवश्यक तत्व हवा पानी और भोजन उपलब्धता प्रकृति से ही है। पर्यावरण के बिना हमारे जीवन की परिकल्पना भी संभव नहीं है हमें प्राकृतिक संसाधनों का दोहन नहीं करना है, बल्कि उनका संरक्षण करना है। वृक्षारोपण के साथ उनके संरक्षण पर ध्यान रखना है। संस्था के संयोजक प्रदीप कुमार मिश्रा ने प्लास्टिक के प्रयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिकता में आकर भारी संख्या में लोग प्लास्टिक कैरी बैग का प्रयोग करने लगे, जिससे हमारे पर्यावरण पर बहुत दुष्प्रभाव पड़ा। उपस्थित जनों का आह्वान करते हुए कहा कि सभी जन आज विश्व पर्यावरण दिवस पर संकल्प लें कि बाजार थैला लेकर जाएंगे । पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करेंगे। कम से कम हर व्यक्ति पांच पौधों को लगाकर उन्हें संरक्षित भी करेंगे। उक्त संगोष्ठी में नीरज पाठक, अरविंद पाण्डेय, सदानंद अग्निहोत्री अनुराग त्यागी योगेंद्र किशन त्यागी डॉ गोपाल वर्मा, अंशु पंडित ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी उपस्थित जनों ने सामूहिक शपथ ली। इस अवसर पर संगोष्ठी में संस्था के तमाम कार्यकर्ता, सदस्य उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत ने किया पौधरोपण



**शाहजहांपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र ने जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह (भन्नू) एवं छावनी परिषद के नामित सदस्य अवधेश दीक्षित के साथ छावनी क्षेत्र के हरि वन में प्रधानमंत्री की मुहिम एक पेड़ माँ के नाम में अपना योगदान देते हुए एक पेड़ लगाया। उन्होंने कहा पौधारोपण सभी को करना चाहिए और उनका सरंक्षण भी करना चाहिए। केवल पौधरोपण ही नहीं उनका संरक्षण अति आवश्यक है।

# खाद बिना बांटे ही गोदाम बंद कर सचिव फरार, किसान भड़के

**समिति संघ कार्यालय के सामने किया जोरदार प्रदर्शन**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सहकारी संघ के सचिव पर खाद न बांटकर गोदाम पर ताला डालकर चले जाने का किसानों ने आरोप लगाते हुए मंडी समिति में जमकर हंगामा काटते हुए सचिव पर आरोपों की झड़ी लगा दी ।सहकारी संघ मंडी समिति पहुंच शुक्रवार सुबह सहकारी संघ मंडी समिति पर सैकड़ों किसान खाद लेने पहुंचे। किसानों ने बताया कि मंडी समिति स्थित सहकारी संघ तिलहर के सचिव ने शुक्रवार को खाद बांटने की बात कही थी। इसी लिए किसान सुबह से ही खाद लेने के लिए मंडी समिति पहुंच गए। किसानों ने आरोप लगाया कि सचिव ने कार्यालय एवं गोदाम खोला लेकिन अधिक किसानों को देखते हुए उन्होंने गोदाम बंद कर दिया और खाद सोमवार को बांटने की बात लिखकर कार्यालय गेट पर लगाकर मंडी से चले गए। किसाने ने आरोप लगाया कि गुरुवार को कुछ किसानों को ही खाद बांटी गई थी और शनिवार को खाद बांटी जानी थी लेकिन सचिव के द्वारा खाद का वितरण नहीं किया गया। किसानों ने खाद नहीं मिलने पर जोरदार प्रदर्शन किया और अधिकारियों से मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान धर्मपाल, ओमवीर राठौर, मूलचंद, रामवीर, बृजेश कुमार, इंद्र सिंह, रेहान, वीरपाल सिंह, नरेश कुमार, महेश चंद्र, राजेश आदि तमाम किसान मौजूद रहे।

# रासलीला में हुआ महाभारत के विभिन्न प्रसंगों का रोमांचकारी मंचन

**कोतवाल प्रिंस शर्मा व एसआई प्रमोद कुमार ने की प्रथम पूजा**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



श्री राधा रानी सेवा समिति के आयोजकत्व में नगर पालिका ग्राउंड में वृंदावन धाम से पधारे श्री राम श्याम लीला संस्थान द्वारा भगवान श्री राधाकृष्ण की रासलीला के चैथे दिन महाभारत के विभिन्न प्रसंगों का भव्य मंचन किया गया । भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को उपदेश देने और विराट रूप दर्शन देने की लीला से दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। गुरुवार को रसाचार्य पंडित ओम प्रकाश शर्मा के संचालन में भगवान श्री राधाकृष्ण की कोतवाल प्रिंस शर्मा व मौजमपुर चैकी इंचार्ज एसआई प्रमोद कुमार ने पूजन अर्चन कर आरती उतारी। तदोपरान भगवान श्री राधाकृष्ण ने लीला में प्रवेश किया। वृषभान नंदनी सखियों के साथ अपने प्रियतम श्री कृष्ण के दर्शन के लिए मोर कुटी पहुंचीं । जहां भगवान ने मोर बनकर मयूर नृत्य कर दर्शन दिए । इस दौरान जय जय श्री राधे के जय घोष से वातावरण गुंजायमान हो गया। महाभारत युद्ध पूर्व भगवान श्री कृष्ण का शांति दूत बनकर कौरवों के पास जाने, दुर्योधन द्वारा शांति प्रस्ताव ठुकराने, भीष्म पितामह द्वारा युद्ध में पांचों पांडवों का वध करने की प्रतिज्ञा, छलिया कृष्ण द्वारा भीष्म पिता से द्रौपदी को सदा सौभाग्यवती का वरदान दिलाने, भीष्म पितामह द्वारा भीषण प्रतिज्ञा करने और युद्ध में स्वजनों पर प्रहार से मोह में पड़ने पर अर्जुन को उपदेश देने के बाद विराट रूप के दर्शन कराने तक की ज्ञान वर्धक प्रासंगिक लीला मंचन का दर्शकों ने आनंद लिया। कार्यक्रम में देवेंद्र गुप्ता, श्रीकांत अग्रवाल, सुशील बाबू गुप्ता, सौरभ गुप्ता रवि, साहू मनोज गुप्ता, सुमित गुप्ता, नीलेश गुप्ता, प्रदीप रस्तोगी, अविनाश गुप्ता, केशरी नंदन गुप्ता, जगदीश गुप्ता गुड्डू, मुकेश कुमार, सचिन गुप्ता समेत तमाम भक्त मौजूद रहे।

## सरकारी मार्ग की नाप में चले लाठी डंडे

**पुवायां।** गांव जंगलपुर निवासी सलविंदर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को रास्ते मे सरकारी नाप करा रहा था तभी गांव के ही कुछ दंबगों ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। जब विरोध किया तो उन लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट करनी शुरू कर दी। कोतवाली आया हूँ उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र का नाम ABDULLAH से बदलकर MOHAMMAD ABDULLAH KHAN रख दिया है, भविष्य में इसी नाम से जाना जाए। **MOHAMMAD ABDULLAH KHAN पुत्र MOHAMMAD ALAM नि.मो. महमनशाह शाहजहांपुर।**

## ट्रंप का 'जबरन मजदूरी' टैरिफ

अब अमेरीकी राष्ट्रपति ट्रंप 'जबरन मजदूरी' के वैश्विक पैरोकार बनना चाहते हैं। उनके निशाने पर भारत समेत 54 देश ऐसे हैं, जो बंधुआ अथवा जबरन मजदूरी से बनाए गए सामान के आयात रोकने में नाकाम रहे हैं। अमेरीकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने व्यापार कानून की धारा 301 के तहत एक प्रस्ताव दिया है कि इन देशों पर 12.5 फीसदी टैरिफ लगाया जाए। वैसे अमेरीकी सर्वोच्च अदालत 'ट्रंपवादी टैरिफ' को 'अवैध' करार दे चुकी है, फिर भी राष्ट्रपति को अधिकार प्राप्त है कि वह एक निश्चित अवधि तक 10 फीसदी टैरिफ लगा सकते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने इसी संवैधानिक प्रावधान का इस्तेमाल करते हुए जो वैश्विक टैरिफ लगाया था, उसकी अवधि 24 जुलाई को समाप्त हो रही है। दरअसल ट्रंप बुनियादी तौर पर 'व्यापारी' हैं और राष्ट्रपति कार्यालय भी उसी मानस के साथ धकेलना चाहते हैं। यदि भारत, चीन, जापान, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, सऊदी अरब आदि देशों में 'जबरन मजदूरी' प्रचलित है, तो अमरीकी राष्ट्रपति के पेट में दर्द क्यों हो रहा है? क्या ट्रंप को यह ठेकेदारी भी मिली है? भारत का ही उदाहरण लें, तो यहां अनुमान है कि 1 करोड़ 10 लाख 50,000 से अधिक 'जबरन श्रम' से पीड़ित, विवश लोग हैं। वे बाल-मजदूर, बंधुआ अथवा गुलाम मजदूर भी हो सकते हैं। देश के ईंट-भट्ठों, कृषि, कपास, वस्त्र उद्योग, खनन, झींगा प्रसंस्करण, घरेलू काम, कालीन बुनाई, पत्थर की खदानों आदि में 'जबरन मजदूरी' का चलन है। हालांकि भारत में बंधुआ मजदूरी प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम की व्यवस्था भी है, लेकिन उन स्थितियों से अमरीका पर क्या प्रभाव पड़ रहा है? यह अमरीका की समस्या नहीं है, लेकिन टैरिफ के लिए ट्रंप कुछ भी कर सकते हैं और कोई भी दलील दे सकते हैं। अमरीकी राष्ट्रपति ने नए टैरिफ्स के लिए एक और क्षेत्र चुन लिया है। बंधुआ-बाल मजदूर या पीढ़ी-दर-पीढ़ी गुलामी के संदर्भ में अमरीका ने कौन से ठोस और कारगर प्रयास किए हैं? दरअसल इस 'जबरन मजदूरी' टैरिफ का सवाल ऐसे समय सामने आया है, जब भारत में अमरीकी प्रतिनिधिमंडल के साथ 'द्विपक्षीय व्यापार समझौते' की 99 फीसदी रूपरेखा तय की जा चुकी है। यह पुष्टि केंद्रीय उद्योग-वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भी की है। अंतिम 1 फीसदी बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत को लगता है कि 'जबरन श्रम' टैरिफ के जरिए अमरीका अनधिकार चेष्टा कर रहा है। दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप ईरान युद्ध के घाटे और नुकसान की भरपाई अब एक और टैरिफ के माध्यम से करना चाहते हैं। उस थोथे युद्ध, फिजूल, नाकाम युद्ध पर अमरीका के 100 अरब डॉलर फूंके जा चुके हैं। बेशक यह सच है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने 'जैसे को तैसा टैरिफ' के जरिए 214 अरब डॉलर कमाए थे, लेकिन अदालती आदेश के बाद अमरीका को 165 अरब डॉलर वापस रिफंड करने पड़े। इसके बावजूद राष्ट्रपति ट्रंप विचलित नहीं हुए। उन्हें 'जबरन टैरिफ' से इतना लगाव है कि उन्होंने दर्जनों व्यापारिक साझेदार देशों पर टैरिफ थोपने का प्रस्ताव तैयार कराया है। दूसरी ओर कनाडा, पाकिस्तान, मैक्सिको, इंडोनेशिया आदि कुछ देश ऐसे बताए गए हैं कि जो 'जबरन श्रम' वाले सामान को आयात नहीं करते अथवा बहुत कम करते हैं। उन पर अमरीका 10 फीसदी टैरिफ लगाएगा। वह किसी को छोड़ने वाला नहीं है, क्योंकि उन्हें अमरीका की अर्थव्यवस्था को संतुलित करना है। अमरीकी कानून का दोगलापन देखिए कि 'जबरन श्रम' के संदर्भ में उसने दुर्लभ खनिज, कुछ और धातुओं, कॉफी, फार्मा, विमान के कुछ हिस्से आदि के क्षेत्रों को छूट दे रखी है। कोबाल्ट की खदानों में जो शोषण जारी रहा है, यदि अमरीका को अनुकूल लगता है या उससे फायदा होता है, तो उस शोषण का भी स्वागत है। वाह! सुपरपॉवर अमरीका! बहरहाल अभी तो प्रस्ताव रखा गया है। अभी भारत समेत 54 देशों पर लागू किया जाना शेष है। सुनवाई का समय 22 जून तय किया गया है, लेकिन अमरीका और राष्ट्रपति ट्रंप के मंसूबे साफ हैं। यह अमरीका की धमकी भी हो सकती है, ताकि भारत से व्यापार समझौते में कुछ और रियायतें हासिल की जा सकें। भारत को 'अमरीकी ब्लैकमेल' के सामने झुकना नहीं चाहिए और प्रस्तावित टैरिफ का सख्ती से जवाब देना चाहिए। ट्रंप को समझाना मुश्किल है। वह कभी टैरिफ लगा देते हैं, कभी इसकी वापसी कर देते हैं। वह एक ओर भारत को अपना मित्र बताते हैं, तो दूसरी ओर नए-नए टैरिफ लगाने की धमकी देने लगते हैं। अमरीकी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बावजूद वह अपना तानाशाही रवैया नहीं छोड़ रहे हैं।

# पर्यावरण विकास एवं द्वन्द्व : हम जीवन परत के बिना जीवित नही रह सकते



डॉ अर्जुन पाण्डेय

भूमंडल पर ग्रीन हाउस प्रभाव की त्रासदी,ओजोन परत में हो रहे छिद्र व क्षरण भूताप में वृद्धि, न्युक्लीय शीत, जलवायु में हो रहे व्यापक परिवर्तन, भूमण्डलीयकरण से जनित समस्याएं एवं नित्य प्रदूषण के बढ़ते प्रभाव से समस्त पृथ्वी इसकी चपेट में हैं। अतएव अन्तरराष्ट्रीय समस्या होने के कारण पर्यावरणविदों, भूगोलविदों तथा अर्थशास्त्रियों का ध्यान इस ज्वलंत समस्या से निजात पाने के लिए तेजी के साथ आकृष्ट हुआ है।

पर्यावरणीय संरचना ठोस, द्रव्य एवं गैसीय पदार्थों से निर्मित एक जीवन परत जो भूमण्डल में रहने वाले मानव सहित समस्त जीव- जगत को समेटे हुए है।हम जीवन परत के बिना जीवित नही रह सकते हैं।अतएव जीवन परत को मौलिक अवस्था में रखना निहायत जरूरी है।

जीवन्त ग्रह पृथ्वी पर जीवन का माता और पुत्र के समान अटूट रिश्ता है। सूर्यमण्डल के इस ग्रह में प्रकृति प्रदत्त तत्वों में साम्यावस्था की शक्ति निहित है। यदि पृथ्वी पर किसी भी प्रकार की पर्यावरणीय क्षति होती है तो पृथ्वी अपनी शक्ति बल पर समय रहते समायोजन कर लेती है।पर्यावरण एक भौतिक एवं जैविक संकल्पना है, जिसमें भौतिक के अन्तर्गत स्थल, जल,वायु एवं सूर्य प्रकाश तथा जैविक के अन्तर्गत बृहद् एवं सूक्ष्म पेड़- पौधे,जीव-जंतु, कीड़े- मकोड़े एवं मानव सम्मिलित हैं।

**प्रकृति समाज एवं संस्कृति :-** भारत में प्रायः लोग प्राचीन काल से ही प्रकृति- पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दिशा में सचेष्ट रहे हैं। आम, नीम, पीपल, आंवला, तुलसी, रुद्राक्ष आदि तथा हाथी, शेर जैसे हिंसक पशुओं के साथ भूमि, जल, वायु, चंद्रमा एवं सूर्य आदि की पूजा इसके प्रमाण हैं। हमारे यहां संयुक्त राज्य अमेरिका एवं ब्रिटेन आदि विकसित देशों की तुलना में अपेक्षाकृत इसकी समस्या कम है तथापि इस समस्या के प्रति सतर्क रहना निहायत जरूरी है।

आज विकास के नाम पर मानव की असीमित इच्छा शक्ति ने संसाधनों के उपयोग का जो रास्ता चुना है वह दिन दूर नही जब ऐसा करना उसके लिए स्वयं घातक सिद्ध होगा।प्राच्य संस्कृति इसकी गवाही नही देती है।

पश्चिम का दर्शन प्रकृति का शोषण करने से समृद्धि आती है के कारण जल, जंगल और जमीन का क्षरण तेजी के साथ हुआ है। पर्यावरणीय तत्वों का अवनयन तेजी के साथ बढ़ा है, जिसने अनेक पर्यावरणीय समस्याओं को जन्म दे दिया है। यदि समय रहते उभरती पर्यावरणीय संकट पर नियंत्रण न किया गया तो कहीं समस्त भूमंडल केपटाउन न बन जाए। आये दिन बाढ़-सूखा, भूकम्प ज्वालामुखी, सूनामी एवं कैटरीना जैसी प्राकृतिक आपदाओं का शिकार समस्त भूमंडल को झेलना पड़ता है।



**हम कहां हैं? कहां है हमारा भविष्य? भौतिकता की इस चकाचौंध में आज की नयी पीढ़ी दिग्भ्रमित हो चुकी है,जो प्रकृति के मौलिक रूप को बिगाड़ने पर तुला है,जो सर्वथा विनाशकारी है। पारिस्थितिक असंतुलन से दृश्य भयावह होगा साथ ही लोग उदर एवं हृदय रोगी, चर्मरोग व श्वसन संबंधी रोगों दमा एवं अस्थमा आदि के शिकार होंगे तथा समस्त जीव जगत को जलवायु एवं मौसम संबंधी व्यापक परिवर्तन का सामना करना पड़ेगा। पर्यावरण एवं विकास के मध्य संतुलन को लेकर सर्वप्रथम 1972 में आयोजित स्टाकहोम सम्मेलन में कुछ देशों को चिन्हित किया गया था। आज मानव पर्यावरण की शुद्धता को लेकर नजर अंदाज कर भागने एवं दौड़ने के अन्तर को भूलकर विकास द्वन्द में फंसे गया है। भूमंडलीकरण ने समस्त भूमंडल को गांव का रूप दे दिया है। ऐसी स्थिति में प्राकृतिक आपदाओं और सांस्कृतिक क्षरण से बचने के लिए नैतिकता, भौतिकवाद एवं आध्यात्मिक आदि के मध्य संतुलन निहायत जरूरी है। आज दिनों-दिन समस्त भूमंडल पर्यावरणीय समस्या से भयाक्रांत है केवल मान्टियल, रियो,जेनेवा,टोरंटो एवं क्युटो आदि द्वारा किये गये समझौते मात्र से इस समस्या से निजात नहीं मिलेगा। इस समस्या से उबरने के लिए सर्वप्रथम पर्यावरण बोध एवं जनचेतना आवश्यक है। प्रकृति सर्वोपरि, प्रकृति प्रेम ही एकमात्र समाधान बन सकता है। इसी भावना से मानव को सोचना होगा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रकृति की सभी वस्तुएं उसी के लिए है। भूतल के समस्त मानव जाति के लिए आवश्यक है अतिवादिता से हटकर भौतिकवाद से ऊपर उठकर आध्यात्मिक चिंतन द्वारा उपहार स्वरूप प्राप्त प्राकृतिक संसाधनों का अनुकूलतम उपयोग करे।इससे न केवल संसाधनों को संरक्षण मिलेगा अपितु जीव-जगत स्वयं सुरक्षित रहेगा। अतः भावी पीढ़ी की भलाई के लिए हमें दीर्घ कालिक योजना तैयार करनी होगी,जिससे मानव एवं प्रकृति के मध्य कोई द्वन्द न हो। इसके लिए सम्पूर्ण मानव जाति को जागरूक होना पड़ेगा।**

**विकास एवं द्वन्द्वः-** मेरा ऐसा मानना है पर्यावरण एवं विकास के कार्य अलग नहीं है। विकास तो पर्यावरण का श्रृंगार है।यदि विकास कार्य आवश्यकता के अनुरूप तथा मांग एवं आपूर्ति पर आधारित होगा तभी पर्यावरण का संतुलन संभव है अन्यथा विनास के प्रभाव में पारिस्थितिक असंतुलन से उत्पन्न समस्याओं तथा वर्तमान चुनौतियां ग्रीन हाउस प्रभाव, अम्लीय बर्षा, ओजोन परत में छयीकरण, बन विनास, पादप प्रजातियों, बन्यजीव जन्तुओं तथा पक्षियों का लोप होना, प्रवाल श्वेतन, एशियाई भूरी धुंध आदि क्रियाओं का सामना अवश्यंभावी है। ब्रिटेन के ऊपर प्रमाण स्वरूप ओजोन परत में अंटार्कटिका के बराबर छिद्र बन चुका है। आज दुनिया के सभी देश इन समस्याओं से भयाक्रांत हैं।

वर्तमान परिवेश में विकास के नये आयामों में बाजारीकरण, शहरी व औद्योगिकीकरण, जैव नासी-कीटनाशी रसायनों का प्रयोग तेजी से बढ़ा है,जो पर्यावरण पारिस्थितिकी की दृष्टि से हितकर नही है। समझना होगा प्रकृति आवश्यकता की आपूर्ति कर सकती है लोभ-लालच की नही।

आज दुनिया की निगाहें प्रकृति द्वारा छुपाई गयी वस्तुओं की तलाशी हेतु ग्रीन लैंड एवं अंटार्कटिका आदि जैसे क्षेत्रों की ओर लगी हैं। आज मनुष्य प्रकृति को अपने कब्जे में लेना चाहता है। भूल गया कि प्रकृति पर विजय प्राप्त करना संभव नहीं है। ध्यान रहे प्रकृति देती है लेती नही। मानव के लिए आवश्यक है वह पुरानी पीढ़ी की तरह प्रकृति प्रदत्त उपहार स्वरूप प्राप्त वस्तुओं का अनुकूलतम उपयोग विरासत के बजाय धरोहर के रूप में करे। रूपांतरण के वेग का केंद्र ब्रिटेन के पाश्चात्य उपभोगवाद के कारण भारत में भी पुराने विचार, पुरानी मान्यताएं एवं पुरानी परंपराएं अधिक पाने की लालसा में तेजी के साथ विनष्ट होती जा रही हैं।

**उदभूत समस्याएंः-** हम कहां हैं? कहां है हमारा भविष्य? भौतिकता की इस चकाचौंध में आज की नयी पीढ़ी दिग्भ्रमित हो चुकी है, जो प्रकृति के मौलिक रूप को बिगाड़ने पर तुला है, जो सर्वथा विनाशकारी है।

पारिस्थितिक असंतुलन से दृश्य भयावह होगा साथ ही लोग उदर एवं हृदय रोगी, चर्मरोग व श्वसन संबंधी रोगों दमा एवं अस्थमा आदि के शिकार होंगे तथा समस्त जीव जगत को जलवायु एवं मौसम संबंधी व्यापक परिवर्तन का सामना करना पड़ेगा।

पर्यावरण एवं विकास के मध्य संतुलन को लेकर सर्वप्रथम 1972 में आयोजित स्टाकहोम सम्मेलन में कुछ देशों को चिन्हित किया गया था।

आज मानव पर्यावरण की शुद्धता को लेकर नजर अंदाज कर भागने एवं दौड़ने के अन्तर को भूलकर विकास द्वन्द में फंसे गया है। भूमंडलीकरण ने समस्त भूमंडल को गांव का रूप दे दिया है। ऐसी स्थिति में प्राकृतिक आपदाओं और सांस्कृतिक क्षरण से बचने के लिए नैतिकता, भौतिकवाद एवं आध्यात्मिक आदि के मध्य संतुलन निहायत जरूरी है। आज दिनों-दिन समस्त भूमंडल पर्यावरणीय समस्या से भयाक्रांत है केवल मान्टियल, रियो, जेनेवा, टोरंटो एवं क्युटो आदि द्वारा किये गये समझौते मात्र से इस समस्या से निजात नहीं मिलेगा।

**विकास द्वन्द्व से बचने हेतु सुझावः-** इस समस्या से उबरने के लिए सर्वप्रथम पर्यावरण बोध एवं जनचेतना आवश्यक है। प्रकृति सर्वोपरि, प्रकृति प्रेम ही एकमात्र समाधान बन सकता है। इसी भावना से मानव को सोचना होगा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रकृति की सभी वस्तुएं उसी के लिए है। भूतल के समस्त मानव जाति के लिए आवश्यक है अतिवादिता से हटकर भौतिकवाद से ऊपर उठकर आध्यात्मिक चिंतन द्वारा उपहार स्वरूप प्राप्त प्राकृतिक संसाधनों का अनुकूलतम उपयोग करे।इससे न केवल संसाधनों को संरक्षण मिलेगा अपितु जीव-जगत स्वयं सुरक्षित रहेगा। अतः भावी पीढ़ी की भलाई के लिए हमें दीर्घ कालिक योजना तैयार करनी होगी,जिससे मानव एवं प्रकृति के मध्य कोई द्वन्द न हो। इसके लिए सम्पूर्ण मानव जाति को जागरूक होना पड़ेगा।

*(लेखक पर्यावरणविद् हैं)*

विचार

# गायत्री की चूड़ियों ने फिरोजाबाद में मजबूत किये कई परिवारों के हाथ

उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में महिलाओं की आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार के प्रति बढ़ता रुझान ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक नया संबल बनकर उभरा है। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी नीतियां वर्तमान समय में धरातल पर उतरकर जमीनी स्तर पर व्यापक सामाजिक और आर्थिक सुधार का माध्यम सिद्ध हो रही हैं। यह सरकारी नीतियां केवल कागजी दावों तक सीमित न रहकर ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों की उन प्रतिभावान युवतियों के जीवन में वास्तविक बदलाव ला रही हैं, जो कभी संसाधनों के अभाव में अपने हुनर को प्रकट करने से कतराती थीं। आज उत्तर प्रदेश का परिदृश्य बदल चुका है और यहां की बेटियां अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति तथा सरकारी वित्तीय सहयोग के बल पर नए उद्यम स्थापित कर समाज के सामने एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। यह व्यवस्था न केवल युवाओं के भीतर छिपी उद्यमशीलता की भावना को जगा रही है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को भी अभूतपूर्व ढंग से बढ़ा रही है। जब ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली एक सामान्य छात्रा एक सफल कारोबारी बनकर उभरती है, तो वह अपने साथ पूरे समाज की सोच में एक सकारात्मक परिवर्तन लेकर आती है।

इस बदलते परिवेश और सफलता की एक अद्भुत मिसाल सुहाग नगरी फिरोजाबाद के एक छोटे से गांव बरकतपुर की रहने वाली बाईस वर्षीय युवती गायत्री हैं, जिन्होंने अपनी उम्र की सीमाओं और पारंपरिक बंधनों को पीछे छोड़ते हुए सफलता की एक नई इबारत लिखी है। अपनी शुरुआती शिक्षा गांव के ही एक प्राथमिक विद्यालय से प्राप्त करने वाली गायत्री वर्तमान में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ उनके मन में हमेशा से समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने और खुद का कोई स्वतंत्र व्यवसाय शुरू करने की तीव्र इच्छा थी ताकि वे अपने परिवार के लिए एक संबल बन सकें। इस राह में उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती पूंजी के अभाव की थी, क्योंकि किसी भी नए व्यवसाय को शुरू करने के लिए लागत की आवश्यकता सबसे पहले होती है, वह उनके पास उपलब्ध नहीं थी। अब गायत्री अपने व्यवसाय की योजना को साकार करने के लिए सबसे पहले लागत की राशि के इंतजाम में जुट गईं। इसी संघर्ष के बीच उन्हें जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश सरकार की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी नीति यानी 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' (माई युवा योजना) के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह योजना गायत्री जैसे शिक्षित और कुशल युवाओं के सपनों को उड़ान देने का एक बेहतरीन माध्यम बनी है। भारत के सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश में युवाओं की एक बहुत बड़ी आबादी निवास करती है, और युवाओं की इस ऊर्जा को सही दिशा देकर उन्हें रोजगार प्रदाता बनाने के लिए ही इस विशेष अभियान का सूत्रपात किया गया है। इस योजना की बारीकियों को समझने के बाद गायत्री को यह आभास हुआ कि उनके सपनों को पूरा करने का माध्यम यही सरकारी नीति बन सकती है। वर्तमान प्रदेश सरकार की पारदर्शी कार्यशैली का लाभ उठाते हुए गायत्री ने बिना किसी हिचकिचाहट के इस योजना के अंतर्गत अपना आवेदन प्रस्तुत किया। जिला प्रशासन की तत्परता और जन-अनुकूल नीतियों के फलस्वरूप उन्हें बिना किसी अनुचित बाधा, सिफारिश या दलालों की मध्यस्थता के, सीधे बैंक से तीन लाख रुपये का ब्याजमुक्त ऋण अत्यंत सुगमता से प्राप्त हो गया।

योजना की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इसके प्रथम चरण में नए उद्योगों या सेवा क्षेत्र की परियोजनाओं को शुरू करने के लिए पांच लाख रुपये तक का ऋण पूरी तरह से ब्याज मुक्त और बिना किसी गारंटी के बैंकों के माध्यम से दिया जाता है, जिसके भुगतान के लिए शुरुआती छह महीने का मोराटोरियम यानी छूट की अवधि भी मिलती है। वित्तीय सहायता के साथ-साथ ब्याज की चिंता से मुक्ति देकर सरकार ने युवाओं के जोखिम को बहुत कम कर दिया है। बैंक से प्राप्त हुई इस शुरुआती तीन लाख रुपये की वित्तीय मदद ने गायत्री के सपनों को हकीकत की जमीन पर उतारने के लिए एक सुदृढ़ आधार तैयार कर दिया। ऋण की राशि हाथ में आते ही उन्होंने बिना समय गंवाए अपने पारंपरिक हुनर को व्यावसायिक रूप देने की योजना बनाई। चूंकि फिरोजाबाद पूरी दुनिया में अपनी सुंदर चूड़ियों और कांच के उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रसिद्ध है, इसलिए गायत्री ने इसी क्षेत्र में कदम बढ़ाने का निर्णय लिया और गायत्री बैंगल्स डेकोरेशन नाम से अपनी एक छोटी सी चूड़ी सजावट इकाई की स्थापना की। इस इकाई के माध्यम से उन्होंने साधारण कांच की चूड़ियों को आधुनिक और आकर्षक डिजाइनों में ढालने का काम शुरू किया, जिसकी बाजार में निरंतर भारी मांग बनी रहती है। गायत्री का यह छोटा सा प्रयास देखते ही देखते एक सफल व्यावसायिक मॉडल में परिवर्तित हो गया और उनकी इस छोटी सी विनिर्माण इकाई ने स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के एक बड़े केंद्र का रूप ले लिया। आज उनकी इस आत्मनिर्भर इकाई में पंद्रह महिलाएं और पांच पुरुष पूरी लगन के साथ काम कर रहे हैं। गायत्री अब केवल एक साधारण उद्यमी या छात्रा मात्र नहीं रह गई हैं, बल्कि अपने पूरे इलाके में रोजगार देने वाली दीदी के गौरवशाली नाम से विख्यात हो चुकी हैं। उनके इस स्वावलंबन के सफर में उनके पिता संजय शर्मा और परिवार के अन्य सदस्यों ने भी हर मोड़ पर उनका उत्साहवर्धन किया और कारखाने के कार्यों में कंधे से कंधा मिलाकर अपना पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहे हैं। वित्तीय समृद्धि के दृष्टिकोण से देखा जाए तो गायत्री आज इस व्यावसायिक इकाई के सफल संचालन से प्रतिमाह लगभग चालीस हजार रुपये की सम्मानजनक शुद्ध आय अर्जित कर रही हैं। एक बाईस वर्ष की छात्रा के लिए इतनी कम उम्र में आत्मनिर्भर होना और इतनी आय प्राप्त करना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उनके इस कारखाने में काम करने वाले स्थानीय कारीगर भी अपने हुनर और श्रम के दम पर पंद्रह से बीस हजार रुपये प्रति माह तक कमा रहे हैं। इस योजना के इस दूरगामी प्रभाव ने न केवल गायत्री के व्यक्तिगत जीवन स्तर को उन्नत किया है, बल्कि उनसे प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए बीस अन्य कारीगरों के परिवारों को भी आर्थिक संबल और समाज में सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान किया है। युवा महिला उद्यमी गायत्री बताती हैं कि उन्होंने अपने जीवन में कभी यह कल्पना भी नहीं की थी कि इतनी कम उम्र में, जब वह अपनी पढ़ाई पूरी कर रही हैं, उनका अपना एक स्थापित व्यवसाय होगा। वह इस बात पर गर्व महसूस करती हैं कि आज वह नौकरी मांगने वालों की कतार में खड़े होने के बजाय दूसरों को सम्मानजनक रोजगार देने की स्थिति में आ चुकी हैं। उनके अनुसार प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए किसी महान वरदान से कम नहीं है, जिसने उनकी पूरी दुनिया को बदल कर रख दिया है। जिला प्रशासन के सकारात्मक और सहयोगात्मक रवैये के कारण उन्हें अत्यंत गरिमापूर्ण ढंग से यह ब्याज मुक्त आर्थिक सहायता प्राप्त हुई, जिसने उनकी प्रतिभा को एक नई उड़ान दी। आज उन्हें इस बात की सबसे गहरी आत्मसंतुष्टि है कि उनके इस छोटे से प्रयास और सरकारी संरक्षण के कारण बीस अन्य स्थानीय परिवारों के घरों के चूल्हे जल रहे हैं और उनके बच्चे एक बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के दूरगामी लक्ष्यों को देखें तो सरकार ने इसके तहत हर साल लगभग एक लाख युवाओं को सीधे तौर पर लाभांवित करने का खाका खींचा है, जिससे अगले दस वर्षों में दस लाख युवाओं को सीधे तौर पर स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। व्यवसाय विस्तार के लिए योजना को दो चरणों में डिज़ाइन किया गया है। पहले चरण के ऋण का सफलतापूर्वक भुगतान करने के बाद उद्यमी को अपने व्यवसाय को बड़ा करने के लिए द्वितीय चरण में दस लाख रुपये से बीस लाख रुपये तक का ऋण मिल सकता है, जिस पर सरकार द्वारा भारी सब्सिडी दी जाती है। इसके अतिरिक्त डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिजिटल लेनदेन करने पर उद्यमियों को एक रुपया प्रति लेनदेन और अधिकतम दो हजार रुपये प्रति वर्ष का अतिरिक्त अनुदान भी दिया जाता है। उत्तर प्रदेश के स्थायी निवासियों के लिए लागू इस योजना का लाभ उठाने के लिए सरकार ने बेहद सरल और व्यावहारिक मानदंड तय किए हैं, जिसके तहत आवेदक की आयु इक्कीस वर्ष से चालिस वर्ष के बीच होनी चाहिए और न्यूनतम आठवीं पास होना अनिवार्य है, हालांकि इंटरमीडिएट या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं को इसमें प्राथमिकता दी जाती है।

इसके साथ ही आवेदक के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कौशल प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र होना चाहिए, जिसमें 'एक जनपद एक उत्पाद' (ओडीओपी) और 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान' जैसी योजनाओं से प्रशिक्षित युवाओं को विशेष वरीयता मिलती है। यह पूरी व्यवस्था दर्शाती है कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान केवल एक ऋण योजना नहीं है, बल्कि यह राज्य के आर्थिक और सामाजिक ढांचे को बदलने की एक बड़ी कोशिश है। जब ग्रामीण या कस्बाई इलाकों में एक लाख नई सूक्ष्म इकाइयां खुलती हैं, तो वे न केवल अपने मालिक को रोजगार देती हैं बल्कि स्थानीय स्तर पर लाखों अन्य लोगों को भी काम देती हैं जिससे शहरों की तरफ होने वाला पलायन रुकता है। योजना में महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगजनों को प्राथमिकता दिए जाने से समाज में समावेशी विकास को बढ़ावा मिल रहा है और यह एमएसएमई क्षेत्र की रीढ़ साबित हो रही है। जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार की इन जन-अनुकूल नीतियों के कारण जमीनी स्तर पर व्यापक बदलाव आ रहा है, जिससे युवा केवल नौकरियों पर निर्भर न रहकर अपने हुनर के दम पर नए सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना कर रहे हैं और उत्तर प्रदेश निरंतर एक प्रमुख उद्यमी और उत्पादक राज्य बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है।



## राशिफल

**मेषः-** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे।

**वृषभः-** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

**मिथुनः-** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्कः-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बनें और शांत भाव से अच्छे कार्य द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंहः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्याः-** मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों को भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुलाः-** आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः-** आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनुः-** निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकरः-** मन सुंदर विचारों से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कार्य की ओर मन केंद्रित होगा। नये कार्य में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभः-** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीनः-** किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# आर्थिक, विकास और पारदर्शिता का नया मॉडल बनता उत्तर प्रदेश

*जयेन्द्र सिंह*

उत्तर प्रदेश आज आर्थिक प्रगति, पारदर्शी प्रशासन और तकनीक आधारित सुशासन के जिस नए युग में प्रवेश कर चुका है, वह देश के लिए एक प्रेरक उदाहरण बनता जा रहा है। कभी धीमी आर्थिक गति और सीमित औद्योगिक विस्तार के लिए पहचाना जाने वाला प्रदेश अब देश की विकास यात्रा का सबसे मजबूत इंजन बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने जिस प्रकार कर प्रशासन, राजस्व वृद्धि और व्यापारिक वातावरण में व्यापक परिवर्तन किए हैं, उसने प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर कर दिया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्तर प्रदेश द्वारा जीएसटी और वैट मद में 1,15,977 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त करना प्रदेश की मजबूत आर्थिक संरचना और प्रभावी कर व्यवस्था का प्रमाण है। जीएसटी संग्रह के मामले में देश में दूसरा स्थान प्राप्त करना केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि प्रदेश की बढ़ती आर्थिक गतिविधियों, विस्तारित व्यापारिक दायरे और निवेशकों के बढ़ते विश्वास का परिणाम है। महाराष्ट्र के बाद देश में उत्तर प्रदेश का दूसरा स्थान प्राप्त करना, यह प्रदर्शित करता है कि अब प्रदेश केवल जनसंख्या के आधार पर नहीं, बल्कि आर्थिक क्षमता के आधार पर भी राष्ट्रीय परिदृश्य में अग्रणी बन चुका है।

उत्तर प्रदेश आज 21.82 लाख सक्रिय जीएसटी करदाताओं के साथ देश का सबसे बड़ा करदाता राज्य बन गया है। यह उपलब्धि इस बात का संकेत है कि प्रदेश में व्यापार और उद्योग का वातावरण लगातार मजबूत हुआ है। छोटे और मध्यम कारोबारियों के लिए सरल और भरोसेमंद व्यवस्था विकसित होने से नए व्यापारियों का दायरा तेजी से बढ़ा है। जीएसटी पंजीकरण की औसत अवधि प्रदेश में केवल 08 दिन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 14 दिन है। इससे स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को केवल नीतिगत घोषणा नहीं रहने दिया, बल्कि उसे व्यवहारिक रूप से लागू भी किया है।



प्रदेश में कर प्रशासन को तकनीक आधारित और अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य हुआ है। डेटा आधारित निगरानी, एआई आधारित विश्लेषण और डिजिटल मॉड्यूल के प्रयोग ने कर व्यवस्था को अधिक सक्षम बनाया है। 16 पैरामीटर पर आधारित विश्लेषण प्रणाली के माध्यम से लाखों वार्षिक रिटर्नो का परीक्षण किया जा रहा है। इससे टैक्स चोरी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है और राजस्व वृद्धि को नई गति मिली है। वर्ष 2025-26 में 1.33 लाख डीलरों की स्क्रूटनी के दौरान 2,369 करोड़ रुपये की मांग सृजित होना और 345 करोड़ रुपये की वसूली होना यह दर्शाता है कि प्रदेश में तकनीक आधारित टैक्स प्रशासन बड़ी मजबूती से कार्य कर रहा है।

फर्जी फर्मों और बोगस इनपुट टैक्स क्रेडिट के विरुद्ध की गई कार्रवाई ने भी उत्तर प्रदेश को देश के सबसे सख्त और प्रभावी कर प्रशासन वाले राज्यों में शामिल किया है। 477 मामलों में एफआईआर दर्ज होना और 168 गिरफ्तारियां यह साबित करती हैं कि प्रदेश सरकार ईमानदार व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। 180 करोड़ रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट ब्लॉक की गई तथा न्यायिक कार्रवाई के माध्यम से 2,250 करोड़ रुपये की मांग सृजित हुई। यह केवल कार्रवाई नहीं, बल्कि आर्थिक अनुशासन और पारदर्शिता की स्थापना का मजबूत संदेश है। उत्तर प्रदेश में रिफंड व्यवस्था को भी अत्यंत तेज और प्रभावी बनाया गया है। जहां राष्ट्रीय स्तर पर जीएसटी रिफंड की औसत अवधि 48 दिन है, वहीं उत्तर प्रदेश में यह अवधि केवल 27 दिन है। इससे व्यापारियों की कार्यशील पूंजी सुरक्षित रहती है और व्यापारिक गतिविधियों को निरंतर गति मिलती है। प्रदेश में 22 कॉर्पोरेट सर्किलों में वर्चुअल सुनवाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे व्यापारियों को अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिली है। यह व्यवस्था डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में उत्तर प्रदेश की आधुनिक सोच को प्रदर्शित करती है।

प्रदेश के विभिन्न जोनों में राजस्व वृद्धि के आंकड़े उत्तर प्रदेश की आर्थिक गतिशीलता को और अधिक मजबूत करते हैं। गौतमबुद्ध नगर, सहारनपुर, वाराणसी और मुरादाबाद जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि यह बताती है कि विकास अब केवल चुनिंदा शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंच चुका है। औद्योगिक निवेश, व्यापारिक विस्तार और सुगम प्रशासन के कारण उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे आकर्षक आर्थिक गंतव्यों में शामिल हो चुका है।

उत्तर प्रदेश की यह आर्थिक उपलब्धि केवल आंकड़ों की कहानी नहीं है, बल्कि सुदृढ़, सुशासन, पारदर्शिता, तकनीकी नवाचार और जनविश्वास का परिणाम है। प्रदेश सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि नीति स्पष्ट हो, प्रशासन संवेदनशील हो और तकनीक का प्रभावी उपयोग किया जाए, तो विकास और पारदर्शिता दोनों साथ-साथ आगे बढ़ सकते हैं। एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की दिशा में बढ़ता उत्तर प्रदेश आज नए भारत की आर्थिक शक्ति और आत्मविश्वास का सबसे मजबूत प्रतीक बन चुका है।

*(लेखक सहयुक्त संपादक हैं)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# पूर्व में बाढ़ से प्रभावित रहे गांवों का डीएम ने लिया जायजा

- समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण करने के दिए निर्देश
- ग्रामीणों से संवाद कर लिया योजनाओं का फीडबैक, शत-प्रतिशत पात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के ग्राम गुनौली, जलालपुर तराई, ढेमा, कोयलावर एवं टिकरी का स्थलीय निरीक्षण कर संभावित बाढ़ के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। सरयू नदी में जलस्तर बढ़ने के दौरान ये गांव प्रायः मरुंड (चारों ओर से जलमग्न होकर संपर्क विहीन) हो जाते हैं, जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर ली जाएं, जिससे किसी भी आपात स्थिति में प्रभावित ग्रामीणों को त्वरित राहत एवं सहायता उपलब्ध कराई जा सके। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी रामसनेहीघाट को निर्देश दिए कि बाढ़ चौकियों, राहत सामग्री, सुरक्षित आश्रय स्थलों, संपर्क मार्गों, नावों एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा करते हुए सभी तैयारियां समय से सुनिश्चित कराई जाएं। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय गुनौली के प्रांगण में ग्रामीणों से संवाद कर विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक प्राप्त किया।

उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी पूरेडलई को निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों को शत-प्रतिशत सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र लाभार्थी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बाढ़ संभावित क्षेत्रों के निवासियों की सुरक्षा, समयबद्ध राहत एवं बचाव तैयारियां तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भारत की जनगणना-2027 के अंतर्गत संचालित एचएलबी गणना की प्रगति की भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी रामसनेहीघाट श्री अनुराग सिंह, खण्ड विकास अधिकारी पूरेडलई सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जलशक्ति मंत्री ने एक पेड़ माँ के नाम किया रोपित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान का शुभारंभ करते हुए प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह जी ने आज नलकूप खंड, बाराबंकी परिसर में नवविकसित सरदार वल्लभभाई पटेल ईको पार्क, नवनिर्मित सभागार तथा केंद्रीय कार्यशाला का उद्घाटन एवं निरीक्षण किया। इस अवसर पर मंत्री के साथ स्थानीय विधायक अंगद सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी नलकूप खंड, बाराबंकी परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह द्वारा ईको पार्क में रुद्राक्ष का पौधा तथा केंद्रीय कार्यशाला परिसर में हरिशंकरी (पीपल, पाकड़ एवं बरगद) का पौधा रोपित किया गया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान जनभागीदारी के माध्यम से हरित एवं विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण हेतु प्रेरित करने का आह्वान किया गया, जिससे हरित, स्वच्छ एवं विकसित भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

## भिटरिया से लौट रहे मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार



**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** भिटरिया से मजदूरी कर घर लौट रहे एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कुछ दिन पहले वह गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले थे। उपचार के बाद शुक्रवार को परिजन उन्हें घर लेकर पहुंचे, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं, लेकिन पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र के अंगदपुर मजरे बडेला नारायणपुर निवासी उमेश (50) रविवार देर रात भगवानपुर मोड़ चौराहे के आगे घायल अवस्था में अचेत पड़े मिले थे। सूचना मिलने पर उनकी पत्नी निर्मला परिजनों के साथ मौके पर पहुंचीं और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मृतक की पत्नी निर्मला ने बताया कि उमेश रविवार को मजदूरी करने भिटरिया गए थे। देर शाम घर लौटते समय वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान उनकी हालत में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। शुक्रवार को परिजन उन्हें घर लेकर पहुंचे, जहां कुछ ही देर बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर गांव में विभिन्न तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि अभी तक किसी भी आशंका या आरोप की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। सूचना मिलने पर कोतवाली निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी मौके पर पहुंचे और आवश्यक जानकारी जुटाई। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

# श्री शक्ति धाम आश्रम में प्रथम बड़े मंगल से अनवरत जारी भंडारा

**उन्नाव/बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



वर्तमान दौर में जहां धार्मिक आयोजन अक्सर आधुनिक चकाचौंध, सामाजिक प्रतिष्ठा और कहीं-कहीं राजनीतिक लाभ साधने का जरिया बनते जा रहे हैं, वहीं जनपद के सिकंदरपुर कर्ण स्थित श्री शक्ति धाम आश्रम, अमिलाह ने सनातन धर्म की मूल आत्मा को अक्षुण्ण रखा है। आश्रम में प्रथम बड़े मंगल से शुरू हुआ विशाल भंडारा निरंतर जारी है, जो समूचे अवध क्षेत्र के लिए आस्था, सेवा और मर्यादा का एक अनुपम उदाहरण बन चुका है। श्रीमद्भगवद्गीता के तीसरे अध्याय में भगवान कृष्ण कहते हैं कि अन्नाद्भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसंभवः अर्थात अन्न से ही संपूर्ण प्राणियों का जीवन और पोषण होता है। परम पूजनीय श्री श्री नारायण गिरि जी महाराज के पावन संरक्षण में इस शक्तिपीठ पर पुरातन संस्कृति की महत्ता और उसकी गरिमा को पूरी तरह पुनर्जीवित किया गया है। यहाँ तैयार होने वाला प्रसाद सात्विकता, पवित्रता और मंत्रोच्चार की सकारात्मक ऊर्जा से सिद्ध होता है। सनातन ग्रंथों में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि जैसा खाये अन्न, वैसा होवे मन अर्थात भोजन की शुद्धता सीधे हमारे विचारों को प्रभावित करती है। महाराज श्री के मार्गदर्शन में अवध की मूल भंडारा संस्कृति को सहेजता यह पावन प्रयास आज के उपभोक्तावादी समाज को सही दिशा दिखाने वाला एक सच्चा आध्यात्मिक प्रकाश स्तंभ साबित हो रहा है। महाराज श्री बताते हैं कि अवध क्षेत्र में ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल पर जगह जगह भंडारे का आयोजन नवाब वाजिद अली शाह और उनकी पत्नी की हनुमान जी पर श्रद्धा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने पुत्र चाह के लिए लखनऊ स्थिति पुराने हनुमान मंदिर पे जा कर मन्नत माँगी थी, जिसके चलते उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई, जिसके चलते मंदिर में चांदी का चाँद जड़ा गया और और ज्येष्ठ के हर मंगल को पूरे अवध में नवाब की तरफ से भंडारे का आयोजन किया जाने लगा। नवाब की इस श्रद्धा को अटूट बनाए हुए ये अवध क्षेत्र हनुमान जी की महत्ता और उनके चमत्कारों का गवाह बन यह आयोजन करता चला आ रहा है।

# नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का विधायक ने किया लोकार्पण



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा क्षेत्र के सरायगोपी गांव में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत, प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक दिनेश रावत ने इस अवसर पर कहा कि पहले गांव में राशन दुकान की व्यवस्था न होने से कोटेदारों को वितरण में परेशानी होती थी। बारिश में राशन बचाने के लिए तिरपाल का उपयोग करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए गांव-गांव में सरकारी राशन दुकानों की व्यवस्था की है। विधायक ने आगे कहा कि इस दुकान से राशन वितरण के साथ-साथ अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी आम जनता तक पहुंचेगा। इस अवसर पर बीडीओ पूंजा, पूर्ति निरीक्षक अभिनव कुमार श्रीवास्तव,अंशुमान मिश्रा, एडीओ पंचायत अखिलेश दुबे, सचिव चंद्रभानु पांडे ,चंद्रेश, राजकुमार, विन्द्रराज यादव, टीए बाल कृष्ण वर्मा,जितेंद्र प्रसाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामसागर मौर्य , सुबेहा न्याय पंचायत प्रभारी रणधीर सिंह मोनू ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सन्तोष मिश्रा, प्रधान जसवंत मौर्य, सुरेंद्र सिंह, राहुल वाजपेई, तहसील के अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** माह के प्रथम शनिवार को जनपद स्तरीय ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आज 6 जून को तिलोई तहसील में आयोजित होगा एवं गौरीगंज तहसील में मुख्य विकास अधिकारी, अमेठी तहसील में अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व तथा मुसाफिरखाना तहसील में अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया।


## अदालती सूचना

ता.पेशी 19/06/2026

धारा 116 उ. प्र. रा. संहिता 2006

एफ. सी. जे. फॉर्म नं. 33 भाग , 7

हेतु संदर्शित करने की सूचना

(साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान उप जिला अधिकारी महोदय न्यायिक स्थान गोला जिला खीरी वाद संख्या .......77...... सन् 2026 ............... वादी .....................

नीलू लाम्बा आदि बनाम उर्मिला देवी आदि प्रतिवादी

1. उर्मिला देवी पत्नी प्रदीप सिंह . 2. अमित सिंह पुत्र प्रदीप सिंह 3. केशव सिंह पुत्र योगेंद्र सिंह 4. अनामिका लाम्बा पत्नी योगेंद्र सिंह 5. संतोष सिंह पुत्र योगेंद्र सिंह निवासीगण कपरहा पर. हैदराबाद तह. गोला जिला खीरी 6. स्वदेश कुमारी पत्नी पृथ्वी सिंह निवासी अलीगंज रोड पुनर्भू ग्रंट पर. कुकरा तहसील गोला।

चूंकि उपरोक्त नामांकित .......वादीगण...... में इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि .......... अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के 06-19 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज .... के दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय की आज्ञा से**
**न्यायालय उप जिलाधिकारी**
**न्यायाधीश दिनांक 30.5.2026**


# खबरें एक नजर में

## कनोड़िया सेम प्रा.लि. ने किया विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन



**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कनोडिया सेम प्राइवेट लिमिटेड और सोसाइटी फॉर एनिमल हेल्थ एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमेनिटी द्वारा संयुक्त रूप से उद्यान विभाग के सहयोग से विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कनोडिया सेम प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कनोडिया सेम प्राइवेट लिमिटेड के आनंद गौतम प्लांट हेड और विशिष्ट अतिथि अनिल सिंह बीज विक्री केंद्र प्रभारी अमेठी और चंद्र पाल यादव समन्यवक साहस, तथा सामाजिक कार्यकर्ता एस.पी. सिंह उपस्थित रहे। संस्था ने गांवों में 5000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इस अवसर पर अंकित सेफ्टी विभाग, सुरेश सिंह सिक्योरिटी सुपरवाइज़र, राजबहदुर पौधशाला रामगंज, विजय पौधशाला भादर, उमेश, संजय यादव सहित कार्यक्रम में अन्य कर्मचारी शामिल हुए।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर अधिकारियों ने लगाए पौध



**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार 5 जून 2026 को विकासखंड महाराजगंज में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख राजकुमार, निवर्तमान ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, एडीओ पंचायत शिखर शुक्ला, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता राजीव त्यागी, सिंचाई विभाग के अवर अभियंता समर भीम और पंचायत सचिव नितिन शाहू ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। ब्लॉक प्रमुख राजकुमार ने कहा कि पेड़ ही जीवन हैं। एक पेड़ मां के नाम लगाकर हम धरती मां के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। हर नागरिक को कम से कम एक पेड़ लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। अधिकारियों ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और गर्मी से बचने के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र उपाय है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण को हरा-भरा रखने की शपथ ली।

## छह माह पहले हुई मारपीट से घायल युवक की मौत

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के सिरौलीगौसपुर गांव में छह माह पहले हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल युवक की गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया मृतक के पिता ने गांव के ही युवक पर हत्या का आरोप लगाया है।सिरौलीगौसपुर निवासी अमन 26 वर्ष पुत्र संपत को 16 दिसंबर 2025 की सुबह गांव का विकास गौतम घर से बुलाकर ले गया था। आरोप है कि धुसेडिया गंदे नाले के पुल पर विकास ने अमन को नाले में धकेल दिया और बेरहमी से पीटा। पिटाई से अमन की गर्दन व रीढ़ की हड्डी टूट गई थी।परिजन घायल को पहले संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर ले गए। हालत गंभीर होने पर हिंद अस्पताल में भर्ती कराया, जहां ऑपरेशन भी हुआ। करीब छह माह तक इलाज चलने के बाद गुरुवार को अमन की मौत हो गई। मौत के बाद पत्नी कांति व परिजनों में कोहराम मच गया।कोतवाली प्रभारी राम अवतार सरोज ने बताया कि मारपीट का मुकदमा पहले से दर्ज है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद धाराएं बढ़ाकर कार्रवाई की जाएगी।

# हाईकोर्ट के निर्देश पर 65 शस्त्र लाइसेंसधारियों पर कार्रवाई की तैयारी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में आपराधिक मामलों में नामजद शस्त्र लाइसेंसधारियों पर प्रशासन सख्ती की तैयारी में जुट गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में जिला प्रशासन ने ऐसे 65 शस्त्र लाइसेंसधारियों की पहचान की है, जिनके खिलाफ दो या उससे अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इन सभी मामलों की अलग-अलग समीक्षा कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा पुलिस विभाग से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। पुलिस आंकड़ों के अनुसार जिले में करीब 10,500 शस्त्र लाइसेंस जारी हैं, जिनमें से 65 लाइसेंसधारी ऐसे पाए गए हैं जिन पर एक से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। प्रशासन अब इन मामलों की प्रकृति और गंभीरता का परीक्षण करेगा। थाना क्षेत्रवार आंकड़ों में 12 मामले जगदीशपुर से सामने आए हैं। इसके बाद कमरौली और भाले सुल्तानी में 8-8, मुंशीगंज में 7 तथा संग्रामपुर में 6 लाइसेंसधारी चिन्हित किए गए हैं। फुरसतगंज, शिवरतनगंज और जायस में 4-4, बाजारशुकुल और मोहनगंज में 3-3, जामो और मुसाफिरखाना में 2-2 तथा अमेठी और पीपरपुर में 1-1 मामला दर्ज पाया गया है। वहीं गौरीगंज, रामगंज और इन्हौना थाना क्षेत्रों में ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया। सूत्रों के अनुसार चिन्हित सूची में कुछ प्रभावशाली लोगों के नाम भी शामिल हैं।

# स्वस्थ्य रहे वृद्धावस्था की थीम पर मनाया जाएगा योग दिवस



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

आयुष मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी एवं वातावरण निर्माण के लिए क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय, बाराबंकी में स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, योग संस्थानों के योगाचार्यों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय आयुष एवं यूनानी अधिकारी डॉ वीनम यादव ने कहा कि योग हम सबके स्वास्थ्य के लिए है, योग राष्ट्र के लिए और इस बार की योग दिवस की थीम योग स्वस्थ्य वृद्धावस्था के लिए है। इस योग अनुष्ठान में हम सभी की भागीदारी अवश्य होनी चाहिए। बैठक में 5 मिनिट का वाई- ब्रेक योगा प्रोटोकाल का योगाभ्यास हुआ। बैठक में आयुष विभाग की कार्यक्रम प्रबंधक दिव्या मिश्रा, भारतीय योग संस्थान से आरसी. पांडेय, बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान से रत्नेश कुमार,गायत्री शक्ति पीठ से ए. पी.शर्मा, श्री कपिल मुनि योग एवं ध्यान साधना केंद्र पल्हरी से योगाचार्य डॉ. शशि कुमार अवस्थी, सुरेन्द्र कुमार, प. दीन दयाल उपाध्याय संस्थान से इंद्राज वर्मा, प्रसार संस्था से शिशुपाल यादव, गुलजार फाउंडेशन से गुलजार बानो, वंश गोपाल पुनर्वास ट्रस्ट से नागेश पटेल सहित अनेक गणमान्य लोग बैठक में भाग लिए।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 को आम जन मानस व सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थओं को इस दिशा मिलकर अनप्लग्ड संस्थानों को साथ लेकर आगे बढ़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया कार्यक्रम का संचालन डॉ शशि कुमार अवस्थी, हर्षित मौर्य व आशुतोष ने किया। इस अवसर पर संदीप वर्मा, संजय श्रीवास्तव, भारती, व प्रह्लाद आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।


## अदालती सूचना

ता.पेशी 19/06/2026

धारा 116 उ. प्र. रा. संहिता 2006

एफ. सी. जे. फॉर्म नं. 33 भाग , 7

हेतु संदर्शित करने की सूचना

(साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान उप जिला अधिकारी महोदय न्यायिक स्थान गोला जिला खीरी वाद संख्या .......67...... सन् 2026 ............... वादी .....................

नीलू लाम्बा आदि बनाम उर्मिला देवी आदि प्रतिवादी

1. उर्मिला देवी पत्नी प्रदीप सिंह 2. अमित सिंह पुत्र प्रदीप सिंह 3. केशव सिंह पुत्र योगेंद्र सिंह 4. अनामिका लाम्बा पत्नी योगेंद्र सिंह 5. संतोष सिंह पुत्र योगेंद्र सिंह निवासीगण कपरहा पर. हैदराबाद तह. गोला जिला खीरी 6. बटलर खान पुत्र रफीउर्रहमान निवासी कोटवारा पर. हैदराबाद तह. गोला जिला खीरी 7. लक्ष्मी नारायन पुत्र महावीर 8. दीपक श्रीवास्तव पुत्र राजेंद्र प्रसाद 9. इंद्रपाल पुत्र दर्शन निवासीगण बांकेगंज पर.कुकरा तह.गोला जिला लखीमपुर-खीरी 10. नरेश तिवारी पुत्र रामकुमार तिवारी नि खुटार रोड कस्बा गोला पर. हैदराबाद जिला खीरी 11. निशा लाम्बा पुत्री सुरेंद्र सिंह 12. राज बाला पुत्री सुरेंद्र सिंह 13. शिखा बाला पुत्री सुरेंद्र सिंह निवासीगण धरौली झज्जर हरियाणा प्रदेश

चूंकि उपरोक्त नामांकित .......वादीगण...... में इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि .......... अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के 06-19 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज .... के दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय की आज्ञा से**
**न्यायालय उप जिलाधिकारी**
**न्यायाधीश दिनांक 30.5.2026**


# डीएम-एसपी व सीडीओ ने किया पौधरोपण

- वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान सभी अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि वृक्षारोपण का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को शुद्ध एवं संतुलित बनाए रखना है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके। पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने भी वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और इनका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है।

इसके पश्चात जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने विकास खण्ड राही अंतर्गत ग्राम कटिहार (भांव) में भी वृक्षारोपण किया तथा वृक्षारोपण स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, उपजिलाधिकारी सदर गौतम सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद स्वर्ण सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# बर्थडे पार्टी में शामिल होने गए किशोर की गला रेतकर हत्या



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जायस थाना क्षेत्र अंतर्गत बक्शी का पुरवा गांव में शुक्रवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक नाबालिक बच्चे की लाश खेत के मेड़ पर पड़ी देखी गई। सूचना पर पहुंची जायस पुलिस ने बच्चे की लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जायस कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बक्शी का पुरवा गांव निवासी जागेश्वर का 15 वर्षीय पुत्र आर्यन गाँव के ही एक बच्चे के बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए उसके घर गया हुआ था। देर रात जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों के द्वारा खोजबीन की जाने लगी। शुक्रवार की सुबह आर्यन की लाश ग्रामीणों ने घर से करीब 100 मीटर दूर गांव के बाहर खेत के मेड़ पर देखी। बताया जा रहा है कि बहुत ही नृशंश तरीके से गला रेतकर आर्यन की हत्या की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना के संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल मौके पर पुलिस पहुंच गई और लाश को कब्जे में लेते हुए पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की कई टीमें लगा दी गई है जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया लड़कों का आपसी विवाद घटना का कारण प्रतीत हो रहा है। फिलहाल परिजनों की ओर से थाने पर लिखित तहरीर दी जा रही है। तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा। फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलन कराया गया है। घटना के सभी पहलुओं पर विशेष नजर रखते हुए जांच की जा रही है।

# दो महीने बाद भी नहीं हुई कार्यवाही, सवालों के घेरे में प्रशासन

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड परसेंडी की ग्राम पंचायत तालगांव में ग्रामीणों की शिकायत पर हुई जांच अब प्रशासनिक सुस्ती का शिकार होती नजर आ रही है। मामले की जांच लोकायुक्त स्तर से की गई थी, जिसमें ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव को प्रथम दृष्टया दोषी माना गया। जांच आख्या आयुक्त, लखनऊ मंडल के पत्रांक 634 दिनांक 24 दिसंबर 2025 के माध्यम से उत्तर प्रदेश शासन को भेजी जा चुकी है। इसके बाद भी स्थानीय स्तर पर कार्रवाई का इंतजार बना हुआ है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा एक जांच टीम का गठन किया गया था, ताकि दोषियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। लेकिन टीम गठन के लगभग दो महीना बीत जाने के बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है।

सूत्रों के अनुसार, गठित जांच टीम में जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू भी शामिल हैं, जिसको लेकर ग्रामीणों में असंतोष देखा जा रहा है। लोगों का आरोप है कि टीम की निष्क्रियता के कारण कार्रवाई में देरी हो रही है, जिससे पूरे प्रकरण की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब उच्च स्तर की जांच में दोष तय हो चुका है, तो स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्रवाई में देरी क्यों की जा रही है। वहीं, यह भी चर्चा है कि कहीं यह मामला सिर्फ औपचारिकता तक सीमित न रह जाए और फाइलों में दबकर रह जाए। अब बड़ा सवाल यह है कि जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद जांच टीम कब तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी और दोषी प्रधान व सचिव पर वास्तविक कार्रवाई कब होगी। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगना तय है। समृद्धि न्यूज़ इस पूरे मामले पर लगातार नजर बनाए हुए है और आगे की हर अपडेट पाठकों तक पहुंचाता रहेगा।

# निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



विश्व पर्यावरण दिवस-2026 के अवसर पर सामाजिक वानिकी वन प्रभाग सीतापुर एवं जिला गंगा समिति, सीतापुर द्वारा सैन्य भूमि प्लाट नं0 10, निकट नैपालापुर में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि जनपद स्तर पर वृहद वृक्षारोपण किया जा रहा है, इससे आने वाली पीढ़ियों को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हर वर्ष अधिक से अधिक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

हरे भरे वृक्षों को देखकर लगता है कि हमारा यह वृक्षारोपण का अभियान सफल हो रहा है। छोटे-छोटे बच्चे भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हो रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशों है कि पर्यावरण बचाना है, इसी के क्रम में एक पेड़ माँ के नाम थीम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आयोजित उक्त कार्यक्रम में एन.सी.सी. के कैडेट्स, विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवं इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में आम, बहेड़ा, कनकचम्पा, ऑवला आदि प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। मुख्य अतिथियों व विशिष्ट अतिथियों द्वारा हरिशंकरी के रूप में पीपल, पाकड़ एवं बरगद प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों से अपील की गयी कि वर्षाकाल के समय अधिक से अधिक पौधों का रोपण करते हुए वृहद वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाया जाये तथा बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रण/रोकथाम के लिए रोपित किये गये पौधों का संरक्षण किया जाये। कार्यक्रम में राज्यमंत्री, नगर विकास, उत्तर प्रदेश शासन राकेश राठौर गुरू तथा कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सदस्य विधान परिषद, उप्र, सीतापुर पवन सिंह चौहान व जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी राजेश शुक्ला उपस्थित रहे। उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम स्थल पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी एवं स्वयंसेवी संस्था समृद्धि फाउण्डेशन की ओर से अपर्णा मिश्रा उपस्थित रहे।

# फुटपाथ पर अवैध अतिक्रमण करने पर चला बुलडोजर

- दारा सराय से ठाकुर द्वारा तक हटाया गया अतिक्रमण
- बुलडोजर चलने को लेकर दुकानदारों में छाया अफरा-तफरी का माहौल




**समधन, समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देश पर मेन सड़क किनारे फुटपाथ पर एक लम्बे समय से अवैध रूप से कब्जा करके दुकानों को रखकर, दुकानों के सामने टीन सेट डाल कर अतिक्रमण किये हुऐ थे जिसे ईओ की देखरेख में भारी पुलिस बल के साथ बुलडोजर चलाया गया जिसको लेकर दुकानदारों में अफरातफरी का माहौल बना रहा समधन नगर पंचायत में छिबरामऊ उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी के निर्देश पर शुक्रवार दोपहर बाद करीब 3 बजे अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता के नेतृत्व में नगर की मेन सड़क गुरसहायगंज व फर्रूखाबाद मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया जहां एक लम्बे समय से सड़क किनारे फुटपाथ पर लकड़ी के खोखे, टीनशैड डालकर अवैध रूप से कब्जा करने से पैदल राहगीरों को आवागमन करने में तक दिक्कत उठानी पड़ रही थी। जिसको प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुऐ सुबह नगर पंचायत की ओर से एक दिन पहले से ही साउंड से मुनादी कराने के दोपहर वाद गुरसहायगंज कोतवाल अजय कुमार अवस्थी की मौजूदगी में भारी पुलिस बल के साथ अतिक्रमण अभियान की शुरुआत की गई तो दुकानदार अपने लकड़ी के खोखे व टीनशैड को हटाने को लेकर घन्टो अफरातफरी का माहौल छाया रहा वहीं बीच बीच मे ईओ व दुकानदारों के अतिक्रमण हटाने को लेकर मामुली नोंक-झोंक भी हुई लेकिन पुलिस प्रशासन के सख्त रुख को देखते हुऐ जिसने अपने अतिक्रमण को नहीं हटाया उसे बुलडोजर से तहस-नहस करके फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त किया गया ईओ दिव्या गुप्ता ने फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों को सख्त हिदायत देते हुऐ कहा अगर पुनः किसी ने कब्जा करने का प्रयास किया तो नगरपंचायत की ओर से कठोर कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# छात्रा की सफलता पर विद्यालय परिवार को मिला सम्मान



**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए यूपी टॉपर छात्रा देने पर श्रीमती राधा देवी आदर्श संस्कृत इंटर कॉलेज, गुरसहायगंज के प्रबंधक पंकज कुमार अग्निहोत्री एवं प्रधानाचार्य बलराम त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश व्यापार मंडलके पदाधिकारियों ने विद्यालय पहुंचकर दोनों शिक्षाविदों का अंगवस्त्र पहनाकर, पट्टाभिषेक कर तथा मिष्ठान खिलाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सेठ संजीव गुप्ता, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग गुप्ता, संगठन प्रवक्ता सिद्धार्थ गुप्ता %गुरु जी%, नगर उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र उर्फ भूरा कठेरिया तथा संगठन महामंत्री कमलेश वर्मा उपस्थित रहे।

व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने विद्यालय परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय ने न केवल नगर और जनपद, बल्कि पूरे प्रदेश में गुरसहायगंज का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रबंधक पंकज कुमार अग्निहोत्री ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज द्वारा दिया गया सम्मान विद्यालय की प्रगति और जिम्मेदारियों दोनों को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान विद्यालय परिवार को और अधिक समर्पण एवं निष्ठा के साथ शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा देगा। प्रबंधक ने कहा कि लगातार शिक्षक मेहनत और तो लगन के साथ विद्यालय में छात्र एवं छात्राओं को शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं उसका यह नतीजा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्यालय की छात्रा को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया है यह मेरे विद्यालय के लिए बहुत ही गौरव की बात है और नगर कभी नाम रोशन हुआ है।

## गीता इंटर कॉलेज में 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर 'माँ के नाम एक पौधा'

**गुरसहायगंज कन्नौज।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गीता इंटर कॉलेज रामकृष्ण नगर गुरसहायगंज में गुरुवार को 'माँ के नाम एक पौधा' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्रबंधक प्रधानाचार्य शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यालय के प्रबंधक रामनाथ प्रजापत ने बताया कि परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधे रोपे गए। इस अवसर पर प्रबंधक ने कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से केवल पौधे लगाने ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया। 'माँ के नाम एक पौधा' अभियान के तहत विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के सम्मान में पौधे लगाए।

# ईओ सुनील कुमार सिंह को किया सम्मानित



- नगर पालिका के सभागार में हुआ भव्य कार्यक्रम

**छिबरामऊ, कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

नगरपालिका के सभागार में हुए भव्य कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद पुखरायां के लिए स्थानांतरित हुए ईओ सुनील कुमार सिंह को माल्यार्पण के साथ उपहार भेंट करके सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मनोज दूबे ने कहा नगर के विकास में ईओ सुनील कुमार सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हर कार्य को पूरी निष्ठा और लगन के साथ निभाना और अपने दायित्व को पूरा करना उनके स्वभाव में है। नगर पालिका के स्थापना दिवस पर आयोजित हुए समारोहों की सफलता उनके कारण ही संभव हो पाई। उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा वह काम के लिए हमेशा तत्पर रहे। उनके काम का तरीका व्यवस्थित था। उनके प्रयास से नगर को कई बड़ी विकास योजनाएं मिली। इसके अलावा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, सभासद रमाकांत त्रिपाठी पप्पी, नगर पालिका के तकनीकी सलाहकार गौरव अमर त्रिपाठी, दीपक गुप्ता, सभासद अमित शाक्य व जेई रविराज कौशल ने भी ईओ के कार्यकाल की सराहना की। सभासद हिमांक त्रिपाठी के संचालन में हुए कार्यक्रम में सत्यनारायण वर्मा, नरेश गुप्ता गोल्डी, किशन लाल वाल्मीकि, प्रदीप सिंह, शिवम दुबे, सुशील कुमार पांडे, पालिका कर्मी संजय सिंह, अमरदीप, प्रवेश यादव प्रदीप कुमार, अंकित दुबे सहित बड़ी संख्या में सभासद, पालिका कर्मी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पेड़ लगाकर नियमित देखभाल आवश्यक : रंजू सिंह



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर फर्रूखाबाद रोड स्थित सेंट मारिया विद्यालय में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में लोगों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कृष्णा फाउंडेशन की प्रबंधक रन्जू सिंह लकी ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ लगाना और उनकी नियमित देखभाल करना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से प्लास्टिक का उपयोग कम करने, पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं को अपनाने तथा पानी और बिजली की बर्बादी रोकने की अपील की। साथ ही सभी से कम से कम पांच पौधे लगाने और धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान देने का आग्रह किया गया। इस दौरान विद्यालय के चेयरमैन विकास अवस्थी, सीमा चतुर्वेदी, सत्येन्द्र पाल, उर्मिला पाल, लटूरी पाल और रतिका सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## जान से मारने की धमकी मिलने से महिला दहशत में, लगाई गुहार

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली गुरसहायगंज क्षेत्र की एक महिला ने फोन पर जान से मारने की धमकी मिलने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार 2 जून को शाम करीब 2:30 बजे जब महिला अपने मायके जा रही थी, तभी उसके मोबाइल फोन पर एक कॉल आई। आरोप है कि कॉल करने वाली महिला ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि आरोपी महिला ने उसे और उसके पति को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। प्रार्थना पत्र में महिला ने बताया कि वह आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से है तथा अपने पति के साथ जीवन यापन कर रही है। उसने आशंका जताई है कि आरोपी महिला से उसके परिवार की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने तथा सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विश्व शांति यात्रा को प्रिया शाक्य ने किया रवाना




**छिबरामऊ, कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

शाक्य मुनि बुद्ध विहार धर्मार्थ ट्रस्ट बड़ेपुर के तत्वावधान में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आयोजित विश्व शांति धम्म यात्रा को पंचशील का ध्वज दिखाकर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने रवाना किया। इस यात्रा में शामिल लोग बौद्ध तीर्थ स्थल सारनाथ, बोधगया, राजगिरी, नालंदा, वैशाली, कुशीनगर, लुंबिनी, कपिलवस्तु व श्रावस्ती आदि जगहों का भ्रमण करेंगे।

10 जून को धम्म यात्रा का समापन होगा। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष रमेश बाबू बौद्ध, शिव प्रताप सिंह शाक्य एडवोकेट, विक्रम सिंह शाक्य, अतुल प्रताप सिंह, चंचल शाक्य व अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पेड़ लगाकर लिया प्रकृति के संरक्षण का संकल्प



**छिबरामऊ, कन्नौज।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हीरालाल कॉलेज परिसर में विश्व कल्याण एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण कर प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में स्काउट मास्टर सत्यपाल सिंह, एनसीसी मेजर संदीप कुमार माधव, प्रधानाचार्य तथा जिला चीफ कमिश्नर राधाबल्लभ मिश्रा के साथ स्काउट एवं गाइड के समस्त बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए वृक्षारोपण में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण, अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा प्रकृति को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण



**छिबरामऊ, कन्नौज।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय समाज सशक्तिकरण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय छिबरामऊ पश्चिमी में पौधारोपण किया। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि पर्यावरण में आए असंतुलन को दूर करने के लिए संगठन विद्यालयों, गांवों और जरूरत वाले स्थानों पर बड़े स्तर पर वृक्षारोपण करेगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि पेड़ लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें संरक्षित करना भी हमारा नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि इस मुहिम को पूरे जिले में निरंतर चलाया जाएगा। अभियान की शुरुआत आज प्राथमिक विद्यालय से की गई है। इस अवसर पर विजय कुमार, मुनीश गुप्ता, संदीप शर्मा, राजीव गुप्ता, अखिलेश यादव, अभिषेक सिंह, प्रदीप शर्मा और कुलदीप यादव सहित कई कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहयोग किया।

### वायु सेना में आकाश पाल के चयन पर खुशी का माहौल



**छिबरामऊ, कन्नौज।** तिलोकापुर गांव निवासी आकाश पाल का भारतीय वायुसेना में चयन होने पर गांव में खुशी का माहौल छा गया। पूर्व प्रधान जादूनाथ पाल के भतीजे आकाश पाल, पुत्र आशितोष पाल ने ग्रामीण परिवेश में खेती-किसानी के साथ शिक्षा प्राप्त की। आकाश ने वर्ष 2024 में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की और वर्तमान में गंगा सिंह महाविद्यालय सौरिख से बीएससी कर रहे हैं। सितंबर माह में आईआईटी कानपुर में परीक्षा देने के बाद नई दिल्ली में शारीरिक परीक्षण व साक्षात्कार पूर्ण किया। 1 जून 2026 को परीक्षा परिणाम घोषित होने पर उनका चयन भारतीय वायुसेना में हो गया। वे 27 जून 2026 को कर्नाटक के बेलगाम में जॉइनिंग करेंगे। चयन की सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता बाबा रामप्रकाश यादव, सपा विधानसभा अध्यक्ष किशनी सतीश यादव, अरविंद पाल, आशीष पाल, विजय पाल, हरिनाथ सिंह पाल, संतोष पाल, अंकुर पाल, सर्वेश पाल, ईश्वर दयाल पाल, राम शरण पाल, सुरेश चंद्र पाल सहित अनेक लोगों ने उनके घर पहुंचकर बधाई दी और आकाश सहित परिजनों का मुंह मीठा कराया।

### जीएसटी का व्यापारी संवाद कार्यक्रम आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** प्रदेश सरकार के जीएसटी (राज्य कर विभाग) की ओर से व्यापारी संवाद कार्यक्रम 06 जून 2026 दिन शनिवार को समय सुबह 11.00 बजे से 1.00 बजे तक गुड़ मंडी, छिबरामऊ में होगा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता और गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने समस्त व्यापारियों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित करते हुए अपने विचार एवं सुझाव रख कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। व्यापारी संवाद के कार्यक्रम में जीएसटी अधिकारी उपयोगी जानकारियो से अवगत कराएंगे।

### ई-रिक्शा और स्कूटी की टक्कर में तीन घायल, दो रेफर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तालग्राम रोड स्थित ग्राम कमालपुर मोड पर स्कूटी और ई-रिक्शा की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। ग्राम कपूरपुर निवासी उवैश (24) पुत्र दिलफिकार अपने घर से स्कूटी द्वारा किसी कार्य से छिबरामऊ आ रहे थे। तभी बहवलपुर के पास पीछे से आ रहे ई-रिक्शा चालक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। इससे उवैश गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार राममूर्ति (60) पत्नी बाबूराम निवासी कमालपुर तथा सुमन (30) पत्नी विपिन निवासी कोरिखेरा, जहानगंज, (फर्रुखाबाद) भी घायल हो गईं। घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों को एंबुलेंस से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उवैश और सुमन की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जबकि राममूर्ति का उपचार सौ शैया अस्पताल में जारी है।

# संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज से

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के चकोर रॉड पर महारानी गेस्ट हाउस में आगामी 5 जून से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के बीच उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से परिवार सहित कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। आयोजन में कथा व्यास के रूप में प्रसिद्ध भागवताचार्य प्रेमसागर पाण्डेय श्रीमद् भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा का रसपान कराएंगे। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, धर्म, भक्ति और मानव जीवन के आदर्शों का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 5 जून 2026 को दोपहर 1 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। इसके पश्चात उसी दिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक कथा प्रारंभ होगी। कथा का नियमित आयोजन प्रतिदिन निर्धारित समय पर किया जाएगा।

आयोजन समिति के अनुसार 11 जून को कथा विश्राम एवं पूर्णाहुति का कार्यक्रम संपन्न होगा, जबकि 12 जून को अपराह्न 3 बजे से भव्य विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कथा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आयोजकों ने बताया कि भागवत कथा मानव जीवन को सही दिशा देने तथा समाज में धार्मिक एवं नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का माध्यम है। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने तथा धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है। इस अवसर पर आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं के भी बड़ी संख्या में पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। कथा एवं भंडारे को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

# मौत को दावत दे रही है मतौली और नदसिया के बीच बनीं पुलिया

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जर्जर सड़क की वजह से हुआ फिर हुआ बड़ा हादसा

तिर्वा क्षेत्र में मतौली पुलिया की बदहाल सड़क राहगीरों के लिए खतरे का सबब बनी हुई है। पुलिया के दोनों ओर सड़क टूटकर गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासन की ओर से अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। गुरूवार को दिनांक 4 जून को सुबह 8 बजे एक और हादसा हो गया जब स्कूटी से सरिता गुप्ता पत्नी नीरज गुप्ता अपने बेटे उत्कर्ष गुप्ता के साथ विधूना में अपनी मौसी के निधन पर शामिल होने जा रही थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मतौली पुलिया पर सड़क पर बने गहरे गड्ढे से वाहन अचानक उछल गया, जिससे सरिता गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए तिर्वा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ मेदांता अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि मतौली पुलिया के दोनों किनारों की सड़क लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। कई लोग चोटिल हो चुके हैं, लेकिन विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों और राहगीरों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत करा दी जाती तो इस तरह की घटनाओं से बचा जा सकता था। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से तत्काल क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराने, गड्ढों को भरवाने तथा दुर्घटना संभावित स्थल पर चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है, ताकि लोगों की जान को जोखिम में पड़ने से बचाया जा सके।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए युवा बनें परिवर्तन के वाहक : डॉ. सुधीर दीक्षित

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 4 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ द्वारा स्थानीय जेपी एजुकेशन एकेडमी में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नगर की एक प्रेरणादायक पहचान बन चुके दीक्षित नेत्र चिकित्सालय के निदेशक डॉ. सुधीर दीक्षित ने मुख्य वक्ता के रूप में एनसीसी कैडेट्स को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कैडेट्स को ÷पर्यावरण हीरो÷ बताते हुए प्रकृति संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। अपने संबोधन में डॉ. दीक्षित ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं बल्कि मानव अस्तित्व की आवश्यकता बन चुका है। बढ़ते प्रदूषण, जल संकट, ग्लोबल वार्मिंग तथा प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने पृथ्वी के संतुलन को प्रभावित किया है। अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वर्षों से वह वृक्षारोपण, जल संरक्षण तथा हरित वातावरण के निर्माण के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति द्वारा लगाया गया पौधा आने वाली कई पीढ़ियों को जीवन प्रदान कर सकता है। उन्होंने कैडेट्स से प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील की। विद्यालय प्रधानाचार्य अमरेंद्र सिंह ने भी कैडेट्स को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराया और कहा कि एनसीसी केवल सैन्य प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है बल्कि समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना को भी मजबूत करती है। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एनसीसी की सक्रिय भागीदारी समाज के लिए प्रेरणादायक है। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल जागरूकता का माध्यम बना बल्कि युवाओं को प्रकृति संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करने वाला एक महत्वपूर्ण प्रयास भी साबित हुआ।

इस अवसर पर विजय मिश्र,विनोद सेंगर, सचिन गुप्ता, अभिषेक दुबे,आशुतोष, सतीश यादव,कुलदीप तिवारी,रूपेंद्र सिंह ,राहुल कुमार,सिद्धार्थ गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## रेलवे पार्किंग के बाबजूद हो रही है मनमानी प्रशासन से की जांच की मांग




**गुरसहायगंज/कन्नौज।** रेलवे स्टेशन परिसर में इन दिनों अवैध पार्किंग का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। स्टेशन के आसपास निर्धारित व्यवस्था के अभाव में दोपहिया और चारपहिया वाहनों की मनमाने ढंग से पार्किंग की जा रही है, जिससे यात्रियों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि ग्राम ऊँचा की की बाइक चोरी होने के बाबजूद भी कोई धयान नहीं दिया जा रहा है स्टेशन परिसर और उसके आसपास बिना किसी अधिकृत अनुमति के वाहन खड़े कराए जा रहे हैं तथा कई स्थानों पर पार्किंग शुल्क भी वसूला जा रहा है। अव्यवस्थित पार्किंग के कारण स्टेशन मार्ग पर अक्सर जाम जैसी स्थिति बन जाती है, जिससे यात्रियों और राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती है। यात्रियों का कहना है कि रेलवे प्रशासन और स्थानीय प्रशासन को इस ओर ध्यान देकर अवैध पार्किंग पर रोक लगानी चाहिए। स्टेशन पर आने वाले लोगों के लिए निर्धारित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि यातायात सुचारु बना रहे और यात्रियों को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े। क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध पार्किंग संचालकों के खिलाफ जांच की जाये।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की गई जान



- सूचना पर पहुँची जसोदा चौकी पुलिस ने शुरू की विधिक कार्रवाई

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

टाटा- छपरा एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख़ पुकार मच गई। ब्लॉक क्षेत्र के गांव घासीपुरवा निवासी अनिरुद्ध उर्फ राजेश (36) पुत्र अमर सिंह गुरुवार को किसी बात से नाराज होकर घर से चला गया था।

शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे तिलपई गांव के सामने रेलवे ट्रैक पर गुरसहायगंज की ओर से कानपुर की तरफ जा रही टाटा- छपरा एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों और राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलने पर जसोदा चौकी प्रभारी धर्मेद्र सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे और जांच- पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर युवाओं ने किया पौधरोपण

- 5 जून को समधन के मोहल्ला आजाद नगर स्थित कब्रिस्तान में कई प्रजातियों के लगाए गए पौध

**समधन, समृद्धि न्यूज।**



कई प्रजातियों के पौधे लगाए हर वर्ष एक पौधा लगाने का संकल्प विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समधन नगर में युवाओं ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शुक्रवार 5 जून को समधन के मोहल्ला आजाद नगर स्थित कब्रिस्तान में कई प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

इस पहल में युवा युवा फैसल हुसैन ने अपने साथियों के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे उन्होंने धरती को हरा भरा रखने के लिए यह कदम उठाया। इस दौरान फैसल हुसैन ने कहा कि धरती को हरा भरा रखना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से अपील की है कि हर वर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। फैसल हुसैन ने पौधे पर महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह हमें छाया, फल, ऑक्सीजन और लकड़ी जैसी कई महत्वपूर्ण चीजें प्रदान करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पौधों की देखभाल अपने बच्चों की तरह करनी चाहिए ताकि वे विकसित हो सकें।

# रेलवे ट्रैक किनारे मिला युवक का शव, परिजनों में कोहराम

कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।

मथुरा में आईस्क्रीम बेंचने के लिए दो साथियों के साथ निकले युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ क्षेत्र के मोहल्ला ऊंचा भोलेपुर निवासी विमल उर्फ विक्की कश्यप उम्र 32 वर्षीय पुत्र श्याम बाबू कश्यप का शव शुक्रवार सुबह गांव सोतेपुर थाना कायमगंज के निकट रेलवे ट्रैक किनारे पड़ा होने की सूचना कीमैन ने स्टेशन मास्टर जय चन्द्र मीणा को दी। मौके पर पहुंचे आरपीएफ दरोगा हीरालाल गौतम, हेड कांस्टेबिल ज्ञानेन्द्र प्रकाश, कांस्टेबिल अच्छेलाल राजपूत युवक को सीएचसी कायमगंज में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 अमरेश कुमार ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मृतक के शव के पास एक बैग मिला। जिसमे शैक्षिक प्रमाण पत्र और आधार कार्ड थे। दस्तावेजों के आधार पर युवक की पहचान फतेहगढ़ के भोलेपुर कुंचा मोहल्ला निवासी विक्रम चौहान के रूप में हुई। बाद में मोबाइल फोन द्वारा सम्पर्क करने पर उसकी सही पहचान विमल उर्फविक्की निवासी भोलेपुर कूंचा मोहल्ला के रूप में हुई। घटना की सूचना पाते ही मृतक विमल उर्फविक्की की मां रेखा देवी, पत्नी रानी सहित अन्य परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में



मृतक का फाइल फोटो



रोते बिलखते परिजन

पहुँचे। मृतक की माँ रेखा ने बताया कि उनका पुत्र विमल अपने मोहल्ले के दोस्त शीलू उर्फ विक्रम और आशू के साथ मथुरा में आईस्क्रीम बेंचने की बात कहकर घर से निकला था। पीड़िता ने बताया कि जब मैंने फोन किया तो आशू ने कहा कि आप हमारे होते हुए क्यों टेन्सन ले रहे हो जब तक हम जिन्दा है तो समझो आपका बेटा भी जिन्दा है और फोन काट दिया। विमल की पत्नी रानी ने अपने मयके से पति से बात करने के लिए फोन किया तो विक्रम ने फोन उठाकर गालियाँ दी। वहीं परिजनों ने मोहल्ले के शीलू उर्फविक्रम और आशू पर ट्रेन से धक्का देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद शुक्ला ने मौके पर पहुँच कर जाँच पडताल की। वहीं फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता हो सकेगा। मृतक की पत्नी रानी अपने बेटी अनन्या को साथ लेकर अपने मयके हाथी खाना में थी।

### परिजनों ने दो युवकों पर लगाया हत्या का आरोप, दी तहरीर, एक हिरासत में

फर्रुखाबाद। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला ऊंचा निवासी रेखा पत्नी श्याम बाबू ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 4 जून को सुबह 11 बजे विक्रम पुत्र मुन्ना व आशू गुप्ता पुत्र नामालूम ने फोन कर कहा कि विमल उर्फ विक्की को हमारे साथ मथुरा भेज दो, हम लोग आइसक्रीम का काम करते है और विक्रम भी हमारे साथ काम करेगा और हमारे बेटे को घर के बाहर बुला लिया। इस दौरान मेरे बेटे ने कहा कि उसका मन नहीं है और वह जाना नहीं चाहता है। जिस पर मैंने कहा कि मेरा बेटा जाना नहीं चाहता है और आपके साथ नहीं जायेगा। उपरोक्त जबरदस्ती मेरे पुत्र को अपने साथ ले गये। मैं अपने पुत्र के फोन पर सम्पर्क करती रही। कुछ देर बाद मेरे पुत्र का सम्पर्क नहीं हो सका। 5 जून को सुबह ९ बजे विक्रम चौहान के पिता मुन्नालाल ने आकर जानकारी दी कि आपके पुत्र का शव कायमगंज के सरकारी अस्पताल में है। जब मैं कायमगंज के सरकारी अस्पताल पहुंची तो विक्रम चौहान उर्फ शीलू का बैग मिला। जिसमें उसकी मार्कशीट व मोबाइल फोन बरामद हुआ। जिसे कायमगंज पुलिस अपने साथ ले गयी। पीड़िता ने आरोपी विक्रम चौहान व आशू पर पुत्र को घर से लेजाकर हत्या करने का आरोप लगाया। वहीं परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कोतवाली परिसर में जमकर हंगामा किया। जिसके बाद पुलिस ने उत्तेजित परिजनों को शांत कराया। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं पुलिस ने एक आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

### गौशाला में विधायक ने किया पौधरोपण



अमृतपुर, समृद्धि न्यूज। विश्व पर्यावरण दिवस पर अमृतपुर गौशाला में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक सुशील शाक्य ने पीपल और पाकड़ के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है तथा ऑक्सीजन की कमी महसूस की जा रही है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए। अमृतपुर ग्राम प्रधान सचिन देव तिवारी द्वारा कराई गई। उनकी देखरेख में वृक्षारोपण अभियान संपन्न हुआ। गौशाला का निरीक्षण भी किया गया। जहां लगभग 210 गौवंश संरक्षित पाए गए। कार्यक्रम में बीडीओ राजेपुर सुनील जायसवाल, नीरज अवस्थी, एडीओ पंचायत अजीत पाठक, ब्लॉक प्रमुख पल्लव सोमवंशी, वीओ राशिका श्रीवास्तव लोग उपस्थित रहे।

# मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में किया गया पौधरोपण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

विश्व पर्यावरण दिवस पर मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में जिला गंगा समिति के समन्वय से पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान समारोह से हुआ। उन्हें पुष्पगुच्छ एवं बैज प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राजीव कुमार प्रभागीय वनाधिकारी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में निहारिका पटेल एवं भूपेन्द्र प्रताप सिंह, योगाचार्य डॉ. प्रदीप नारायण तथा गुंजा जैन कार्यकर्ता





कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व विद्यालय स्टाफ

उपस्थित रहे। भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। योगाचार्य डॉ. प्रदीप नारायण ने वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित किया। पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने पर्यावरण संरक्षण के सिद्धांतों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। निहारिका पटेल ने स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। मुख्य अतिथि राजीव कुमार प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि पृथ्वी को स्वच्छ एवं हरित बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण तभी सार्थक है जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण भी किया जाए। अतिथियों को तुलसी का पौधा, शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ.रीता सिंह प्रभारी प्राचार्य को जिला गंगा समिति द्वारा स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रीता सिंह ने किया। इस अवसर पर राहुल, हरिवंश, विशाल, कविता, अनुभव, नीरज आदि का सहयोग रहा। संचालन डॉ. मधु रंजन ने किया। विद्यार्थियों द्वारा लगभग 50 पौधों का रोपण किया गया।

### पुत्री के मायके विवाद सुलझाने आयी मां को पीटा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना कमालगंज के गांव राजेपुर सरायमेंदा निवासी हुसन बानो पत्नी मो0 मुनीम ने अपनी पुत्री खुशनीर की शादी लगभग 1 वर्ष पूर्व थाना नवाबगंज के गांव नादी वीरपुर निवासी शाहिद अली के साथ की थी। शुक्रवार सुबह लगभग 7 बजे खुशनीर का पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसको लेकर पति ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर पति ने खुशनीर को लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट में खुशनीर घायल हो गई। खुशनीर ने फोन कर घटना की जानकारी अपनी मां हुसन बानो को दी। मां अपने मामा चांदबाबू के साथ गांव पहुंची और विवाद को शांत करने का प्रयास किया। तो उनको भी मारपीट कर घर से भगा दिया। थाने पहुंचकर पीड़िता ने पुलिस को घटना की तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेज दिया।

# युवक की मौत, पत्नी व बेटे पर हत्या का आरोप

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

- युवक शराब पीने का था आदी, होता रहता था विवाद
- पुलिस बोली, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की होगी पुष्टि

थाना क्षेत्र के बघौना गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं मृतक की पत्नी व पुत्र पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बघौना निवासी रामकुमार शाक्य लंबे समय से शराब के आदी था। परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि उनकी शराबखोरी के कारण परिवार में अक्सर विवाद होता रहता था। बताया जा रहा है कि उन्होंने हाल ही में एक भैंस बेचकर प्राप्त धनराशि का बड़ा हिस्सा शराब में खर्च कर दिया था, जिससे परिवार के सदस्य नाराज थे। आरोप है कि गुरुवार देर रात रामकुमार शराब के नशे में घर पहुंचा।

जिसके बाद पत्नी अनुपम और पुत्र अनुराग से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि दोनों ने डंडों से रामकुमार की पिटाई कर दी। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई और उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मृतक के छोटे भाई आकाश ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और डायल-112 की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक के शरीर पर कई स्थानों पर चोटों के निशान मिले हैं। कमर से लेकर घुटनों तक नीले निशान दिखाई दिए, जबकि दोनों पैरों में भी गंभीर चोटें बताई जा रही हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं, जबकि पुलिस पूरे मामले की गहनता से पड़ताल कर रही है।

### युवती से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर युवती को एक होटल में सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार राजेपुर थानाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 अप्रैल को पीड़िता ने थाना राजेपुर में तहरीर दी कि वह जमापुर बाजार से घरेलू सामान लेने के लिए जा रही थी, रास्ते में एक कार में अजीत पुत्र दल सिंह व अन्य 03 तीन लोग गाड़ी में बैठे मिले। पीड़िता अजीत को जानती थी जिस कारण अजीत के कहने पर गाड़ी में बैठ गई और जमापुर बाजार जाते समय अजीत ने कोल्ड डिंक में कुछ नशीला पदार्थ मिलाकर मुझे पिला दिया। जिससे मुझे नशा हो गया फिर ये लोग मुझे होटल ले गये तथा बलपूर्वक शराब पिलाकर अजीत तथा अजीत द्वारा बुलाये गये अन्य व्यक्ति संजय पुत्र नर सिंह द्वारा मेरे साथ बलात्कार किया तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 70(1), 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत अजीत कुमार पुत्र दल सिंह निवासी ग्राम दारापुर थाना राजेपुर व 05 नफर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अभियोग में वांछित अभियुक्त अजीत कुमार पुत्र दल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान अजीत कुमार ने अपने साथी संजय पुत्र नरसिंह के साथ मिलकर युवती के साथ गलत कार्य करना स्वीकार किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## वन पर्यावरण मंत्री ने पौधरोपण कर लोगों को किया जागरुक

### वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री व वित्त मंत्री ने डॉ. रजनी सरीन का जाना हाल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वतंत्र प्रभार वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री ने आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर शामिल होकर वृक्षारोपण किया और विभागीय अधिकारियों से वृक्षारोपण के संदर्भ में जानकारी ली। शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर वन विभाग द्वारा निनौआ स्थित वन परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरुक किया। इस अवसर पर सदर विधायक सुनील दत्त द्विवेदी भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में मौजूद



डॉ. रजनी सरीन से स्वास्थ्य की जानकारी लेते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना

रहे। डॉ. अरुण कुमार सक्सेना राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ने भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. रजनी सरीन के आवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य के संदर्भ में जानकारी ली। इस दौरान उनके साथ प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री सुरेश खन्ना भी मौजूद रहे। उन्होंने भी डॉ. रजनी सरीन से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य के संदर्भ में जानकारी ली और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर धर्मेन्द्र श्रीवास्तव के अलावा वन विभाग के डीएफओ राजीव कुमार, रेंजर राजेश कुमार, रेंजर अनूप कुमार मौजूद रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर वन भूमि में पेड़ों को नुकसान पहुंचाने का आरोप

वन विभाग ने जेसीबी को कब्जे में लिया

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। एक ओर विश्व पर्यावरण दिवस पर देशभर में पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वन विभाग की भूमि पर लगे पेड़ों और वन क्षेत्र को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। जानकारी के अनुसार कुतुबुद्दीनपुर गांव के निकट वन विभाग की भूमि पर स्थित वन क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा जेसीबी मशीन से खुदाई कर पेड़ों और वनस्पतियों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के दरोगा ने कार्रवाई करते हुए मौके पर मौजूद जेसीबी मशीन को अपने कब्जे में ले लिया। प्रारंभिक जांच में वन भूमि को नुकसान पहुंचाने की आशंका जताई जा रही है। घटना ऐसे समय सामने आई है जब विश्व पर्यावरण दिवस पर शासन और प्रशासन द्वारा अधिक से अधिक वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिए जा रहे हैं। ऐसे में वन क्षेत्र को नुकसान पहुंचाने की घटना ने पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों में नाराजगी पैदा कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वन भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण या पेड़ों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया है तो दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर संबंधित लोगों के खिलाफ वन एवं पर्यावरण संरक्षण कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### घर में चोरी के इरादे से घुसा युवक इनवर्टर में चिपका, भर्ती

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के गांव कांधेमई मिलिकिया निवासी अमित कुमार पाण्डेय गुरुवार रात परिजनों के साथ घर में सो रहा था, रात लगभग ढाई बजे गांव का ही निवासी एक युवक चोरी के इरादे से किसी तरह घर में घुस आया और युवक ने कमरे में रखे चाबी के गुच्छे को उठाकर दूसरे कमरे का ताला खोलकर उसमें घुसा। उसी दौरान युवक कमरे में रखे इनवर्टर के तार से चिपक गया। आहट पर अमित की नीद खुली, और युवक को तार से चिपका देख लाइन को बंद कर दिया। जिससे युवक बाल बाल बच गया। जानकारी पर पहुंचे युवक के भाई व परिजन उसे उपचार हेतु मौके से ले गए, और युवक के भाई ने उसकी जेब से चाबी का गुच्छा निकालकर अमित को दिया। थाना पुलिस को अमित कुमार पाण्डेय ने युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी।

## डीएम ने किया पौधरोपण, संरक्षण का दिया संदेश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने जिलाधिकारी आवास परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संदेश दिया। विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प भी लिया गया। डीएम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन एवं प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के कारण पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक वृक्षारोपण करे तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल भी सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल हमें स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन एवं जलवायु संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य के लिए वृक्षारोपण को जन आंदोलन का स्वरूप देना आवश्यक है। डीएम ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर



वृक्षारोपण करती जिलाधिकारी

पर प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए तथा उसके संरक्षण का संकल्प ले। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित पर्यावरण प्रदान करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली तथा जनपद को अधिक हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता का संकल्प व्यक्त किया।

### मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर विश्व हिंदू महासंघ ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 55वें जन्मदिवस एवं विश्व पर्यावरण दिवस पर विश्व हिंदू महासंघ द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी ने पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक व्यक्ति-एक पेड़ लगाने का संकल्प लिया तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। मुख्य रूप से कानपुर मंडल अध्यक्ष सुनीता अग्निहोत्री, संरक्षक राजीव अग्रवाल, संरक्षक आनंद प्रकाश गुप्ता, मुन्ना गुप्ता, जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला, उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ केवल एक राजनीतिक व्यक्तित्व नहीं बल्कि सनातन संस्कृति, राष्ट्रवाद और जनसेवा के प्रतीक हैं। सुनीता अग्निहोत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। संरक्षक राजीव अग्रवाल ने भी विचार रखे। पर्यावरण संरक्षण, गौसंरक्षण, सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस मौके पर रोहित शर्मा, दीपांशु मिश्रा, अमित कुमार गुप्ता, दिव्यांशु दुबे, अंकुर, राहुल शाक्य, शिवम कुशवाहा, पवन दीक्षित, गोविंद अवस्थी, उमाशंकर गुप्ता, हिमांशु कश्यप, सचिन गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, शिवम गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता, देवांश सैनी, मोहित दीक्षित, अनुराग दुबे, राहुल कुमार, भास्कर अग्निहोत्री, अमित गुप्ता, डा0 अजय बाजपेई, मनीष श्रीवास्तव, घनश्याम मिश्रा, आशीष दुबे, मोहित अवस्थी, पूजा सक्सेना, कुसुम शुक्ला, बबली बाथम आदि उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस – न.पं. कार्यालय में किया गया पौधरोपण

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

नगर पंचायत कार्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत और अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से कार्यालय परिसर में औषधीय और छायादार पौधे लगाए। वृक्षारोपण के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने उपस्थित जनसमूह और कर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है। बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने नगर



वृक्षारोपण करते नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ

वासियों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाए और उसके बड़ा होने तक उसकी देखभाल की जिम्मेदारी उठाए। अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका संरक्षण करना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर के विभिन्न वार्डों और सार्वजनिक स्थानों पर भी पौधे लगाए जा रहे हैं, ताकि भावी पीढ़ी को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके। इस मौके पर सभासद शिव मंगल सिंह, कार्यालय कर्मचारी बिकाश गंगवार, अम्बुज भारद्वाज, अमित कुमार और हितांशु गंगवार उपस्थित रहे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 08, 09 एवं 10 जून को जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली परीक्षा की तैयारियों का विस्तृत परीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए गए। डीएम ने कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित





बैठक लेती डीएम एसपी मौजूद अन्य

किया कि परीक्षा से संबंधित प्रत्येक व्यवस्था समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा दिवस पर प्रातः 07 बजे ट्रेजरी में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर परीक्षा सामग्री प्राप्त करेंगे तथा निर्धारित समय पर अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी, जो परीक्षा अवधि के दौरान निरंतर निगरानी बनाए रखेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्रों के भीतर मोबाइल फोन सहित किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। केवल प्रवेश पत्र, मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र तथा नीले अथवा काले रंग का पेन लेकर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति प्रदान की जाएगी। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में स्थित फोटोकॉपी की दुकानें, साइबर कैफे एवं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की दुकानें परीक्षा अवधि के दौरान बंद रखी जाएं। सभी परीक्षा केंद्रों के बाहर क्लॉक रूम की व्यवस्था की जाए, जहां अभ्यर्थी अपनी निजी वस्तुएं सुरक्षित रूप से जमा कर सकें। इसके अतिरिक्त पेयजल, शौचालय, प्रतीक्षालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में स्पष्ट संकेतक साइन एज लगाए जाएं, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व सभी कक्षों, शौचालयों तथा परिसर का गहन निरीक्षण कर लें। जनपद में कुल 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

प्रत्येक पाली में 6,720 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा कुल 6 पालियों में आयोजित की जाएगी। जिसमें कुल 40,320 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। सभी केंद्रों पर सुरक्षा, निगरानी एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु व्यापक तैयारियां की गई हैं। प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दीवार घड़ी अनिवार्य रूप से स्थापित की जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ.साथ स्वच्छता व्यवस्था को भी उच्च स्तर पर बनाए रखा जाए।

उन्होंने परिवहन विभाग एवं रोडवेज अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रोडवेज बस अड्डे पर हेल्प डेस्क स्थापित की जाए तथा किसी भी वाहन द्वारा निर्धारित किराये से अधिक वसूली न की जाए। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कहा कि परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व रिहर्सल का आयोजन किया जाए, ताकि सभी व्यवस्थाओं का परीक्षण कर संभावित कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि परीक्षा की गोपनीयता एवं निष्पक्षता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को उपलब्ध कराएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### विधायक व बीडीओ ने गौशालाओं का निरीक्षण कर किया पौधरोपण

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। विश्व पर्यावरण दिवस पर विकासखंड अधिकारी व क्षेत्रीय विधायक ने गौशालाओं का निरीक्षण कर पौधारोपण किया। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रुकैया खालिक दादपुर तथा ग्राम पंचायत साहबगंज की गौशालाओं में विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान तथा क्षेत्रीय विधायक डॉ. सुरभि ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोपालकों को तथा ग्राम पंचायत के सचिव को गोवंशों के लिए धूप से बचाव की सुविधा तथा हरे चारे की व्यवस्था, दाना और समय-समय पर पानी पिलाने आदि के बारे में जानकारी दी। विकास खंडाधिकारी ने बताया कि गोवंशों का विशेष ध्यान रखते हुए सभी गोपालक उनकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिस किसी भी गौवंशों को कोई परेशानी न होने पाए। इस दौरान विधायक व बीडीओ ने सचिवों तथा प्रधानों के साथ गौशालाओं में वृक्षारोपण भी किया।

# स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग में किया गया वृक्षारोपण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


कार्यक्रम में मौजूद नर्सिंग छात्रायें

विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सरैया में पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता को समर्पित भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत माता तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

आए हुए अतिथियों का संस्था डायरेक्टर डॉ0 सचिन दुबे ने स्वागत किया। पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अतिथियों ने स्वयं जागरूकता रैली में सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। कॉलेज परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में भी अतिथियों एवं प्रबंधन समिति ने सहभागिता कर वृक्षारोपण किया। इस दौरान सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। अतिथि सुधेश दुबे ने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण ही मानव जीवन की आधारशिला है। उन्होंने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। श्वेता दुबे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए जल संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित अभियान को बढ़ावा देने पर बल दिया। संस्था चेयरमैन एवं जिला उपाध्यक्ष अनुराग दुबे ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व प्रशासनिक अधिकारी सिंचाई विभाग सुधेश दुबे, वीके गंगवार, आदित्य मिश्रा, सुभाष वर्मा, अनुराग दुबे, डायरेक्टर डॉ0 सचिन दुबे, प्राचार्य, स्टाफएवं समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# विश्वनाथ सामाजिक संस्थान ने मनाया पर्यावरण दिवस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


पोस्टर के साथ मौजूद विद्यार्थी

विश्वनाथ सामाजिक संस्थान द्वारा संचालित एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा प्रकृति संरक्षण के महत्व को समझाना था।

विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण विषय पर पोस्टर निर्माण एवं मॉडल प्रस्तुतीकरण किया गया। पोस्टर निर्माण गतिविधि में अर्पित, आदित्य आर्यन, मयंक गुप्ता, संध्या, सपना, तनिष्का, प्रज्ञा, शिवांगी, अनुष्का, विनय, अनन्य, प्रिंस वर्मा, गणेश मिश्रा, परी मिश्रा एवं प्रिंस बाजपेयी ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण का संदेश दिया। मॉडल प्रस्तुतीकरण में अभि अग्निहोत्री, सपना, बांदिनी दुबे, अनुष्का कुशवाहा एवं आयुष द्विवेदी ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न विषयों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं आकांक्षा ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी को प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, स्वच्छता बनाए रखने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया। संचालन सुपर्णा मिश्रा ने किया तथा फाल्गुनी भैरवानी ने व्यवस्था में सहयोग किया। इस अवसर पर राधिका सोमवंशी, शैलेन्द्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर कढ़िउली गौशाला में किया गया वृक्षारोपण

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम कढ़िउली स्थित गौशाला में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत सदस्य यशवीर सिंह आर्य ने मुख्य अतिथि के रूप में गौशाला परिसर में छायादार और फलदार पौधे लगाए। यशवीर सिंह आर्य ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्ष जीवन का मुख्य आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से निपटने का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पेड़ लगाना और उनका संरक्षण करना है। आर्य ने बताया कि कढ़िउली गौशाला में वृक्षारोपण का उद्देश्य केवल पर्यावरण को शुद्ध करना नहीं है, बल्कि भविष्य में इन वृक्षों से गोवंश को भी शीतल छाया और अनुकूल वातावरण मिलेगा। उन्होंने गोवंश के चारे-पानी और रख-रखाव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान शैलेंद्र सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 भूपेंद्र वर्मा, बबलू यादव, दीपक, ग्राम पंचायत अधिकारी प्रवीण कुमार, गौरव, अमित राठौर आदि मौजूद रहे।


वृक्षारोपण करते यशवीर आर्य

## सेंट्रल बैंक द्वारा गोष्ठी एवं ऋण वितरण आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जनरल मैनेजर पंकज कुमार केंद्रीय कार्यालय मुंबई से आकर रिजनल मैनेजर इटावा ब्रजभान सिंह के साथ विकास भवन फतेहगढ़ में गोष्ठी में भाग लेंगे। कृषि एवं कृषि उद्योगों संबंधित बैंक द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत वित्तीय सहायता हेतु गोष्ठी संपन्न होगी। साथ ही ऋण वितरण कैम्प का आयोजन शनिवार ६ जून को विकास भवन सभागार में सम्पन्न होगा। यह जानकारी सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया फतेहगढ़ शाखा के मैनेजर विकास वर्मा ने दी है।

# बिजली की महंगी दरों व स्मार्ट मीटर लूट के खिलाफ आप ने किया प्रदर्शन


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते नेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में व्याप्त भीषण बिजली संकट, अघोषित बिजली कटौती, महंगी बिजली दरों तथा स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष इं0 नीरज प्रताप शाक्य के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिलाध्यक्ष नीरज प्रताप शाक्य ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में प्रदेश की जनता बिजली संकट से त्रस्त है। अनेक जिलों में 22 से 48 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बिजली व्यवस्था सुधारने के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। स्मार्ट मीटर व्यवस्था को भी जनता के लिए परेशानी का कारण बताते हुए कहा कि प्रदेशभर से फर्जी बिलिंग, गलत रीडिंग और कई गुना बढ़े हुए बिजली बिलों की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। लाखों उपभोक्ता आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं, लेकिन उनकी शिकायतों का प्रभावी समाधान नहीं किया जा रहा है। जल्द से जल्द आगामी 10 प्रतिशत बिजली बढ़ोतरी को तत्काल समाप्त कर 24 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग की। इस अवसर पर नवीन शाक्य, अलबेला, अंकुश सिंह, राजपाल यादव, प्रताप सिंह यादव, कंचन यादव, कृष्णपाल सिंह, राघवेंद्र यादव, प्रशांत सिंह, अजय कुमार शाक्य, अंकित शाक्य, कमलेश शर्मा, वीके सिंह दिवाकर, जगतपाल सिंह बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जीएसटी अधिकारियों ने व्यापारियों को संवाद कार्यक्रम के तहत किया जागरुक


स्वागत के दौरान मौजूद जीएसटी अधिकारी व व्यापारी

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह पिंटू यादव के नेतृत्व में जीएसटी संवाद कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

व्यापारी संवाद कार्यक्रम सीपी सभागार जीएसटी संबन्धित कार्यक्रम आयोजन हुआ। जीएसटी विभाग ग्रेड-1 के अपरआयुक्त एचपी राव दीक्षित एवं ग्रेड 2 अपील के अपर आयुक्त राकेश कुमार, जीएसटी डिप्टी कमिश्नर हिम्मत सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर सचल दल अमित त्यागी, राज्य कर अधिकारी विवेक त्रिपाठी, अशोक कुमार सिंह ने जीएसटी संबंधित व्यापारी हितों को ध्यान में रखते हुए कई विषयों पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने जीएसटी में आ रही कठिनाइयों और जीएसटी के बारे में जानकारियां दी। उन्होंने व्यापारियों से कहा व्यापारियों से राजस्व संग्रह किया जाता है। जिससे एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव हो पाता है। उन्होंने कहा जीएसटी के नियमों का पालन करने में ही व्यापारियों का हित है। नगर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह पिंटू यादव ने उनको नगर भ्रमण भी कराया। जिलाध्यक्ष सुबोध गुप्ता मंसाराम एवं नगर अध्यक्ष योगेंद्र यादव ने जीएसटी अधिकारियों को धार्मिक स्थल ले जाकर पूजा अर्चना कर दर्शन भी कराये। मुख्य अतिथियों का व्यापारियों ने फूलमालाओं के साथ स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इस मौके पर योगेंद्र सिंह पिंटू यादव, सूरजपाल यादव, अनुराग कौशल, विजय कुमार, जयन्द सिंह यादव, शैलेश गुप्ता, अंकुर मिश्रा, मनीष अरोड़ा, श्यामू गुप्ता, मनोज गुप्ता, गौरव अग्रवाल, हिमांशु शर्मा, शरद कुमार, सुभाष गुप्ता, विजय गुप्ता, दिनेश गंगवार, अमोल यादव आदि उपस्थित रहे।

## माय भारत द्वारा छाया व फलदार लगाये गये पौधे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय वित्तीय लेखा सहायक सोनम सचान निर्देशानुसार युवा क्लब अध्यक्ष रचना के संयोजक में माय भारत द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर डिवाइन लाइट पब्लिक स्कूल कुटरा फतेहगढ़ में वृहद वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमित सक्सेना एवं विशिष्ट अतिथि शिवानी कटियार, प्रधानाचार्य राकेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कर किया गया। माय भारत केंद्र के प्रेम शंकर श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। साँसें हो रही हैं कम, आओ पेड़ लगाएं हम, थीम पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में नीम, आम, अमरूद, जामुन एवं अन्य छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण पर नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता एवं शपथ ग्रहण का आयोजन भी किया गया। सभी प्रतिभागियों ने एक-एक पौधा गोद लेकर उसकी देखभाल का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के इस दौर में पेड़ लगाना केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। राहुल वर्मा ने कहा कि माय भारत का उद्देश्य युवाओं को पर्यावरण संरक्षण से जोड़कर स्वच्छ और हरित भारत का निर्माण करना है। इस अवसर पर धीरज, सत्या, मिष्टी, एंजेला, मनीष, प्रियंका, सुप्रिया आदि मौजूद रहे।



वृक्षारोपण करते लोग

# इंटर्नशिप के तहत विधिक छात्रों को केंद्रीय कारागार का कराया भ्रमण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


विधिक छात्रों को जानकारी देते जेल अधीक्षक

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में न्यायालय परिसर में माह जून के लिए समर इंटर्नशिप प्रोग्राम का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है।

इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव बिंदिया भटनागर के नेतृत्व एवं कुशल समन्वय में लॉ कॉलेज के एललबी 3 वर्षीय/5 वर्षीय एवं एलएल0एम0 पाठ्यक्रम के चयनित 18 छात्र-छात्राओं इंटर्न्स के दल द्वारा केन्द्रीय कारागार फतेहगढ़ का भ्रमण किया गया। भ्रमण में सचिव के साथ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट काउंसिल प्रशान्त गुप्ता तथा असिस्टेंट काउंसिल सीता सिंह भी मौजूद रही। भ्रमण के दौरान केंद्रीय कारागार वरिष्ठ अधीक्षक आशीष तिवारी, उपकारापाल कृष्ण कुमार, उपकारापाल दीपक कुमार जयन्त आदि उपस्थित मिले। सचिव की उपस्थिति में विधि प्रशिक्षुओं इंटर्स के दल द्वारा केन्द्रीय कारागार का विधिक निरीक्षण एवं विस्तृत भ्रमण किया गया और बंदियों की दिनचर्या के बारे में अवगत कराया गया। इंटर्नशिप का मुख्य उद्देश्य विधि के छात्रों को विधिक सेवा संस्थानों की बास्तविक कार्यप्रणाली, जैसे लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, विधिक सहायता क्लिनिक, मध्यस्थता केंद्र, जिला न्यायालयों के क्रिमिनल कोर्स, तथा जिला कारागार के व्यावहारिक संचालन से रूबरू कराना है। छात्रों ने जेल परिसर में स्थापित विधिक सहायता क्लिनिक का निरीक्षण किया। जेल स्टाफ एवं विधिक क्लिनिक के प्रभारियों द्वारा छात्र-छात्राओं के विभिन्न कानूनी प्रश्नों, जैसे बंदियों की रिमांड अवधिश, अंडर-ट्रायल रिव्यू कमेटी की कार्यप्रणाली आदि शंकाओं का समाधान किया गया। सभी छात्रों ने पूर्ण अनुशासन बनाए रखते हुए कारागार की विधिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था का संवेदनशीलता के साथ अपना अध्ययन पूर्ण किया।

## जन शिक्षण संस्थान द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण का दिया संदेश


वृक्षारोपण के दौरान मौजूद लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जन शिक्षण संस्थान द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन महावीरगंज में सम्पन्न हुई। कार्यवाहक निदेशक मनोज कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि विश्व पर्यावरण हमें यह संदेश देता है कि पृथ्वी को सुरक्षित एवं हरा-भरा बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। हम संकल्प लें, कि प्रकृति को संरक्षित करेंगे, पर्यावरण को स्वच्छ रखेंगे एवं बेहतर भविष्य का निर्माण करेंगे। विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष 5 जून को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के महत्व प्रति जागरूक करना एवं प्रकृति के संरक्षण के लिए जागरूक करना है, सपर्यावरण की रक्षा के लिए हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना चाहिए, जल बिजली की बचत कर कचरे का उचित प्रबंध करना चाहिए। इस अवसर पर संजीव, अभय, मृदुल, दीपक, अर्चना, रंजना, पूजा, साधना, पारुल, प्रिया, मंजू आदि लोग उपस्थित रहे।

# पर्यावरण दिवस पर भाजपा नेताओं ने रोपे पौधे


वृक्षारोपण के दौरान मौजूद भाजपा नेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विश्व पर्यावरण दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे जनपद में सभी मंडलों, शक्ति केंद्रों, ब्लॉकों एवं बूथों पर पौधारोपण किया गया। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने जहानगंज मार्ग स्थित राजपूताना पब्लिक स्कूल में पौधारोपण किया। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया विश्व पर्यावरण दिवस पर संगठन द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया है, जिसके अंतर्गत जनपद के सभी मंडलों, शक्ति केंद्रों, बूथों एवं ब्लाकों पर कार्यकर्ताओं ने अभियान को सफल बनाने का कार्य किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने इस अभियान के अंतर्गत पौधा रोपित किए हैं। वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है, पेड़ हमें ऑक्सीजन के माध्यम से जीवनदायिनी देते हैं। वातावरण के संतुलन को बनाए रखते हैं। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह राठौर, सत्यपाल सिंह, रूपेश गुप्ता, डीएस राठौर, वीरेंद्र कठेरिया, अभिषेक बाथम, संजीव गुप्ता, अभिषेक बाजपेई, पंकज पाल, योगेंद्र सिंह चौहान, कृष्ण मुरारी राजपूत, आशीष दुबे, श्याम कुमार तिवारी, अनूप कुमार आदि लोग मौजूद रहे। कायमगंज ग्रामीण मंडल में जिला महामंत्री अमरदीप दीक्षित ने वृक्षारोपण किया। उन्होंने सीपी विद्या निकेतन स्कूल एवं हनुमानगढ़ी मंदिर में पौधारोपित किए। इस अवसर पर महेंद्र राजपूत, मनोज गंगवार, ऋषिपाल सिंह सिसोदिया, मनोज चौहान, श्याम सिंह शाक्य, आलोक आदि लोग मौजूद रहे।

## सीपी विद्या निकेतन विद्यालय में हुआ वृक्षारोपण

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। सीपी विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एक पेड़ माँ के नाम के अन्तर्गत डॉ. मिथिलेश अग्रवाल, भाजपा नेता अमरदीप दीक्षित, मनोज गंगवार, महेन्द्र सिंह राजपूत, ऋषिपाल सिसौदिया ने वृक्षारोपण किया। संगोष्ठी में वृक्षारोपण के साथ-साथ इनके संरक्षण पर बल दिया गया। प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए हमारे भविष्य के लिए के अन्तर्गत जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन जैसी बड़ी चुनौती का सबसे असरदार समाधान कृत्रिम तकनीक से नहीं बल्कि प्रकृति आधारित समाधान से मिलेगा। सबसे बड़ी तकनीक तो प्रकृति खुद है पेड़ हवा साफ करते हैं, नदियाँ जीवन देती हैं। अगर हम प्रकृति के तरीके अपनायें तो जलवायु परिवर्तन जैसी बड़ी समस्याओं से लड़ा जा सकता है। सच यह है कि पर्यावरण हमारे जीवन का वह व्यापक तन्त्र है जिसमें हवा, पानी, मिट्टी, नदियाँ, जैव विविधतायें और जलवायु सब शामिल हैं, जिस पर हमारी खेती, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य व भविष्य निर्भर करता है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश चन्द्र तिवारी, उप-प्रधानाचार्य मनोज कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 विजय बाबू गुप्ता, अनिल सिंह तोमर, वीर सिंह शाक्य, उमेश चन्द्र दीक्षित, सुमित पाण्डेय, नीलकमल आदि उपस्थित रहे।


वृक्षारोपण करते पदाधिकारी

# शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान ने मनाया पर्यावरण दिवस

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।


वृक्षारोपण के दौरान मौजूद विद्यालय स्टाफ

शकुंतला देवी शिक्षण संस्थान विद्यालय की प्रबन्धिका, प्रधानाचार्य व समस्त शिक्षक व शिक्षिकाओं ने पर्यावरण दिवस पर कम्पिल नगरी के रामेश्वरम मन्दिर से अटैना मार्ग पर पड़ने वाले कई ग्राम में अलग-अलग पौधे लगाये। जिससे वहां से गुजरने वाले राहगीरों को छाया मिल सके तथा हमारा पर्यावरण बचा रहे।

प्रबन्धिका ने नागरिकों को पर्यावरण के बारे बताया कि वृक्ष हमारे मित्र हैं, इनका संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है। प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को बताया कि परि एवं आवरण अर्थात हमारे चारों ओर का वनस्पतियों, जीवधारियों एवं हरे जंगलों से घिरा हुआ परिवेश है। यह हमारे जीवन का मूल अस्तित्व है। आज के समय में यदि शुद्ध वातावरण में सांस लेना है तो प्रत्येक मनुष्य का नैतिक दायित्व है कि वह प्राकृतिक सन्तुलन को ध्यान में रखते हुए कार्य करे एवं 5-5 पेड अवश्य लगायें। हम सभी को पेड़ों के अस्तित्व को बचाने की शपथ लेनी होगी, जिससे हम अपना पर्यावरण सुरक्षित रख सकें। उन्हाने कहा कि हर परिवार का मुखिया अपने परिवार के सदस्यों से एक एक पेड़ अवश्य लगवाये।

इस दौरान सन्तोष शर्मा, ममता सिंह, लक्ष्मी गंगवार, विकास श्रीवास्तव, शायना खान, शशांक शुक्ला, सुरभि श्रीवास्तव, भूमिका सक्सेना, मोनी भारद्वाज, मनोज कुमार, गुंजन पाल, फलक, रेशमा आदि मौजूद रहीं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बच्चों ने बुलंद की पर्यावरण रक्षा की आवाज



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व बच्चे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

संस्कार भारती कार्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर बच्चों ने वर्तमान समय में पूरी दुनिया में बढ़ते पर्यावरण संकट पर चित्रकला, निबंध, भाषण एवं नाटक के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद की। कार्यक्रम का शुभारंभ लोहाई रोड स्थित कनोडिया कॉलेज में सरस्वती पूजन एवं ध्येय गीत के साथ किया गया। बच्चों ने श्धरती पर पेड़ लगाओ भैया, पेड़ बचाओ भैया के नारे के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि पर्यावरणविद् श्वेता दुबे ने वैदिक युग से आधुनिक युग तक के विकास में प्रकृति के पांच तत्व-क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर की संरचना को समझने का आवाह्न किया। स्वदेश दुबे ने पर्यावरण बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने, जल बचाने और दैनिक उपयोग में प्लास्टिक का प्रयोग कम करने पर बल दिया। कार्यक्रम संयोजक अनुभव सारस्वत ने सभी का स्वागत किया और अर्पण शाक्य ने बच्चों को चित्रकला के माध्यम से पर्यावरण रक्षा का संकल्प दिलाया। आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में अनुराधा प्रथम, तनिषा गुप्ता द्वितीय और समृद्धि मिश्रा तृतीय रहीं। चित्रकला जूनियर वर्ग में कार्तिक प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय और भावना तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि सीनियर वर्ग में श्रद्धा पांडे प्रथम, सामान्य द्वितीय और महिमा अवस्थी तृतीय रहीं। भाषण प्रतियोगिता में मन्नत, वैष्णवी, निधि शुक्ला, श्रद्धा पांडे और शिवान्या मिश्रा ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। संचालन गौरव मिश्रा बंटी ने किया। पर्यावरण जिला संयोजक पंकज वर्मा ने पांच प्रण के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर दीपक रंजन सक्सेना, कुलभूषण श्रीवास्तव, रविंद्र भदोरिया, अनुराग पांडे, रिंकू, कुलदीप शर्मा, भावना गुप्ता, शिवानंद त्रिवेदी, रजनी लोकवाणी, कोमल शर्मा, अजय दीक्षित, गुड्डू पंडित, संजय गर्ग, दिनेश अवस्थी उपस्थित रहे। समापन वंदे मातरम के साथ हुआ। जिलाध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह राठौड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष करेंगे अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण

**महाकुंभ रैली में भीड़ जुटाने का आवाह्न**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


जानकारी देते कुलदीप पाल

लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा अनावरण व महाकुंभ रैली में भीड़ जुटाने का आवाह्न किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सेन्ट्रल जेल चौराहा स्थित अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण होगा। साथ ही सातनपुर आलू मण्डी में महाकुंभ रैली आयोजित होगी। मसेनी लोको रोड स्थित अपने निवास पर कार्यक्रम के आयोजक कुलदीप पाल ने पत्रकारों वार्ता में बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी होंगे। उनके साथ अतिथि के रुप में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो0 एस.पी. सिंह बघेल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कानपुर बुंदेलखण्ड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष 11 बजे जनपद में पहुंचकर अपने साथी एसपी सिंह बघेल के साथ नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल के साथ प्रतिमा का उद्घाटन करेंगे। साथ ही महाकुंभ रैली मण्डी में आयोजित होगी। जिसमें जनपद से ज्यादा से ज्यादा लोगों को पहुंचने की अपील की है। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह व राज्य मंत्री अजीत पाल, सांसद मुकेश राजपूत व विधायक पूजा पाल के अलावा भाजपा नेता, विधायक, प्रेमपाल धनगर, जिला प्रभारी शिव महेश दुबे, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव के अलावा एमएलसी प्रांशुदत्त द्विवेदी, विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, नागेन्द्र सिंह राठौर, सुशील शाक्य, डॉ. सुरभि विशिष्ठ अतिथि के रुप में भाग लेंगी। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री अयोध्या प्रसाद पाल, मुखलाल पाल, सतीश पाल, राकेश पाल, शुभम पाल, राजाभैया पाल, राहुल पाल, डॉ. जितेन्द्र व्यास, अनिल पाल आदि लोग भाग लेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर व्यवस्था पूर्ण हो गयी है। देर रात तक टेंट व मंच का कार्य पूरा कर लिया गया। कुलदीप पाल ने मुख्य रुप से चेयरमैन वत्सला अग्रवाल का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने पालिका की ओर से अहिल्याबाई पार्क बनवाकर समाज को गौरवांवित किया है। इस मौके पर त्रिलोकीनाथ पाल आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### विवाहिता की संदिग्ध मौत से हड़कंप, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप



**निघासन, खीरी।** पढ़ुआ थाना क्षेत्र के ढखेरवा खालसा गांव में शुक्रवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष मौके पर पहुंच गया और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सिंगाही थाना क्षेत्र के झाला मोहल्ला निवासी सिराजुद्दीन की 25 वर्षीय पुत्री शहनाज का विवाह करीब पांच वर्ष पूर्व ढखेरवा खालसा निवासी रबिन पुत्र मैकू के साथ हुआ था। शुक्रवार सुबह गांव के लोगों ने शहनाज की मौत की सूचना उसके मायके पक्ष को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतका के परिजनों का आरोप है कि शहनाज की हत्या की गई है। उनका कहना है कि शव के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं, जिससे घटना संदिग्ध प्रतीत होती है। परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर पहुंची पढ़ुआ थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। थाना प्रभारी मोहित पुंडीर ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। वहीं क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। महिला के शरीर पर मिले चोट के निशानों को देखते हुए हत्या की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। शव का मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों की तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट होगी।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पुलिस अधीक्षक ने किया वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया सशक्त संदेश



**महराजगंज।** विश्व पर्यावरण दिवस–2026 के अवसर पर जनपद महराजगंज में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर स्वच्छ, हरित एवं संतुलित पर्यावरण के निर्माण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की सुंदरता बढ़ाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व का आधार भी हैं। वृक्ष हमें शुद्ध वायु, जल संरक्षण, जैव विविधता तथा जलवायु संतुलन प्रदान करते हैं। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बना, बल्कि समाज को प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा भी प्रदान कर गया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर हलिया गौशाला में वृक्षारोपण, ग्राम प्रधान समेत कर्मचारियों ने लगाए पौधे

**हलिया (मीरजापुर)।** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर हलिया गौशाला परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुक्रवार को ग्राम प्रधान शिवबाबू सेठ तकनीकी सहायक पसंद कुमार, रोजगार सेवक अहमद रजा, पंचायत सहायक रामलोचन सहित गौशाला के कर्मचारियों ने मिलकर पौधे रोपित किए। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ, सुरक्षित जलवायु थीम वाले बैनर के नीचे सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। बैनर पर विश्व पर्यावरण दिवस 2026 और 01 जून से 05 जून तक चलने वाले अभियान की जानकारी भी दी गई थी। ग्राम प्रधान शिवबाबू सेठ ने कहा कि गौशाला परिसर को हरा–भरा बनाने के साथ–साथ ग्रामीणों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। रोपे गए पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी भी कर्मचारियों को सौंपी गई। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गौशाला जैसे सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण से पर्यावरण को लाभ मिलेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली बचेगी।

### पुलिस लाइन में बनेगा आधुनिक बहुमंजिला आवासीय भवन, एसपी ने किया भूमिपूजन

**महराजगंज।** जनपद के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवासीय जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर में प्रस्तावित टाइप–3 आवासीय भवन का विधिवत भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा–अर्चना संपन्न हुई तथा निर्माण कार्य के सफल एवं समयबद्ध पूर्ण होने की कामना की गई। भूमिपूजन के बाद पुलिस अधीक्षक ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकताओं में शामिल है, जिससे वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन और अधिक समर्पण एवं दक्षता के साथ कर सकें। प्रस्तावित टाइप–3 आवासीय भवन कुल 08 फ्लोर का होगा, जिसमें 32 आधुनिक आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाएगा। इन आवासों में आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया जाएगा, जिससे पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ–साथ उनके परिवारों को भी सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर आवासीय वातावरण प्राप्त होगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से पुलिस कर्मियों की आवास संबंधी समस्याओं में काफी हद तक राहत मिलेगी तथा उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा। साथ ही बेहतर आवासीय सुविधाएं पुलिस बल के मनोबल एवं कार्यक्षमता को भी नई ऊर्जा प्रदान करेंगी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, क्षेत्राधिकारी लाइन अनुरुद्ध कुमार सिंह सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को पुलिस कल्याण की दिशा में एक सराहनीय पहल बताते हुए इसकी सफलता की कामना की।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर डीएम एवं एसपी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**प्रतापगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर एवं मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी ने पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के आधार हैं। पेड़–पौधे हमें शुद्ध ऑक्सीजन, छाया, फल–फूल तथा स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं। इनके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पौधारोपण करके हम केवल वर्तमान ही नहीं, बल्कि भविष्य को भी सुरक्षित करते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल सुनिश्चित करने का आग्रह किया।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने भी लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति का छोटा–सा प्रयास प्रकृति को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।अंत में जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि आगामी वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधे लगाएं, उनकी नियमित देखभाल करें तथा प्रतापगढ़ को हरित, स्वच्छ और पर्यावरण के प्रति जागरूक जनपद बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक वृजनन्दन राय व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# तीन फीट जमीन के विवाद में मासूम की हत्या, मां पर भी हमला

**सोते समय घर में घुसे आरोपित, मां को दबोचकर आठ वर्षीय बालक का चाकू से गला काटने का आरोप**

**निघासन निघासन, समृद्धि न्यूज़।**



निघासन कोतवाली क्षेत्र के तारा नगर गांव में आबादी की महज तीन फीट जमीन को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद ने शुक्रवार तड़के खूनी रूप ले लिया। आरोप है कि दो परिवार वालो ने घर में घुसकर आठ वर्षीय बालक की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। बेटे को बचाने दौड़ी मां पर भी धारदार हथियार से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वारदात के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। तारा नगर निवासी ज्ञानवती का अपने देवर पक्ष के लोगों से आबादी की जमीन को लेकर पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि इसी विवाद के चलते दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था। ज्ञानवती के पति रामप्रसाद मानसिक रूप से अस्वस्थ बताए जाते हैं, जिसके कारण परिवार की जिम्मेदारी ज्ञानवती ही मजदूरी कर निभा रही थीं। पीड़िता के अनुसार गुरुवार रात वह अपने आठ वर्षीय पुत्र रवि के साथ छप्परनुमा घर में तख्त पर सो रही थीं,

> निघासन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अवध राज सिंह सेंगर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है और आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

जबकि पास में उनकी सास जयश्री भी लेटी थीं। देर रात करीब पौने दो बजे उन्हें किसी की आहट महसूस हुई। उन्होंने टॉर्च जलाकर देखा, लेकिन कोई दिखाई नहीं दिया। कुछ देर बाद दो लोग घर के पास पहुंचे। आरोप है कि एक व्यक्ति ने उन्हें पीछे से पकड़ लिया, जबकि दूसरे ने सो रहे रवि पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उसका गला काट दिया। बेटे को बचाने के प्रयास में

> निघासन क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार ने बताया कि एक आठ वर्षीय बालक की धारदार हथियार से हत्या की गई है। प्रथम दृष्टया जमीन विवाद का मामला सामने आया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया।

ज्ञानवती बीच में आईं तो आरोपितों ने उनकी गर्दन और हाथ पर भी धारदार हथियार से वार कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे, तब तक आरोपित फरार हो चुके थे। घटना के बाद परिजन घायल मां और बालक को उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही रवि ने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत की सूचना मिलते ही गांव में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर निघासन पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया, जबकि घायल महिला का उपचार कराया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि परिवार के बीच आबादी की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। पुलिस इसी विवाद को हत्या की मुख्य वजह मानकर जांच कर रही है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर गौशाला परिसर में हुआ पौधरोपण



**निघासन खीरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को निघासन विकास खंड की रकेहटी देहात स्थित अस्थायी गौशाला परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बीडीओ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण के साथ–साथ उनकी देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक पौधा लगाना केवल पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने का प्रयास भी है।

# आजादी के सात दशक बाद भी नहीं बदली तीन ग्राम पंचायतों की तस्वीर

**बिजली, सड़क, शिक्षा, मोबाइल का वर्षों से सपना देख रहे ग्रामीण**

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

देश की आजादी के सात दशक बीतने के बाद भी बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र की तीन ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जहां के बाशिंदे आज भी बिजली, सड़क, अस्पताल, मोबाइल टावर, स्कूल जैसी मूल सुविधाओं से वंचित हैं। जिला प्रशासन और नेताओं से कई बार शिकायत के बावजूद इन ग्राम पंचायतों की ओर किसी ने ध्यान तक नहीं दिया जिससे यहां के ग्रामीणों में नाराजगी है। कस्बा भीरा से लगभग 10 किलोमीटर पश्चिम में ग्राम पंचायत किशनपुर, ग्राम पंचायत कांप, ग्राम पंचायत एलनगंज व उनके कई मजरों में आज भी मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंच पाईं हैं।



लगभग 15 हजार की आबादी वाले इन गांवों में आज भी लोग मोबाइल टावर, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। इन गांवों में चार पहिया वाहन से तो दूर की बात है दो पहिया वाहन से भी जाना महंगा पड़ता है। गांव के लोग आजादी के सात दशक बाद भी उपेक्षा के चलते मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं। ग्रामीणों की मानें तो आजादी के 78वर्ष बीत जाने के बाद भी इन गांवों तक पक्की सड़क नहीं बन पाई है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके द्वारा समस्या से कई बार जनपद के प्रतिनिधियों, सांसद, विधायक व जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। समस्या का समाधान न होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। गांव में आने जाने के लिए सुविधा न होने के कारण बीमार लोगों को आपात स्थिति में एंबुलेंस की आवश्यकता होने पर एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती इस स्थिति में ग्रामीणों द्वारा बाइक या अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से बीमार मरीज व गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक पहुंचाते हैं कभी-कभी स्वास्थ्य सेवाओं के दूर होने के कारण गंभीर मरीज मार्ग में ही दम तोड़ देते हैं। गांव में बिजली न होने की वजह से ग्रामीण एलइडी सोलर सिस्टम व कैंडिल पर आश्रित हैं व गांव के अधिकतर लोग अंधेरे में जिंदगी जीने को विवश हैं। हाल ही में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि क्षेत्र में सड़क बिजली पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।



यह क्षेत्र आज भी सड़क बिजली और संचार सुविधाओं से वंचित है बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। क्षेत्र के गांव टापू बन जाते हैं। समस्याओं को लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उम्मीद है कि शासन स्तर से शीघ्र ही कोई ठोस कदम उठाया जाएगा जिससे लोगों को राहत मिल सकेगी।

**जयप्रकाश सिंह प्रधान ग्राम पंचायत एलनगंज**



ग्राम पंचायत में सड़क बिजली मोबाइल नेटवर्क और अन्य मूलभूत सुविधाओं की समस्या लंबे समय से है। पंचायत स्तर से कई बार संबंधित विभागों और उच्च अधिकारियों को प्रस्ताव एवं मांग पत्र भेजे गए हैं। ग्रामीणों की परेशानियों को देखते हुए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि क्षेत्र में शीघ्र ही विकास कार्य शुरू हो और लोगों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल सके।

**जयप्रकाश प्रधान ग्राम पंचायत कांप**



आजादी के इतने वर्षों बाद भी हमारे गांव तक पक्की सड़क और बिजली नहीं पहुंची है। बरसात में निकलना बेहद मुश्किल हो जाता है। वर्षों से चली आ रही समस्या का समाधान आज तक नहीं हो सका है।

**नरेंद्र सिंह**



हमारे बच्चे अच्छी शिक्षा और सुविधाओं से वंचित हैं। गांव में बुनियादी आवश्यकताओं न होने से लोगों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। सरकार और प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

**रामसेवक सिंह**

## विश्व पर्यावरण दिवस पर हलिया रेंज में 40 हे. भूमि पर रोपे गए 64,000 पौधे



**हलिया (मीरजापुर)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण महायज्ञ 2026 के तहत हलिया रेंज के अंतर्गत उमरिया एक बैधा दस हेक्टयर भूमि पर समाजसेवी सुधीर सिंह व मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी, वन्यजीव प्रतिपालक भास्कर प्रसाद पाण्डेय रेंजर संतोष कुमार राय,ने पीपल बरगद, पाकर के पौध रोपित कर शुभारम्भ किया है इसी प्रकार परसिया तीन औरा दस हेक्टेयर, हर्रा पांच डी गुर्गी सहित कुल 40 हेक्टेयर भूमि पर वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 64,000 पौधे रोपित किए गए ।वन विभाग के अधिकारियों और स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर पौधरोपण में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाना और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करना बताया गया। रोपे गए पौधों में पीपल, बरगद, पाकर, इमली, महुआ, सहजन सागवान, शीशम, नीम, अर्जुन और फलदार प्रजातियों के पौधे शामिल थे। वन अधिकारियों ने कहा कि इन पौधों की सुरक्षा और देखभाल के लिए स्थानीय लोगों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे पौधों को अपना मानकर उनकी रक्षा करें ताकि आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र घने जंगल में तब्दील हो सके ।ग्रामीणों ने भी अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता दिखाई। इस दौरान वन दरोगा नीटू शर्मा, फारेस्ट गार्ड शीतला बक्स सिंह, अंकुर शुक्ल, शिवम सिंह, बबलू सिंह आदि मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर गोला तहसील में हुआ पौधरोपण, अधिकारियों ने दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोला तहसील आवास परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) प्रतीक्षा त्रिपाठी, तहसीलदार भीमचंद्र और नायब तहसीलदार ताहिर परवेज सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं और पत्रकारों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अधिकारियों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया। तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने पौधारोपण कर की। इसके बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और हरित वातावरण को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की एक विशेष झलक नायब तहसीलदार



ताहिर परवेज की पुत्री जन्नत फातिमा की सहभागिता रही। नन्ही जन्नत ने भी उत्साह के साथ पौधा रोपकर उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की भावना बचपन से विकसित करना समय की आवश्यकता है और बच्चों की भागीदारी इस अभियान को और अधिक सार्थक बनाती है। इस अवसर पर एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अमूल्य हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। तहसीलदार भीमचंद्र ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। यदि प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में एक पौधा भी लगाकर उसकी देखभाल करे तो आने वाले वर्षों में पर्यावरण संबंधी समस्याओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है। वहीं नायब तहसीलदार ताहिर परवेज ने कहा कि प्रशासन द्वारा तहसील परिसर को हरित और स्वच्छ बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं, जिन्हें आगे भी जारी रखा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कानूनगो अरुणेश मिश्रा, लेखपाल रमेश कुमार सहित अन्य राजस्व कर्मियों ने भी पौधे लगाए और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। अधिवक्ताओं और पत्रकारों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा का हरित संकल्प, पंकज चौधरी ने किया पौधरोपण, मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियां गिनाईं

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महराजगंज में भारतीय जनता पार्टी ने पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार की उपलब्धियों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने नवीन मंडी परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान और हरित विकास को लेकर केंद्र सरकार द्वारा किए गए प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा



आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता जरूरी है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए पंकज चौधरी ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों को स्मरण करने और उन्हें निभाने का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पर्यावरण संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसकी सराहना पूरी दुनिया कर रही है।उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से सौर ऊर्जा के क्षेत्र में शुरू किए गए व्यापक प्रयासों का ही परिणाम है कि आज भारत वैश्विक स्तर पर सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी देशों में शामिल है। हरित ऊर्जा को बढ़ावा देकर देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पंकज चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान से जुड़कर पौधारोपण करेगा और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाएगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और हरित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। पौधारोपण अभियान के माध्यम से समाज को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का संदेश दिया गया।

### नगर पालिका गांधी पार्क में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अध्यक्ष मंसूर अहमद ने वृक्षारोपण

**चुनार, मिर्जापुर।** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर नगर पालिका के अध्यक्ष मंसूर अहमद व अधिशासी अधिकारी व सभासदों ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से वृक्षारोपण जन आंदोलन 2024-25 तथा ÷पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ÷ जन अभियान 2024 के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन संरक्षण के संकल्प के साथ समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा पौधरोपण किया गया तथा पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी विजय कुमार



यादव ने पेड़ बचाओ पेड़ लगाओ के बारे में लोगों को जानकारी दी अध्यक्ष ने कहा की विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। जाय जिसमें नीम का पेड़ अमरूद, नींबू, आंवला, कटहल, जामुन, अनार, बेल, केसिया श्यामिया एवं सहजन जैसे पौधे शामिल करे। अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव, एसआई लाल मणि यादव, सभासद करतार, सभासद गौतम जायसवाल व नपा कर्मचारी मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी का जन्मदिन मनाया

**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।** भाजपा कार्यालय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया।इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का केक काटकर मुंह मीठा कराया। योगी आदित्यनाथ की फोटो के सामने केक काटकर नारे लगाये गये। कार्यालय के अलावा जिले में कई जगहों पर योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन मनाया गया।ट्रेजरी चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ आरती एवं भंडारे का भी किया गया। इसी क्रम में रचना चतुर्वेदी के संयोजन में महिलाओं ने बाबागंज के अटल पार्क में योगी जी का जन्मदिन केक काटकर कार्यक्रम किया। सीएम



योगी के इस जन्मदिवस के कार्यक्रम पर भाजपा जिला अध्यक्ष व सदर विधायक राजेंद्र मौर्य महामंत्री राजेश मिश्रा राजन राजेश सिंह अजय सिंह सांसद प्रतिनिधि राय साहब सिंह, रजत सक्सेना, पिंकी दयाल, रुचि केशरवानी रचना चतुर्वेदी मनप्रीत कौर अंशुमान सिंह, रामासरे पाल, गजराज सिंह, आलोक गर्ग समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मंडी परिसर में पौधरोपण, विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ

**विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने किसानों को दिया आधुनिक और आत्मनिर्भर खेती का मंत्र**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महराजगंज के नवनिर्मित मंडी परिसर में पर्यावरण संरक्षण और कृषि विकास को समर्पित एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने पौधारोपण कर हरित भविष्य का संदेश दिया तथा विकसित कृषि संकल्प अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी, टिकाऊ और आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार 5 जून



से 20 जून तक पूरे जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान संचालित किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विश्वविद्यालयों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), कृषि विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की विशेषज्ञ टीमें जिले की 882 ग्राम पंचायतों तक पहुंचकर किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों, वैज्ञानिक खेती और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगी।उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती, उन्नत बीजों का उपयोग, जल संरक्षण, फसल प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा कृषि से जुड़ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा। दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि बदलते समय में कृषि को लाभकारी बनाने के लिए वैज्ञानिक सोच और आधुनिक तकनीकों को अपनाना बेहद जरूरी है। विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों को ऐसी तकनीकों से जोड़ने का माध्यम बनेगा, जिनसे उत्पादन बढ़ेगा, लागत घटेगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता की। पूरे आयोजन के दौरान पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और आधुनिक कृषि को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला।